CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

बरेली, बुधवार 24 दिसम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 25 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 3 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में विधानसभा में विपक्ष की एसआईआर पर चर्चा की मांग को सरकार ने किया खारिज पेज 2



दीप्ति शर्मा पहली बार आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर खेल टाइम्स



आवाज की दुनिया के सरताज थे मोहम्मद रफी सम्पादकीय



ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया पेज 12

# बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या का भारत में विरोध

**नई दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) देशभर में प्रदर्शन कर रही है। मंगलवार सुबह विहिप के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया।

दिल्ली के अलावा विहिप ने मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। बांग्लादेश में 18 दिसम्बर की रात हिंदू युवक दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी। पहले यह दावा किया जा रहा था कि दीपू ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी, लेकिन शुरुआती जांच में इसका कोई सबूत नहीं मिला। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह 10 दिन में दूसरी बार है, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया है। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं। बांग्लादेश ने मंगलवार को भारत में अपने राजनयिक मिशनों पर हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक इन घटनाओं के विरोध में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया गया। घटनाएं नई दिल्ली और सिलीगुड़ी में हुईं। बांग्लादेश ने कहा कि यह हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाएं अस्वीकार्य हैं।




- विश्व हिंदू परिषद ने किया देश के छह शहरों में प्रदर्शन, ढाका में भारतीय उच्चायुक्त तलब
- मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की

# यूपी टीईटी परीक्षा रद्द

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से 28 और 29 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) निरस्त कर दी गई है। आयोग की ओर से टीईटी के साथ प्रवक्ता (पीजीटी) एवं प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षाओं के कार्यक्रम जल्द जारी किए जाएंगे।

टीईटी मई के मध्य में कराने की बात भी कही जा रही है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की मंगलवार को हुई बैठक में परीक्षा नियंत्रक को इसके लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आयोग की भर्ती परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर भी तैयार किया जाए और उसी के अनुसार परीक्षाएं कराया जाना सुनिश्चित की जाए। भर्ती परीक्षाओं को लेकर आयोग में अब गतिरोध दूर होने की उम्मीद जगी है। नए अध्यक्ष प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई पहली बैठक में परीक्षाओं की तारीख, तो घोषित नहीं की गई, लेकिन इसका खाका जरूर तैयार किया गया। शीत अवकाश के बाद नए साल में आयोग खुलने पर परीक्षाओं की तारीख घोषित होने की भी उम्मीद है। आयोग की ओर से टीईटी के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन -शेष पृष्ठ दो पर

- पीजीटी- टीजीटी की नई तारीखें जल्द

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई से वांछित भगोड़े रितिक बजाज को भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल की सहायता से वापस लेकर यहां पहुंची। सीबीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल सहयोग से यूएई से भारत वापस लाया गया है। सीबीआई के अनुसार रितिक बजाज दिल्ली पुलिस को मादक पदार्थ तस्करी और आपूर्ति मामले में वांछित था। वह भारत से भाग गया था और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनबीसी) की मदद से यूएई में मिला। सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर भगोड़े को वापस लाने में मदद की। इससे पहले सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के कहने पर इंटरपोल के जरिये बजाज के खिलाफ रेड नोटिस हासिल किया था।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास को गिरफ्तार कर लिया। दास को रायपुर स्थित धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें ईडी की तीन दिन की हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित एसीबी/ईओडब्ल्यू द्वारा आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

### नहीं रहे हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल

**रायपुर।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार को रायपुर एम्स में निधन हो गया। 89 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। रायपुर एम्स में उनका इलाज चल रहा था। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें वेंटिलेटर में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। प्रसिद्ध उपन्यासकार, लेखक और कवि विनोद कुमार शुक्ल ने उपन्यास एवं काव्य विधाओं में साहित्य का शानदार सृजन किया था।

# SIR वोटर लिस्ट: मप्र में 42.74 लाख नाम कटे

## छत्तीसगढ़ में 27 लाख और केरल में 24 लाख लोगों के नाम काटे गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं। लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लिकेट पाए गए। इसके अलावा केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। इससे पहले चुनाव आयोग 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर चुका है। इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम ड्राफ्ट रोल से हटाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख और बंगाल से 58 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं। 2025 की स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार वोटर लिस्ट के मुताबिक केरल में 2.86 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर हैं। एसआईआर के तहत मतदाता सूची का 99 फीसदी से अधिक डिजिटलीकरण पूरा हो गया है और लगभग 25 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट, दावा-आपत्ति की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। राजनीतिक दलों के साथ साझा होगी। ईआरओ के फैसले के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट और फिर सीईओ के पास अपील का प्रावधान भी रहेगा। अगर किसी मतदाता के दस्तावेज रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते, तो ईआरओ नोटिस जारी -शेष पृष्ठ दो पर



- राजस्थान व बंगाल समेत 7 राज्यों से 2.70 करोड़ लोगों के हटे थे नाम

# कार्ति चिदंबरम पर कसा कानूनी शिकंजा

**नई दिल्ली।** राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कररामन के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किए जा रहे कथित चीनी वीज़ा रैकेट मामले में आरोप तय किए।

अदालत ने भास्कररामन पर मामले से संबंधित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप लगाया। दोनों आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया, जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई 16 जनवरी को तय की। सीबीआई ने विकास मखारिया को सरकारी गवाह का दर्जा दे दिया है, जिनसे अभियोजन पक्ष के मामले में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। सीबीआई की एफआईआर के अनुसार, पंजाब के मानसा स्थित एक निजी कंपनी (तलवंडी साबो पावर लिमिटेड) ने कथित तौर पर चीनी नागरिकों के लिए वीजा जारी करवाने में मदद के लिए बिचौलियों के माध्यम से 50 लाख रुपये का भुगतान किया। यह कंपनी 1,980 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट स्थापित कर रही थी, जिसका निर्माण कार्य एक चीनी कंपनी को आउटसोर्स किया गया था। परियोजना में देरी होने के कारण, कंपनी ने कथित तौर पर गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा निर्धारित वीजा सीमा से अधिक चीनी पेशेवरों को लाने की कोशिश की। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि इन प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए कंपनी के प्रतिनिधियों ने अपने सहयोगियों के माध्यम से चेन्नई स्थित एक व्यक्ति से संपर्क किया। आरोप है कि चीनी अधिकारियों को पहले दिए गए 263 प्रोजेक्ट वीजा का पुन: उपयोग करने की योजना बनाई गई, जिससे गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित सीमा को प्रभावी ढंग से दरकिनार किया जा सके। इसके बाद, वीजा के पुन: उपयोग की मंजूरी के लिए गृह मंत्रालय को एक अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसे एक महीने के भीतर मंजूरी मिल गई। जांचकर्ताओं के अनुसार, चेन्नई स्थित व्यक्ति ने 50 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की, जिसे पंजाब स्थित फर्म ने अदा किया।



- राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने चीनी वीजा घोटाले में कांग्रेस नेता के खिलाफ आरोप तय किए

# अंकिता भंडारी हत्याकांड की न्यायालय की निगरानी में हो सीबीआई जांच: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** कांग्रेस ने उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की व्यापक पड़ताल आवश्यक बताते हुए इस घटना की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो-सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन साल पुराने इस मामले में हाल में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें खुलासा हुआ है कि इस हत्याकांड में भाजपा का एक बड़ा नेता शामिल रहा है। यह खुलासा खुद को भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करने वाली एक महिला ने किया है। इस वीडियो से साफ है कि अपराधी सत्ताधारी दल का नेता है और यदि सीबीआई मामले की जांच करती है, तो वह निष्पक्ष नहीं होगी इसलिए इस पूरे प्रकरण की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराई जानी चाहिए। श्री गोदियाल ने कहा कि भाजपा के एक पूर्व विधायक की वार्ता का भी एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ा खुलासा हुआ है।

- हत्याकांड में भाजपा का एक बड़ा नेता रहा शामिल : गोदियाल

# सहारनपुर के पांच लोगों की हरियाणा में मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखपुरा कदीम निवासी पांच लोगों की हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दम घुटने से मौत हो गई है। मौत का कारण दम घुटना बताया गया है। यह सभी दो दिन पहले ही गांव से गए थे। इनमें दो सगे भाई, जीजा-साला और एक अन्य व्यक्ति शामिल है। पांच मौतों से गांव में मातम है।

शेखपुरा कदीम निवासी नूर (26) ठेकेदारी करता था। वह 21 दिसम्बर को गांव के रहने वाले सोनू (30), मदनपाल (42), रोशनपाल (45) और रामकुमार (46) को कुरुक्षेत्र ले गया था। यह सभी पेंटर का काम करते थे। सोमवार रात खाना खाने के बाद पिपली रोड स्थित होटल स्टर्लिंग रिसोर्ट में रात के समय कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए थे, लेकिन वह मंगलवार सुबह नहीं उठे। सफाईकर्मी ने देखा कि कमरे से कोई बाहर नहीं निकला है, तो उसने कमरे का दरवाजा खटखटाया फिर खिड़की से देखा तो कोई हरकत नहीं हुई। पुलिस मौके पर -शेष पृष्ठ दो पर



- कमरे में अंगीठी जलाकर सोए थे, पांचों का घुट गया दम, मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल

# भाजपा संविधान खत्म करने की साजिश रच रही: राहुल

बर्लिन, वार्ता

**लोकसभा में नेता** प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है। राहुल गांधी 17 से 19 दिसम्बर तक जर्मनी दौरे पर पहुंचे थे।

इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने सोमवार रात इस बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। वीडियो में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा राज्यों की समानता, भाषाओं की समानता और धर्मों की समानता के विचार को खत्म करने की बात कर रही है। भाजपा ने देश की संस्थाओं पर भी पूरा कब्जा कर लिया है। राहुल गांधी ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रही हैं। सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। एजेंसियां सिर्फ विपक्षी नेताओं पर केस दर्ज कर रही हैं, भाजपा नेताओं पर कोई दर्ज नहीं किया जाता। हम सिर्फ भाजपा से नहीं लड़ रहे, हम उनके भारतीय संस्थागत ढांचे और एजेंसियों पर कब्जे के खिलाफ भी लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के चुनाव जीते हैं। हमने हरियाणा का चुनाव भी जीता, इसमें कोई शक नहीं है। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया कि एक ब्राजील की महिला हरियाणा की वोटर लिस्ट में थी। जब हमने यह प्रश्न चुनाव आयोग से पूछे तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। हमें लगता है कि महाराष्ट्र के चुनाव भी निष्पक्ष नहीं थे। हम इस समय देश और दुनिया में बड़े बदलाव से गुजर रहे हैं। पहले भारत को अमेरिका के प्रभुत्व वाली दुनिया से फायदा हुआ, जहां अमेरिका दुनिया के नियम बनाता था, भले इसमें कुछ गलतियां थीं। अब अमेरिका की ताकत सेना, अर्थव्यवस्था और वित्त संबंधी मामलों में चुनौती का सामना कर रही है। साथ ही अमेरिका के अपने अंदर भी कई समस्याएं हैं। एक बड़ी चुनौती यह है कि उत्पादन का काम ज्यादातर चीन के हाथ में चला गया है।



- ईडी-सीबीआई का हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहा
- जर्मनी में बोले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष

# अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापसी की याचिका निरस्त

**ग्रेटर नोएडा।** अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई।

मामले में फास्ट-ट्रैक अदालत (एफटीसी) ने अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया। मामले में अभियोजन की ओर से लगाई गई अर्जी के लिए मंगलवार की तारीख दी थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुना। साथ ही अदालत ने कहा कि मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। साथ ही मामले में अदालत ने प्रतिदिन सुनवाई की बात कही है। इस दौरान अभियोजन को आगे गवाहों के बयान दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस आयुक्त और डीसीपी ग्रेटर नोएडा को निर्देशित किया कि अगर गवाहों को सुरक्षा की आवश्यकता है, तो उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

- केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन माना

संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मोदी ने मंगलवार को कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना जीवन समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के साथ-साथ कृषि की प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित कर दिया।

### खड़गे ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसानों के अधिकारों के लिए हमेशा आगे रहने वाले नेता के रूप में उनकी प्रशंसा की। खड़गे ने किसान दिवस पर सभी किसान भाइयों-बहनों और खेत मजदूरों को बधाई दी।

### कफ सिरप मामले में शुभम समेत चार के लुकआउट नोटिस

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप मामले में मास्टर माइंड शुभम जायसवाल की धर पकड़ के लिये वाराणसी पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को शुभम जायसवाल समेत चार आरोपियों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस द्वारा लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। शुभम के साथ दिवेश जायसवाल, अमित जायसवाल और आकाश पाठक पर वित्तीय धोखाधड़ी, एनडीपीएस अधि. नियम समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल को सोनभद्र, जौनपुर, चंदौली और वाराणसी पुलिस काफी दिनों से तलाश रही है। कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप मामले को लेकर विस में भी बहस देखने को मिली है।

### विधानसभा में विपक्ष की चर्चा की मांग को सरकार ने किया खारिज

# एसआईआर पर यूपी विधानसभा में हुआ हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एसआईआर का काम चुनाव आयोग के नियंत्रण में
- कांग्रेस बोली बीएलओ की मौतों का मुआवजा दिया जाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने की मांग की, लेकिन सरकार ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि एसआईआर का काम चुनाव आयोग की तरफ से किया जा रहा है। इस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, इसलिए इस मांग को ग्राह्य (स्वीकार) नहीं किया जा सकता है।

बीएलओ की मौतों को लेकर उठे सवालों पर सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जवाब दिया। श्री खन्ना ने एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा के दौरान विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, वह अत्यंत दुखद है और सरकार इस पीड़ा को समझती है। उन्होंने कहा कि इन मौतों की जांच कराई जाएगी कि किन परिस्थितियों में घटनाएं हुईं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव संबंधी कार्यों के मामले में सरकार की भूमिका सीमित है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इस विषय पर मौन है और सरकार आयोग की प्रतिनिधि नहीं है। चुनाव आयोग पर सरकार का कोई प्रत्यक्ष सुपरविजन नहीं होता। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (पीपुल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट) के तहत सभी सरकारी कर्मचारी चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के डेपुटेशन पर होते हैं और यह पूरा मामला चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि दर्द घुटने का है और इलाज दांत का किया जा रहा है, यानी जिस संस्था की जिम्मेदारी है, उस पर सवाल नहीं उठाए जा रहे हैं। खन्ना ने कहा कि सरकार मानवीय आधार पर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है, लेकिन चुनावी प्रक्रिया से जुड़े निर्णय और जिम्मेदारी चुनाव आयोग की ही है। कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा ने नियम-56 के अंतर्गत सदन में यह मामला उठाया और एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग की। एसआईआर के दौरान मृतक बीएलओ के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए।

### ग्रीन हाइड्रोजन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को योगी सरकार की मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन अनुसंधान, तकनीकी विकास, मानव संसाधन सशक्तिकरण एवं औद्योगिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने को मंजूरी दी है। पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईआईटी कानपुर द्वारा हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू), कानपुर के सहयोग से स्थापित किया जाएगा, वहीं दूसरा सेंटर आईआईटी-बीएचयू द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के साथ संयुक्त रूप से स्थापित किया जाएगा। दोनों सेंटर साझेदार संस्थानों के परिसरों से संचालित होंगे। यूपी नेडा के एमडी एंड डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इन सेंटरों में चलने वाली परियोजनाओं में दोनों संस्थान बारी-बारी से नेतृत्व करेंगे। यह सेंटर हब-एंड-स्पोक मॉडल पर कार्य करेगा, जिसके तहत प्रदेश के अन्य इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों को इससे जोड़ा जाएगा। सेंटर में बायोमास आधारित एवं इलेक्ट्रोलाइज़र आधारित ग्रीन हाइड्रोजन पर अनुसंधान और तकनीकी विकास किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक इन्क्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से हर वर्ष 10 स्टार्टअप्स को और पांच वर्षों में कम से कम 50 स्टार्टअप्स को सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके लिए 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पांच वर्षों तक) की सहायता का प्रावधान किया गया है। सेंटर प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलीटेक्निक संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम निर्माण, मेंटरिंग, तकनीकी प्रदर्शनियों और कॉन्फ्रेंसों के आयोजन में भी सहयोग करेगा।

# सीएम योगी ने किसानों को दी ट्रैक्टर की चाबी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान दिवस पर किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सर्दी, गर्मी की परवाह किए बिना जब वह पसीना बहाता है और सर्दी को अपनी अस्थियों में समाहित कर ऊर्जा का प्रवाह धरती मां के साथ करता है, तो खेती अन्न उत्पादन के रूप में सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर विधान भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। योगी ने 'किसान सम्मान दिवस' पर किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी। साथ ही किसानों, वैज्ञानिकों, एफपीओ आदि को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी मेहनत से किसानों ने प्रगति की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब पहली बार किसान भी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना। धरती हमारी मां और हम सभी इसके पुत्र हैं, इसलिए पुत्र का दायित्व है कि जब मां बीमार या संकट में हो, तो पुत्र उसे संकट से उबारने में योगदान देता है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में धरती मां की सेहत के बारे में हर किसी को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा, फिर एक-एक करके प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, एमएसपी की गारंटी हो या बीज से लेकर बाजार तक किसानों की सुविधाओं को बढ़ाया गया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' देकर किसानों का मान बढ़ाया। लघु व सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण मोचन कार्यक्रम लागू किया। पहले किसान शासन की किसी भी योजना का अंग नहीं था, लेकिन आज किसान को शासन की हर योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। आज बिचौलिया किसानों की फसल का दाम नहीं तय करता। उन्होंने कहा कि यदि किसान को बाजार में फसल का अच्छा दाम मिला, तो ठीक वरना सरकार उसे खरीदेगी।

### योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है और कहा है कि डबल इंजन की सरकार उनकी प्रेरणा से किसानों के हित में काम कर रही है। योगी ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। अन्नदाता किसानों एवं प्रदेश वासियों को 'किसान दिवस' की हार्दिक बधाई। चौधरी साहब का संपूर्ण जीवन गांव, गरीब, शोषित, वंचित और किसान बंधुओं की समृद्धि में समर्पित रहा। डबल इंजन सरकार उनकी प्रेरणा से किसान साथियों के हितों के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है। गौरतलब है कि योगी सरकार किसान कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस 'किसान सम्मान दिवस' के रूप में मना रही है।

# रक्षामंत्री राजनाथ ने मार्गदर्शिका का विमोचन किया



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सड़क परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में होने वाली देरी की समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को यहां एक मार्गदर्शिका का विमोचन किया। यह मार्गदर्शिका देश के दूर-दराज और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में राजमार्गों एवं सामरिक सड़कों के निर्माण तथा रखरखाव का दायित्व निभाने वाले सीमा सड़क संगठन ने तैयार की है।

डीपीआर एक व्यापक दस्तावेज होता है जिसमें परियोजना के अभियांत्रिकी डिजाइन, निर्माण पद्धति, क्रियान्वयन रणनीति, गुणवत्ता नियंत्रण तथा लागत विश्लेषण शामिल होते हैं। सड़क संगठन ने यह मार्गदर्शिका डीपीआर तैयार करने के लिए विनिर्देशों, मानकों, दिशानिर्देशों एवं प्रक्रियाओं को समाहित करते हुए एक संक्षिप्त, व्यापक एवं एकरूप संदर्भ प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की है। यह मार्गदर्शिका नई सड़क परियोजनाओं के निर्माण अथवा मौजूदा सड़क अवसंरचना के उन्नयन, दोनों ही स्थितियों में परियोजना की परिकल्पना के प्रत्येक चरण में अभियंताओं की सहायता करेगी।

# अरावली मुद्दे पर मंत्री का बयान अस्पष्ट

नई दिल्ली, वार्ता



- पर्यावरण मंत्री के स्पष्टीकरण पर कांग्रेस खफा

कांग्रेस ने कहा है कि अरावली को लेकर केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने जो स्पष्टीकरण दिया है, उससे कई और सवाल खड़े होते हैं तथा पूरे मुद्दे को गहरे संदेह में ले जाते हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि अरावली मुद्दे पर पर्यावरण मंत्री का स्पष्टीकरण अस्पष्ट है और इसमें जो आंकड़े दिए गए हैं, वह भ्रामक है और उससे कई सवाल और संदेह पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री के अनुसार अरावली के 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से फिलहाल केवल 0.19 प्रतिशत हिस्सा ही खनन पटों के अंतर्गत है, लेकिन यह भी लगभग 68,000 एकड़ है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। हालांकि 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर का आंकड़ा भ्रामक है। इसमें चार राज्यों के 34 अरावली जिलों का पूरा भौगोलिक क्षेत्र शामिल कर लिया गया है। यह एक गलत आधार है, क्योंकि सही आधार तो इन जिलों के भीतर वास्तव में अरावली के अंतर्गत आने वाला भूभाग होना चाहिए। यदि अरावली के वास्तविक क्षेत्र को आधार माना जाए, तो 0.19 प्रतिशत का आंकड़ा बहुत कम आकलन साबित होगा। रमेश ने आरोप लगाया कि तीन चार राज्यों के 34 जिलों में से जिन 15 जिलों के लिए आंकड़े सत्यापित किए जा सकते हैं, उनमें अरावली क्षेत्र पूरे भूभाग का लगभग 33 प्रतिशत है। नयी परिभाषा के तहत इन अरावली क्षेत्रों में से कितना हिस्सा बाहर कर दिया जाएगा और खनन तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा-इस बारे में किसी भी तरह की स्पष्टता नहीं है। उनका कहना था कि अगर पर्यावरण मंत्री के सुझाव के अनुसार स्थानीय प्रोफाइल को आधार बनाया जाता है, तो 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली कई पहाड़ियां भी संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगी। संशोधित परिभाषा के बाद दिल्ली- एनसीआर में अरावली की अधिकांश पहाड़ी इलाके रियल एस्टेट विकास के लिए खोल दी जाएंगी, जिससे पर्यावरण पर दबाव और बढ़ेगा।



सेंसेक्स 85524.85
निफ्टी 26117.15



सोना रु. 136133
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 209250
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 43 अंक नीचे

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 42.64 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 4.75 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 26,117.15 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचक.ांक 0.05 प्रतिशत गिर गया। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 में 0.37 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और बैंकिंग सेक्टरों ने बाजार पर दबाव बनाया। मीडिया, धातु, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों में तेजी रही।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस का शेयर लगभग सवा प्रतिशत टूटा। भारती एयरटेल और अडानी पोर्ट्स में भी लगभग एक प्रतिशत की गिरावट रही। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, इटरनल, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, ट्रेंट और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर सवा प्रतिशत के आसपास चढ़े। टाटा स्टील में भी करीब एक फीसदी की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त में रहे।

### नोएडा एयरपोर्ट की साइबर सिक्योरिटी संभालेगी टेक महिंद्रा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपने नेटवर्क को मजबूत करने और साइबर सुरक्षा ऑपरेशन के लिए महिंद्रा समूह की कंपनी टेक महिंद्रा के साथ करार किया है। दोनों कंपनियों की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस उद्देश्य के लिए टेक महिंद्रा एकीकृत नेटवर्क एंड सिक्योरिटी ऑपरेशन्स सेंटर स्थापित करेगी। यह हवाई अड्डे पर निर्बाध और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करेगा। टेक महिंद्रा नेटवर्क और हवाई अड्डे के आईटी ढांचे के लिए 24 गुना 7 निगरानी एवं प्रबंधन मुहैया कराएगी। इसमें एप्लिकेशन्स, डाटाबेस, नेटवर्क, सर्वर, स्टोरेज सिस्टम और संबंधित डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल होंगे। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टफ स्नेलमैन ने कहा कि एक नए हवाई अड्डे के तौर पर हमारे पास नेटवर्क की मजबूती, सुरक्षा और डिजिटल इकोसिस्टम में पहले दिन से ही परिचालन की उत्कृष्टता शामिल करने का अवसर है। टेक महिंद्रा के साथ हमारी सहभागिता एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार नेटवर्क तथा साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क तैयार करने की दिशा में एक कदम है। इससे सुरक्षित, भरोसेमंद और निर्बाध परिचालन सुनिश्चित हो सकेगा।

### सोना 1.36 लाख पार, चांदी भी 2.09 लाख किलो के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोना 2,163 रुपए बढ़कर 1,36,133 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इससे पहले सोमवार को ये 1,33,970 रुपए पर था।1 किलो चांदी की कीमत भी 1,523 रुपए बढ़कर 2,09,250 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई हैं। इससे पहले सोमवार इसकी कीमत 2,07,727/किलो थी। दस दिन में चांदी 23,762 रुपए महंगी हुई। 10 दिसंबर को इसकी कीमत 1,85,488 रुपए प्रति किलो थी। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी की डिमांड में अभी तेजी है, जिसके आगे भी बने रहने का अनुमान है। ऐसे में चांदी अगले 1 साल में 2.50 लाख तक जा सकती है।

# चावल, गेहूं, दालें हुई मजबूत खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और दालों में भी मजबूती देखी गई। चीनी के दाम लगभग अपरिवर्तित रहे। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर 3,867 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की कीमत आठ रुपये और मसूर दाल की सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल पांच रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल के भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 51 रिंगिट चढ़कर 4036 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 प्रतिशत टूटकर 48.99 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 42 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत 31 रुपये और सरसों तेल की 21 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल और मूंगफली तेल 17.17 रुपये महंगे हुए। पाम ऑयल की कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी में भी टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7819.75 रुपये, मसूर काली 8168.89 रुपये, मूंग दाल 10103.52 रुपये, उड़द दाल 10377.66 रुपये, तुअर दाल 10599.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2861.69 रुपये और चावल 3866.57 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3294.53 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**एसआईआर वोटर...** करेगा। जांच के बाद ही नाम जोड़ने या हटाने का फैसला लिया जाएगा। बिना सुनवाई के किसी का नाम नहीं हटाया जाएगा। 1 बंगाल में सबसे ज्यादा 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाए गए। इनमें 24 लाख 16 हजार 852 नाम मृत वोटरों के हैं। 19 लाख 88 हजार 76 वोटर ऐसे हैं, जो दूसरे जगह शिफ्ट हो गए हैं। 12 लाख 20 हजार 38 वोटर लापता, 1 लाख 38 हजार 328 डुप्लीकेट या फर्जी और 57 हजार 604 नाम अन्य कारणों से हटाए गए। राजस्थान की एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और आलरेडी एनरोल्ड लिस्ट दी गई है। गोवा में 11.85 लाख मतदाताओं में से 10.84 लाख ने फार्म जमा किए। यहां 1 लाख से ज्यादा नाम हटे, जिनमें मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं। उत्तर गोवा में 44,639 और दक्षिण गोवा में 55,403 नाम हटाए गए। पुड्डुचेरी में ड्राफ्ट सूची से 1.03 लाख से ज्यादा नाम हटे हैं। अब कुल मतदाता 9.18 लाख रह गए हैं। यहां सबसे ज्यादा नाम पुड्डुचेरी जिले में हटे, जबकि कराईकल, माहे और यानम में भी बड़ी संख्या में मतदाता सूची से बाहर हुए। लक्षद्वीप मे 27 अक्टूबर तक कुल 58 हजार मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद इनमें से 56,384 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल पाए गए हैं। यानी 1,616 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। तमिलनाडु में यहां पब्लिश हुए ड्राफ्ट रोल में से 97 लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं। एसआईआर से पहले राज्य में वोटर्स की संख्या 6.41 करोड़ थी। अब घटकर 5.43 करोड़ हो गई है। राज्य में अब 2.66 करोड़ पुरुष, 2.77 करोड़ महिलाएं और 7,191 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। गुजरात में राज्य में नई एसआईआर लिस्ट में 73.73 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कम हुए हैं। राज्य में पहले 5.08 करोड़ से ज्यादा वोटर्स रजिस्टर्ड थे। अब घटकर 4.34 करोड़ रह गए हैं।

**यूपी टीईटी...** लिया जाएगा, लेकिन अभी तक यह प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है। ऐसे में 28 और 29 जनवरी को परीक्षा करा पाना संभव नहीं था। ऐसे में टीईटी की नई तारीख घोषित की जाएगी। आयोग मई के मध्य में परीक्षा कराने पर विचार कर रहा है। कोई रुकावट नहीं आई तो 17 एवं 18 मई को टीईटी का आयोजन कराया जा सकता है।

**सहारनपुर के...** पहुंची और दरवाजा तोड़ा, तो पांच लाशें पड़ी थी। सभी के शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। पुलिस की जांच में सभी की मौत दम घुटने से आई है। पुलिस ने शेखपुरा कदीम में परिजनों को सूचना दी। इसके बाद गांव में मातम पसर गया। ठेकेदार नूर और सोनू दोनों सगे भाई हैं। नूर की शादी पांच महीने पहले हुई थी, जबकि सोनू की करीब तीन साल पहले हुई। कोई बच्चा नहीं है। इनके दो बड़ी बहनें हैं, जिनकी शादी हो गई। माता-पिता हैं। रोशनपाल और रामकुमार जीजा-साला है। इनमें रोशनपाल रामकुमार का साला हैं। रोशनपाल के तीन बच्चे हैं। इनमें दो लड़की हैं, जिनके नाम प्रियंका, नेहा है, जबकि बेटा नरेंद्र है। प्रियंका की शादी हो चुकी है। रामकुमार तीतरों के गांव महमूदपुर का निवासी है। फिलहाल थाना सदर बाजार क्षेत्र में गलीरा रोड पर रहता था। इसके भी तीन बच्चे हैं। मदनपाल के दो लड़की हैं, जिनके नाम स्वाति व नैंसी है, जबकि बेटे का नाम नवीन है। मदनपाल की रात ही परिवार में बात हुई थी। क्योंकि उनके चाचा के लड़के को कुछ दिन पहले ही बेटा हुआ था। एक-दो दिन में आने के लिए बोल रहा था।

# राजभवन में मोती की खेती का शुभारंभ

### राज्यपाल आनंदी पटेल ने पर्लफॉर्मिंग परियोजना शुरू की

लखनऊ, वार्ता



किसान दिवस पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन परिसर में मोती की खेती (पर्ल फार्मिंग) परियोजना का तालाब में सीप अवतरण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के समस्त किसानों को किसान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति किसानों की समृद्धि से जुड़ी है और कृषि क्षेत्र में नवाचार ही किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने परियोजना स्थल पर कृषि- कें.द्रित कंपनी मणि एग्रो हब प्राइवेट लिमिटेड, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदर्शित मोती के सीप की सर्जरी प्रक्रिया का अवलोकन किया और इसे एक उपयोगी व लाभकारी नवाचार बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित करती हैं। राज्यपाल ने जनपद बलिया के प्रगतिशील किसान जेपी पांडेय की प्रेरक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन, मूल्य संवर्धन और स्थानीय बाजार के विकास से किसान आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने कहा कि किसान जब ठान लेता है कि उसे कुछ करना है, तो वह बड़ी उपलब्धि हासिल करता है। उन्होंने परिश्रम के साथ सही सोच, प्रभावी प्रबंधन और विभागीय समन्वय पर बल दिया। मौसम के अनुरूप पशुपालन प्रबंधन, नियमित बैठकें, योजनाबद्ध कार्य, नवीनतम तकनीक का उपयोग और औपचारिक प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। साथ ही राजभवन में किए जाने वाले नवाचारों को संस्थागत रूप देने और मणि एग्रो हब प्रालि के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मणि एग्रो हब के निदेशक आनंद त्रिपाठी ने बताया कि मोती की खेती एक वैज्ञानिक, टिकाऊ और लाभकारी कृषि उद्यम है। लगभग 2000 वर्ग फीट के तालाब में 10,000 सीपों की खेती से 18 माह में औसतन 8.5 लाख रुपये तक की शुद्ध आय संभव है।

# महबूबा मुफ्ती ने बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं की स्थिति पर चिंता जताई



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को बंगलादेश से मिली, उन रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त की जिनमें कहा गया है कि वहां हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डर रही हैं।

सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हालांकि यह मुद्दा 'गंभीर' है, लेकिन भारतीय नेतृत्व बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने में नैतिक दुविधा का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश से आने वाली खबरें, जिनमें कहा गया है कि हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डर रही हैं, अत्यंत विचलित करने वाली हैं। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि दुर्भाग्य से भारतीय नेतृत्व इस गंभीर मुद्दे को बंगलादेशी अधिक.ारियों के साथ उठाने में नैतिक दुविधा का सामना करता दिख रहा है, क्योंकि देश के भीतर ही कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरन उतारते देखे जाते हैं। कट्टरपंथियों के दबदबे वाली दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई ने मंगलवार को बंगलादेश में अल्पसंख्यकों की हत्याओं पर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की कथित चुप्पी को लेकर उन पर तीखा हमला बोला। एक बयान में भाजपा प्रवक्ता मंजूर भट्ट ने उमर अब्दुल्ला सहित जम्मू-कश्मीर के नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाए।

# किशोरी से छेड़छाड़ में तीन साल की सजा

## कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** 13 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर दोषी को तीन साल के कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

27 फरवरी 2023 की घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। इस दिन समरपाल उर्फ काला ने किसान की 13 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी। इतना ही नहीं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। किशोरी ने घर पहुंचकर आपबीती सुना दी थी। मामले में किसान ने आरोपी समरपाल उर्फ काला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल, समरपाल उर्फ काला इस मुकदमे में जमानत पर था। सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश विशेष तृतीय की अदालत में चल रही थी। सोमवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई, पत्रावली के अवलो. कन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने समरपाल उर्फ काला को दोषी करार दिया। उसे तीन साल जेल की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# झोलाछाप के इंजेक्शन से नवजात की मौत

## परिजनों ने क्लीनिक पर काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** झोलाछाप चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाकर शिशु की मौत होने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने क्लीनिक पर जमकर हंगामा काटा है। पुलिस ने शिशु का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिक पर सील लगा दी है।

नगर के मोहल्ला लालबाग निवासी आरिफ पुत्र साबिर ने अपनी पत्नी सलमा को प्रसव पीड़ा होने पर बाईपास मार्ग स्थिति मीनाक्षी बाल क्लीनिक पर भर्ती कराया था। मंगलवार की सुबह 8:00 बजे सलमा ने एक पुत्र को जन्म दिया। आरिफ नवजात शिशु को अस्पताल के सामने स्थित एक क्लीनिक पर ले आया। झोलाछाप चिकित्सक ने नवजात शिशु को इंजेक्शन लगाया तो कुछ मिनट में उसकी मौत हो गई। आरिफ ने परिजनों के साथ झोलाछाप चिकित्सक के इंजेक्शन लगने से शिशु की मौत होने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाल प्रेमपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर



पहुंच गये। उसके बाद चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धुर्वेद्र कुमार भी क्लीनिक पर पहुंच गये। हंगामा काट रही भीड़ को पुलिस ने समझा कर शांत कर दिया। झोलाछाप चिकित्सक मौके से फरार हो गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया क्लीनिक को सील कर दिया गया है। 3 दिन के भीतर क्लीनिक संचालक से अभिलेख दिखाने के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है।

# थार की तेज रफ्तार को टोकना पड़ा भारी

## दबंगों ने युवक व उसके परिजनों को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तेज रफ्तार वाहन को टोकना एक परिवार को भारी पड़ गया। थार सवार युवकों ने गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों और सरियों से युवक व उसके परि. जनों पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कस्बे के मोहल्ला जामा मस्जिद में नसीम का परिवार रहता है। घटना सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे की है। नसीम अपने घर के बाहर खड़े हुए थे। तभी उनके घर के सामने से एक थार गुजरी जिसकी रफ्तार बहुत ज्यादा तेज थी लिहाजा नसीम ने रफ्तार कम करने को लेकर थार सवार युवकों को टोक दिया। इसी बात पर थार में सवार फरहान और आसिम गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लाठी डंडे और सरियों से नसीम पर हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से पहला वार सिर पर किया जिससे नसीम लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर नसीम की पत्नी और बेटे बचाने आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी बेरहमी से मारपीट की, हमले में वह भी गंभीर घायल हो गए।घटना के दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद को घिरता हुआ देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर फरहान और आसिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# निरन्तर अभ्यास सफलता का मूलमंत्र

## अन्तरमहाविद्यालय एथलीट प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कालेज में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद की प्रथम अन्तर महाविद्यालय एथलेटिक प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किये गये।

पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट निर्भय सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते कहा कि निरंतर अभ्यास ही सफलता का मूलमंत्र है। खिलाड़ियों को बेहतर अवसरों का लाभ लेते हुए स्वयं को निखारना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीर विरेन्द्र सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल, पुरस्कार प्रदान करते कहा कि विजेता खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं तथा सभी विजेताओं को आगामी प्रतियोगिता की बेहतर तैयारी करने कहा। विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों को तीन दिवसीय एथलीट मीट में स्वयं की प्रतिभा को प्रदर्शन करने का उत्तम अवसर मिला। उन्होने कुलपति एवं विश्व. विद्यालय प्रशासन का आभार जताते सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय स्टाफ व टीम के



सयोगियों की सराहना की। इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल के विभिन्न महाविद्यालयों की पचास टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें महिला व पुरूष वर्ग की दौड, मैराथन, शार्टपुट, डिस्कस थ्रो समेत कुल 22 प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रोफेसर सत्यव्रत सिंह रावत ने भी विजेताओं को बधाई दी। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्रदान किये गये। संचालन डा. अरविंद कुमार ने किया।

# नन्दोई व ननद पर जेवर चोरी करने का आरोप

## रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर कोतवाली क्षेत्र में शादी के कुछ ही दिनों बाद घर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने ननदोई और ननद पर जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक शहर के मोहल्ला शाह अली सराय के रहने वाले सोनू यादव की शादी 18 नवंबर 2025 को आरती के साथ हुई थी। आरोप है कि आरती को शादी में मिले सोने-चांदी के आभूषण को मुरादाबाद के मोहल्ला गुरहटी का चौराहा निवासी ननदोई रवि यादव और ननद डोली यादव मांगने लगे। आरती के पति सोनू यादव से आभूषण देने से मना कर दिया तो खफा होकर दोनों रंजिश रखने लगे। आरोप है कि 23 नवंबर की रात आरती और सोनू यादव परिवार के सदस्यों के साथ घर में सोए हुए थे। उसी दौरान घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो गए। आरोप है कि जानकारी पर पता चला कि ननदोई रवि यादव और ननद डोली यादव ने ही आभूषण चोरी किए हैं। मामले में आरती ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## हवन में आहूतियां दे पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो रजबपुर।** रालोद कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती पर हवन पूजन किया। जबकि पदाधिकारियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अतरासी किसान भवन पर राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व क्षेत्रिय अध्यक्ष छात्र सभा प्रशान्त औलख व नौगावा विधानसभा अध्यक्ष जितेंदर सिंह के द्वारा आयोजित भारत रतन चौधरी चरण सिंह जी की 123 वी जयंती के अवसर पर हवन पूजन का आयोजन किया गया हवन पूजन के बाद सभी पार्टी पदाधिकारियों ने मूर्ति पर मायालार्पण किया और पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धाजलि दी। इस मौके पर उम्मेद सिंह, हरपाल सिंह, कर्मवीर सिंह, कवींद्र सिंह, शुभम रसूलपुर, अनुज चौधरी, थान सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार व दस लाख न मिलने पर शादी से इन्कार

## छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किसान ने मंगेतर पक्ष पर दहेज में कार और दस लाख रुपये की मांग कर शादी से इनकार करने, दिए गए जेवर व सामान न लौटाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी की शादी मुरादाबाद जिले के मझौला थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर में रहने वाले रविंद्र के साथ तय की थी। रिश्ते में सोने-चांदी के आभूषण दिए थे। मेहमानदारी में पांच लाख रुपये खर्च हुए थे। शादी तय होते में कोई भी मांग नहीं की गई लेकिन आरोप है कि बाद में लड़का पक्ष दहेज में कार और दस लख रुपये की मांग करने लगा। मांग पूरी नहीं होने पर शादी करने से इनकार कर दिया। रिश्ते में दिया गया सामान भी लौटने से मना कर दिया। शादी का दबाव बनाने या पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। दोनों पक्षों की पंचायत भी बैठी लेकिन कोई हल नहीं निकला। आखिर में किसान ने आरोपियों के खिलाफ डिडौली कोतवाली में तहरीर दी थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में लड़की के पिता की शिकायत पर मंगेतर रविंद्र, उसके भाई अर्जुन, पिता रमेश, माता सुरेश, और पिंकी व गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### किसान का गेहूं जब्त कर फर्जी नीलामी का मामला

# डीएसओ समेत चार पर एफआईआर के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किसान के गेहूं को सरकारी खाद्यान्न बताकर जब्त करने, तौल में गड़बड़ी, गबन और कम कीमत पर फर्जी नीलामी कराने का गंभीर मामला सामने आया है। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए जिला पूर्ति अधिकारी, मंडी सचिव और दो पूर्ति विभाग के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी कलां में किसान महताब का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि उनकी बेटी की शादी थी। पैसे जुटाने के लिए वह 28 नवंबर 2024 को अपना गेहूं बेचने गजरौला मंडी जा रहे थे। जैसे ही वह रजबपुर थाने से पहले हाईवे पर पहुंचे उसी दौरान पूर्ति निरीक्षक अमरोहा ने गाड़ी को रोक लिया और छोड़ने के बदले में उनसे पैसे की मांग की। महताब ने इनकार कर दिया तो वह गाड़ी पकड़कर रजबपुर थाने ले गए। यहां उन्होंने महताब के खिलाफ सरकारों खाद्यान्न की कालाबाजारी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करा दी। गाड़ी में रखा गेहूं कब्जे में लेने से पहले पूर्ति निरीक्षक सौदान सिंह उनके साथी संजय मिश्रा ने किसान महताब की मौजूदगी में गेहूं की धर्मकांटे पर तौल कराई। महताब का आरोप है कि गेहूं 119 कुंतल था लेकिन इन लोगों ने गेहूं हड़पने की नीयत से तहरीर में सिर्फ 100 कुंतल लिखा जबकि गाड़ी में गेहूं के 200 बोरे थे। एक बोरे में 60 किलो गेहूं था। महताब का आरोप है कि पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने 19.5 कुंतल गेहूं का गबन कर लिया। वहीं, पुलिस की विवेचना में गेहूं सरकारी खाद्यान्न साबित नहीं हो सका लिहाजा विवेचक ने मुकदमे में एफआर लगा दी। मामले में विवेचक ने अमरोहा मंडी सचिव अरविंद कुमार को रिपोर्ट भेजी तो मंडी सचिव ने 9 अप्रैल 2025 को नोटिस जारी कर दिया। जिसका पीड़ित महताब के द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया। इतना ही नहीं मंडी सचिव ने महताब के खिलाफ अपराध गठित होने या नहीं होने के संबंध में कोई सूचना नहीं दी। बाद में पीड़ित महताब ने अपना गेहूं रिलीज करने के लिए 19 मई 2025 को अदालत में प्रार्थना पत्र दायर किया। अदालत ने 19 जून 2025 को मंडी सचिव अरविंद कुमार से रिपोर्ट मांगी तो पता चला कि 14 मई 2025 को अरविंद कुमार के द्वारा 1800 रुपये प्रति कुंतल की दर से गेहूं को नीलाम कर दिया गया जबकि उस वक्त बाजार में गेहूं का भाव 2600 रुपये प्रति कुंतल था। मंडी सचिव ने अपने जवाब में यह भी स्पष्ट किया कि उनके द्वारा नीलामी की कार्रवाई डीएसओ के आदेश पर की गई है। पीड़ित महताब ने शाकिर नाम के व्यक्ति से नीलामी के संबंध में जानकारी ली तो उसने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। शाकिर ने बताया कि मंडी सचिव अरविंद कुमार के द्वारा उन्हें मंडी बुलाकर कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए थे। लिहाजा, किसान महताब का आरोप है कि डीएसको ने मंडी सचिव अरविंद कुमार, पूर्ति निरीक्षक सौदान सिंह व सहायक निरीक्षक संजय मिश्रा के द्वारा षड्यंत्र के तहत 19.5 कुंतल गेहूं का गबन किया गया है। साथ ही गेहूं की फर्जी नीलामी कम कीमत में कराकर 70 हजार रुपये की रकम हड़प की है। मामले में महताब ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने अदालत की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेकर सीजेएम ने रजबपुर पुलिस को डीएसओ समेत मंडी सचिव अरविंद कुमार, पूर्ति निरीक्षक सौदान सिंह, सहायक पूर्ति निरीक्षक संजय मिश्रा के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है।

## बार अध्यक्ष चुनाव में आमने-सामने मुकाबला



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही सभी पदों पर चुनावी स्थिति स्पष्ट हो गई है और बार परिसर में हलचल तेज हो गई है। सबसे अहम अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट मूलचंद त्यागी और एडवोकेट संदीप कुमार गुप्ता के बीच सीधा मुकाबला तय हो गया है। वहीं अध्यक्ष पद के लिए सर्वेश कुमार शर्मा और चौधरी अली रफी एडवोकेट ने नामांकन पत्र खरीदे जरूर थे, लेकिन उन्होंने नामांकन दाखिल नहीं किया, जिससे मुकाबला दो दिग्गजों तक सिमट गया। महासचिव पद के लिए अनुज कुमार त्रिवेदी और हितेश कुमार चौधरी ने नामांकन किया है, जिससे इस पद पर भी कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट पंकज यादव, महिपाल सिंह सैनी और हरिओम सागर मैदान में हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट जयप्रकाश सैनी और अरुण कुमार रस्तोगी के बीच मुकाबला होगा।

## जीएमएस कालेज में मनी चरण सिंह की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** जीएमएस ग्रुप ऑफ इंस्ट्टियूशन में राष्ट्रीय किसान दिवस अत्यंन्त गौरव और सम्मान के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के पांचवे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। चौधरी चरण सिंह को किसानों का मसीहा कहा जाता है। क्योंकि उन्होनें अपना पूरा जीवन किसानों के अधिकारों उनकी समस्याओं और कृषि सुधारों के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर किसानों के योगदान, परिश्रम और त्याग को सम्मान दिया जाता है। प्राचार्य डा. संतोष चौधरी फार्मेसी विभाग, प्राचार्य साहिल चौधरी नर्सिंग विभाग व अन्य सदस्य सोरन, प्रमोद कुमार, नेहा श्रीवास्तव हिना, सोनल, मोनिका, मनस्वी, राखी, हिमांशी, अनीस, नवनीत, सचिन सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो

## ई रिक्शा चालक के परिजनों ने सीओ से की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ई रिक्शा चालक की पिटाई किये जाने का मामला सीओ कार्यालय तक पहुंच गया। हिंदू संगठनों ने सीओ से करवाई करवाई किये जाने की मांग की है।

सोमवार को श्रीमति सुखदेवी इंटर कॉलेज के समीप एक ई रिक्शा चालक के साथ मारपीट किये जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बुधवार को दर्जनों लोगों की भीड़ सीओ पंकज कुमार त्यागी के पास पहुंच गई। भीड़ का कहना था कि मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने बिना कार्रवाई किए हुए छोड़ दिया। सीओ पंकज कुमार त्यागी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वायरल वीडियो और पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच के आदेश दिये है। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया है की पहचान कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। इस अवसर पर बजरंग दल के संयोजक राहुल हिंदुस्तानी, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, सनातन जागरण मंच के अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल, श्याम प्रजापति भरत प्रजापति आदि मौजूद थे। पुलिस ने मारपीट करने के मामले में शहादत पुत्र अमीर राजा अनस पुत्र अफजल निवासी मोहल्ला होली वाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गन्ना क्रय केन्द्र पर लिपिक से मारपीट

## मोबाइल व मशीन तोड़ने का भी आरोप, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** थाना क्षेत्र के एक गाव स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर एक युवक ने बिना गन्ना लाए पर्ची बनाने का दबाव बनाते हुए तौल लिपिक के साथ मारपीट की। आरोपी ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए केंद्र की मशीन और लिपिक का मोबाइल भी तोड़ दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर बक्काल निवासी मदनपाल पुत्र भूप सिंह किसान सहकारी चीनी मिल गजरौला के देहरा मिलक क्रय केंद्र पर तौल लिपिक के पद पर तैनात हैं। सोमवार शाम वह केंद्र पर कार्य कर रहे थे, तभी जीहल की मढैया निवासी नकुल पुत्र गजेंद्र वहां पहुंचा। आरोप है कि नकुल बिना गन्ना लाए तौल पर्ची बनवाने के लिए दबाव बनाने लगा। जब लिपिक ने गुणवत्ता जांच के बिना पर्ची बनाने से मना किया, तो आरोपी गाली-गलौज पर उतर आया। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से लिपिक की जमकर पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर मौजूद हुकम सिंह, प्रदीप और कादिर ने बीच-बचाव कर लिपिक को बचाया। मारपीट के दौरान आरोपी ने केंद्र की एचएससी मशीन और पीड़ित का मोबाइल भी क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

# बीमारी के चलते वन रेंजर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** वन रेंजर संजय चौधरी का सोमवार को मेरठ के एक निजी अस्पताल में लीवर की गंभीर बीमारी के चलते 51 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही वन विभाग समेत मंडी धनौरा और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। संजय चौधरी मूल रूप से हस्तिनापुर के निवासी थे।हसमुख और सरल स्वभाव के संजय चौधरी अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली और सौम्य व्यवहार के लिए जाने जाते थे। उनके असमय निधन को विभाग के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। निधन की सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों ने गहरा शोक व्यक्त किया।



सहकर्मियों ने उन्हें एक समर्पित अधिकारी और नेकदिल इंसान बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## प्रतिबंधित मांस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शहर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर एक युवक को 40 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया है। घटना सोमवार की है। शहर कोतवाली में तैनात दरोगा संजीव कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार व दिनेश कुमार के साथ चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। रात को करीब 9:15 बजे जैसे ही वह आंबेडकर पार्क चौराहे पर पहुंचे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि मोहल्ला शफातपोता में अल कुरैश मस्जिद के पास एक युवक कट्टे में मांस लेकर घूम रहा है और उसे बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मोहम्मद काशिफ निवासी मोहल्ला मजापोता बताया। पूछताछ के दौरान उसने कटरा काटकर मांस बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 40 किलो मांस बरामद किया। पुलिस ने पशु चिकित्सक निले कुमार को बुलाकर मांस का परीक्षण कराया, जिसमें मांस के कटरा के होने की पुष्टि हुई।

# फर्जी कॉल व मैसेज से 3.62 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुनगढ़ माफी निवासी युवक से अज्ञात साइबर ठग ने दोस्त बनकर बात करते हुए 3.62 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित को खाते में छह लाख रुपये डालने का झांसा देकर फर्जी मैसेज भेजा गया, जिसके बाद उसके खाते से रकम निकलवा ली गई। मामले में पीड़ित ने थाना मण्डी धनौरा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

**■ पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर**

ग्राम सुनगढ़ माफी निवासी हारून सैफी पुत्र यामीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उसका दोस्त बताया, आवाज भी परिचित लगने पर उसने बातों में विश्वास कर लिया। आरोपी ने कहा कि उसने हारून के खाते में छह लाख रुपये डाल दिए हैं और इसका फर्जी मैसेज भी भेज दिया। मैसेज मिलने के बाद हारून ने जब अपना खाता चेक किया तो रकम जमा नहीं मिली। इसी दौरान उसके खाते से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 3 लाख 62 हजार रुपये कट गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने मोबाइल के जरिए साइबर धोखाधड़ी कर यह रकम निकलवाई। इसमें कुछ पैसे कैसरा जन सेवा केंद्र के माध्यम से भी डलवाए गए। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। साइबर सेल की मदद से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में चार करोड़ के विकास प्रस्ताव पर मुहर

## पेयजल, स्वच्छता को मिली प्राथमिकता, आधा बजट इन्हीं कार्यो पर होगा खर्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। विकासखंड परिसर स्थित शहीद भगत सिंह सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने की। बैठक में करीब चार करोड़ रुपये के विकास प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से मुहर लगी। इन प्रस्तावों में नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग सड़कें, पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता से जुड़े कार्य शामिल हैं। इस बार क्षेत्र पंचायत ने साफ संकेत दिया कि पेयजल और स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता रहेंगे, जिसके चलते लगभग 50 प्रतिशत बजट इन्हीं मदों पर खर्च किया जाएगा। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ ही जिला योजना की कार्ययोजना, कृषि एवं कृषि रक्षा, सहकारिता, पंचम राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा मनरेगा, विद्युत विभाग, खाद्य एवं रसद, पशुपालन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग द्वारा




संचालित योजनाओं, स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने कहा कि क्षेत्र पंचायत का उद्देश्य गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल और साफ-सुथरा वातावरण हर नागरिक का अधिकार है। इसी सोच के तहत बजट का बड़ा हिस्सा इन कार्यों के लिए तय किया गया है, ताकि ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल सके। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार ने कहा कि सभी प्रस्ताव शासन की मंशा और नियमानुसार तैयार किए गए हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। विभागीय समन्वय के साथ कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा, उन्होंने भरोसा दिलाया। बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विकास कार्यों को लेकर दिखी एकजुटता से साफ है कि आने वाले समय में क्षेत्र पंचायत क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का चेहरा बदलने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान धर्मेंद्र प्रधान, यशवीर खटाना, एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण राजीव कुमार, डॉ नेपाल सिंह, एडीओ भारत सिंह, लोकेंद्र सिंह, कमल सिंह, अनमोल सिंह, अलीम. ुद्दीन, अरुण कुमार, चरण सिंह, मनवीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजवीर समेत अन्य बीडीसी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# सहारा क्लब को हरा कोटला सेमीफाइनल में पहुंचा

## क्वार्टर फाइनल में 94 रनों से रौंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मिनी स्टेडियम अमरो. हा में मास्टर भूरे खान एंड शेरू परवेज मेमोरियल सद्भावना कप ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल में रॉयल कोटला क्रिकेट क्लब गाजियाबाद ने शानदार जीत दर्ज की। मुकाबला रॉयल कोटला और सहारा क्रिकेट क्लब अलीगढ़ के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर सहारा क्लब ने पहले गेंदबाजी की। रॉयल कोटला ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 215 रन बनाए। गौरव तोमर ने 94 और दिनेश ने 37 रन बनाए। जवाब में सहारा क्लब 18.5 ओवर में 121 रन पर सिमट गई। रॉयल कोटला की ओर से अंकित ने 5 और गौरव तोमर ने 3 विकेट लिए। रॉयल कोटला ने यह मैच 94 रन से जीता। शानदार प्रदर्शन के लिए गौरव तोमर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में अंपायर की भूमिका सतेंद्र सिंह और जमाल पाशा ने निभाई। स्कोरिंग राहुल गुप्ता एवं सदाकत ने की, जबकि कमेंट्री शमशाद अल्वी ने की। मुकाबले के दौरान रिजवान पाशा, इमरान पाशा, नज्म अली, परवेज पाशा, शहजाद फारूक, सिकंदर अली, नदीम बादशाह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में जेएस पीजी कॉलेज प्रथम

## एकल काव्य पाठ में छात्रा नंदिका व निबंध में छात्र अर्शी अव्वल, 25 को डीएम करेंगी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित जनपद स्तरीय भाषण, निबंध व एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं के नामों की घोषणा की गई, जिन्हें 25 दिसम्बर को डीएम द्वारा अमरोहा में सम्मानित किया जाएगा।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो.एमए गौरी ने किया। प्राचार्य ने कहा कि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि वे विचारों की ऊंचाई, संवाद की मर्यादा और राष्ट्र हित के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक थे। कार्यक्रम संयोजिका डॉ.श्वेता अग्रवाल ने भी अटल जी के जीवन वृत पर बिंदूवार प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में अमरोहा जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, निबंध प्रतियोगिता में जनपद अमरोहा की सभी तहसीलों के कक्षा 08 से 12 तक के जबकि एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में सभी युवा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परिणामों के अनुसार भाषण प्रतियोगिता में जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज अमरोहा प्रथम स्थान पर रहा, जबकि द्वितीय व तृतीय स्थान पर रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय रहा। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में सुखदेवी इंटर कॉलेज हसनपुर की छात्रा नंदिका राव, अने. कांत डिग्री कॉलेज की छात्रा श्रेया सिंह तोमर व रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय की छात्रा आरती गिरि तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता में एकेके इंटर



कॉलेज अमरोहा के छात्र अर्शी प्रथम, श्री राम किसान इंटर कॉलेज बादशाहपुर के छात्र अदनान द्वितीय व राजकीय इंटर कॉलेज मिटठेपुर कलां अमरोहा के छात्र नूरैन तृतीय स्थान पर रहे।प्रतियोगिता में सीमा रान, राजीव सिंह, सतीश कुमार शर्मा, डॉ.वीरेन्द्र कुमार शुक्ला, कुलदीप सिंह, अविनाश कुमार, मुहम्मद मुसीम, कविता शर्मा, ब्रिजेश कन्नौजिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि इस अवसर पर रमाबाई महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ.अजीता रानी, कार्यक्रम सह-संयोजिका डॉ.नेहा अग्रवाल, डॉ.मनमोहन वर्मा, डॉ. अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनी पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह की जयंती

## राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों ने किया हवन यज्ञ, राजनैतिक दलों व किसान संगठनों ने किए कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा स्वर्गीय चौ.चरण सिंह की 123वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंगलवार को राष्ट्रीय लोकदल, द्वारा गजरौला स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी के नेतृत्व में जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हवन-पूजन करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि, चौधरी साहब का संपूर्ण जीवन किसान, गांव और खेत-खलिहानों के उत्थान को समर्पित रहा। राष्ट्रीय लोकदल उनके विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए किसान, मजदूर और ग्रामीण समाज के अधिकारों के लिए पूरी मजबूती से संघर्ष करता रहेगा। कार्यक्रम में सुमित सिवाच, डॉ. सतवीर चौहान, सुरेन्द्र गंधर्व, गगन, गुरमीत देवल, पुष्पराज चौधरी, दिनेश शर्मा, संजय गोयल, दीपक अग्रवाल, यशपाल सिंह, धनवीर सिंह, रणजीत सिंह, रवि कुमार, अमित कुमार, शिवराज सिंह, संग्राम सिंह, सत्येन्द्र सिंह एवं मूलचंद चौधरी आदि मौजूद रहे। पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल के आवास पर भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, कुलवंत

### ■ वक्ताओं ने उनके जीवनवृत पर डाली रोशनी

सिंह, नवीन गर्ग, नरेंद्र चौधरी, डॉ. एलसी गहलौत, संजय अग्रवाल, मनमोहन सेन, सलीम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। नगर के मुहल्ला चौ.चरण सिंह नगर के मुख्य द्वार पर लोगों ने धूमधाम से जयंती मनाई। इस अवसर पर महावीर सिंह, भूपेन्द्र चौधरी, कुलदीप देवल, उधम सिंह, जसवंत पहलवान, ताहिर खान, राघवेन्द्र शर्मा, देवेश शर्मा, अमित चौधरी, अरूण चौधरी आदि मौजूद रहे। नगर के बस्ती स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों को सम्मानित किया गया, साथ ही कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के वक्तव्य का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। यहां पर कृषि केन्द्र अधिकारी डॉ.एके मिश्र, डॉ.शीशपाल सिंह, डॉ.अमित तोमर, डॉ.प्राची पटेल, डॉ.रविन्द्र पाल आदि मौजूद रहे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष इन्द्रवती ने टीचर्स कॉलोनी स्थित आवास पर जयंती कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ बसपा नेता चौ.बलवीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य मीनाक्षी चौधरी, चौ.निरंजन सिंह, रविन्द्र सिंह, विपिन कुमार, समीक्षा चौधरी, बदन सिंह, रिंकू





सागर आदि मौजूद रहे। वहीं समा. जवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.भूपेन्द्र सिंह ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी के कैम्प कार्यालय पर जयंती कार्यक्रम मनाया। इस मौके पर चौ.राजेन्द्र सिंह, डॉ.जितेन्द्र यादव, अमन सिरो. ही, सीताराम, रविन्द्र सिंह, राधेश्याम, कुलदीप देवल, देवेन्द्र सिंह काले, अनिल प्रधान आदि मौजूद रहे।

# पॉश एक्ट के बारे में किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के हाइवे स्थित नॉर्दर्न इंडिया पब्लिक स्कूल में पॉश एक्ट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम विस्तार से चर्चा की गई। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मनोज गोयल द्वारा वक्ताओं एवं प्रशिक्षकों का परिचय कराते हुए किया गया। रिसोर्स पर्सन अंकुर अग्रवाल एवं पूजा पांचाल ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को पॉश अधिनियम-2013 के बारे में विस्तारपूर्वक जानक. ारी दी। बताया कि यह अधिनियम कार्यस्थल पर महिलाओं को किस प्रकार सुरक्षा प्रदान करता है तथा महिलाएं किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न की शिकायत कहाँ और कैसे कर सकती हैं। उन्होंने कार्यस्थल पर पुरुषों द्वारा महिलाओं के प्रति उचित एवं सम्मानजनक व्यवहार पर भी प्रकाश डाला। अंत में विद्यालय प्रबंधक राकेश मोहन गर्ग ने कहा कि विद्यालय में सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध है और भविष्य में भी इसे बनाए रखने के लिए विद्यालय सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

# नोरेक्स फ्लेवर्स ने किया किसानों को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर नोरेक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी सामाजिक पहल प्रोजेक्ट संकल्प के तहत किसान-केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन किया। कंपनी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के अमूल्य योगदान को सम्मान देना और टिकाऊ एवं जिम्मेदार कृषि पद्धतियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना रहा।

यह दिवस हर वर्ष 23 दिसंबर को भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मनाया जाता है। किसानों के कल्याण के लिए उनके योगदान को स्मरण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ वैभव कुमार अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशंस शशांक अग्रवाल, ललित कुमार, अनुराग नाथ (मैनेजर सस्टेनेबिलिटी) सहित कंपनी के अधिकारी, विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। वैभव कुमार अग्रवाल ने किसानों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन के दौरान कृषि सुरक्षा के लिए पीपीई किट का प्रदर्शन, आधुनिक व पुनर्योजी खेती पर चर्चा तथा किसानों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुल 150 से अधिक किसानों को उनके परिश्रम और योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# विश्व हिन्दू परिषद ने निकाली बांग्लादेशी सरकार की अर्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग

### ■ हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को बताया निंदनीय

दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लोदश सरकार के पुतले की अर्थी निकाली और फिर दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

मंगलवार को हेमंत सारस्वत प्रांत गौ रक्षा प्रमुख के नेतृत्व में कार्यकर्ता दोपहर के 12 बजे के लगभग एकत्र होना शुरू हो गए थे। कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर बांग्लादेश सरकार और जिहादियों के पुतले की प्रतीकात्मक अर्थी निकाली और पुतला दहन किया गया। बांग्लादेश सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की। कहा कि बांग्लादेशी सरकार के संरक्षण में हिन्दुओं पर हो रहे उत्पीड़न को रोका



जाए, अन्यथा भारत का हिन्दू एकजुट होकर इन्हें इनकी भाषा में ही जबाव देगी। एक सोची समझी साजिश के तहत हिन्दुओं पर निर्मम अत्याचार किए जा रहे हैं, जो कि निंदनीय हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, जिला संयोजक कुशल चौधरी, सुरक्षा प्रमुख योगेश चौधरी, पियूष चौधरी, शिवम त्यागी, विपिन, दीपक पियूष अभिषेक वीरेंद्र राजीव मोंि. हत अमित सनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लक्ष्मीनगर में अतिक्रमण से लोग परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर के मुहल्ला लक्ष्मीनगर के नागरिकों ने मंगलवार को बैठक करके डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा के क्लीनिक वाली गली में दुकानदारों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण, गलत तरीके से सड़क पर मोटरसाइकिलें और अन्य वाहन खड़ा करके रास्ता संकरा करने का मुददा उठाते हुए एसडीएम को ज्ञापन भेजकर समस्या के निस्तारण की मांग उठाई। बैठक में चौ.महावीर सिंह, सभासद सौरभ वर्मा, प्रदीप कुमार, सत्येन्द्र सिंह, कौशल गुप्ता, शिव कुमार सिंह, पीएस कौशिक, अशोक वर्मा, टेकचंद सैनी आदि नागरिक मौजूद रहे।

# माध्यमिक शिक्षा योजनाओं की समीक्षा बैठक

**अमरोहा**। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार की अध्यक्षता में आई.एम. इंटर कॉलेज अमरोहा में राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में माध्यमिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।डीआईओएस ने सूर्य पीएम घर योजना, परीक्षा पे चर्चा, इको क्लब फॉर मिशन लाइफ, आईगोट पोर्टल पर प्रशिक्षण, यू-डाइस प्लस पोर्टल पर अपार आईडी व छात्र प्रोफाइल पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ. जमशेद कमल, डॉ. जीपी सिंह, डॉ. धर्म सिंह, श्री पवन कुमार त्यागी सहित कई प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# किसानों का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा औद्योगिक इकाईयों द्वारा किए जा रहे प्रदुषण के विरूद्ध तीसरे दिन भी

### ■ धरना स्थल पर ही मनाया किसान दिवस

धरना जारी रहा, साथ ही यहां किसान दिवस मनाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करके उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।

बता दें कि रविवार को भाकियू संयुक्त मोर्चा ने शहबाजपुर डोर में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ



किया था। सोमवार को अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से बातचीत की थी तो वहीं प्रदुषण व जल निगम द्वारा मृदा व जल के नमूने भरे थे। मंगलवार को धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि जब तक प्रदुषण से निजात नहीं मिलेगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। कहा कि प्रदुषण के कारण क्षेत्र में भूजल पूरी तरह से दूषित हो चुका है। जनमानस के साथ साथ मवेशियों के दुग्ध की क्षमता भी घटी है। वहीं किसानों ने कार्यक्रम स्थल पर ही पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौ.चरण सिंह की जयंती धूमधाम से मनाते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, रामकृष्ण चौहान, अमरजीत देवल, राहुल सिद्धू, देवेंद्र सिंह, नित्तिन चौधरी, अभिषेक भुल्लर,समीर चौधरी, अंकुर चौधरी, सलमान चौधरी, धीरज उपाध्याय, करन कुमार, राहुल कुमार, होसियार सिंह, अतुल सिद्धू,जबर सिंह आदि किसान लोग मौजूद रहे।

# रसूल-ए-खुदा की तालीमात पर अमल करने की नसीहत

## फैजाने शाह विलायत कमेटी की ओर से नातिया महफिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। फैजान-ए-शाह विलायत कमेटी की ओर से नातिया महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने रसूले खुदा की शान में एक से बढ़कर एक शानदार कलाम सुनाकर महफिल में नूरानियत का रंग भर दिया।

शहर के मोहल्ला जाफरी में सोमवार रात कमेटी अध्यक्ष फैजान अली उर्फ आलम वारसी के आवास पर सजी वार्षिक नातिया महफिल की शुरुआत पैगाम-ए-अमन कमेटी के अध्यक्ष हाजी खुर्शीद अनवर ने कुरआन-ए-करीम की तिलावत से की। इसके बाद विख्यात आलिमेदीन



एवं जमीयत उलेमा हिन्द के प्रदेशाध्यक्ष मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने सीरत-ए-तैयबा की अपनी तकरीर की। उन्होंने कहा कि रसूले खुदा की जिंदगी का एक-एक लम्हा नमूना-ए-अमल हैं। उम्मती अगर उनकी तालीमात पर अमल करें तो फिर दुनिया की कोई ताकत सामने नहीं टिक पाएगी। आपने अपने बेहतरीन अख्लाक से लोगों को अपना कायल बनाया और उन्हें जिंदगी गुजारने का सलीका सिखाया। मुफ्ती अफ्फान ने घर का माहौल दीनी बनाने की सीख दी। कुरआन की तिलावत और पंचवक्ता नमाज को अपनी रोजाना की जिंदगी का हिस्सा बनाने का दरस दिया। इसके बाद शायरों के कलाम पेश करने का सिलसिला शुरू हुआ। अध्यक्षता हाजी मुजाहिद खान ने जबकि संचालन शिबान कादरी ने किया। इस दौरान मास्टर असलम उस्मानी, उवैस खान पिंटू, जाहिद अली, मुजीब वारसी, सिकंदर अली, शोजब नवाज, उबैद अंसारी, मोहम्मद अशरफ, मुजम्मिल खान, उबैद फहीम एडवोकेट, इमदाद खान लोधी आदि मौजूद रहे।

# सड़क के गड्ढे बन रहे हादसों का सबब, अब तक छह घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गंगेश्वरी से पौरारा मार्ग पर बगद नदी के पुल के किनारे सड़क में हुए गड्ढे में अब तक आधा दर्जन बाइक सवार लोग गिरकर हुये घायल।

15 दिन पहले ईटों से भरी ट्रॉली का पहिया बैठने के बाद पुल की ठोकर के नजदीक सड़क में हुआ गड्ढा हादसों को दावत दे रहा है। करीब आधा दर्जन लोग गड्ढे में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों का अभी इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। बताते चलें कि गंगेश्वरी से पौरारा मार्ग पर गांव फूलपुर के नजदीक बगद नदी के पुल की ठोकर से मिली सड़क करीब 15 दिन पहले ईंटों से भरी ट्राली का पहिया बैठने से गड्ढा हो गया था। जिसमें कई पैदल गुजरने वाले राहगीर व बाइक सवार गिरकर घायल भी हो चुके हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अभी कोई सुध नहीं ली है। बताते चलें कि इस लिंक मार्ग से दर्जनों गांवो के राहगीर गुजरते हैं। ग्रामीणों का कहना है की शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक विभागीय अधिकारीयों ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया है। मांग करने वाले ग्रामीणों में अक्की कसाना, चमन सिंह, पुष्पेन्द्र गोरसी, राजेन्द्र सिंह,राजू अग्रवाल,जयनीश त्यागी,संजय कुमार आदि शामिल रहे।

# दहगवां होगा योगमय: योगाचार्य हरेन्द्र आर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में योगाचार्य हरेन्द्र सिंह आर्य के द्वारा नगर पंचायत दहगवां में चलती हैं लगभग प्रतिदिन तीन योग कक्षाएं जिसमे तकरीबन 100 से अधिक योग साधक एवं साधिकाऐं करते हैं।

प्रतिदिन योगाभ्यास योग के द्वारा समस्त नगर वासी कर रहे हैं निरोगी काया एवं प्रात: कालीन योग की गंगा में कर रहे हैं स्नान योगाचार्य हरेन्द्र सिंह आर्य प्रतिदिन अपने गांव से हर मौसम में ब्रह्म मुहूर्त के समय दहग. वां योग कक्षा में पहुंच कर कराते हैं योगाभ्यास।

योगाचार्य ने कहा की जो प्रतिदिन योग कक्षा में भाग लेंगे और अपनी आहारचर्या से लेकर के दिनचर्या तक और संयम के साथ योग को अपने जीवन में धारण करेंगे तो नहीं पड़ेंगे बीमार उन्होंने योग पर प्रकाश डालते हुए कहा की केवल अच्छी दंड बैठक लगाने से अच्छे आसान करने से कोई भी योगी नहीं बनता जब तक योग हमारे स्वभाव में हमारे व्यवहार में हमारी वाणी में नहीं घटता तब तक हम एक अच्छे योग कहलाए जाते है योग करने के पश्चात हमारा स्वभाव, व्यवहार, बुद्धि, चित, आचरण पवित्र होने लगे तब ही हम एक अच्छे योगी कहलायेंगे आज द्वितीय योग क्लास के आयोजक सुभाष चंद्र गुप्ता जी जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बदायूं एवं नामित गुप्ता युवा नेता भाजपा बदायूं नें प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया और कहा कि हमारे यहां योग कक्षा में योग से संबंधित जो कुछ भी योग सामग्री की आवश्यकता पड़ेगी उसके लिए हम तत्पर तैयार रहेंगे नमित गुप्ता जी ने योग कक्षा में मंच, साउंड, माइक, आदि से लेकर के बैठने तक की सारी आवश्यकताओं की व्यवस्था की है।



# करंट लगने से लाइनमैन की हुई दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** विसौली में रोड पर बिजली के कार्य के दौरान करंट लगने से एक लाइनमैन की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान वजीरगंज थाना क्षेत्र के धिमरपुरा निवासी प्रेमपाल (50 वर्ष) के रूप में हुई है।

बिजली विभाग और पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं, वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार प्रेमपाल बदायूं रोड पर बिजली लाइन से संबंधित कार्य कर रहे थे, तभी अचानक वे करंट की चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना विद्युत विभाग और पुलिस को दी। बिजली विभाग के जेई मोहम्मद मियांकुरैशी ने बताया कि उन्हें हादसे

**विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते करंट लगने से लाइनमैन की हुई दर्दनाक मौत**

की सूचना मिली थी। उनके अनुसार मौके पर संविदाकर्मी लाइनमैन रजनेश और रत्नेश मौजूद थे।

जेई ने यह भी कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि करंट से मरने वाला तीसरा व्यक्ति कौन था। जेई कुरैशी ने बताया कि एसएसओ से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजकर 23 मिनट पर बुधबाजार फीडर का शटडाउन लिया गया था। हालांकि, यह हादसा बदायूं रोड पर हुआ। विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है।

# किसान सम्मान दिवस पर मिलेट्स महोत्सव का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्मोत्सव किसान सम्मान दिवस पर मंगलवार को बदायूँ क्लब बदायूँ में दो दिवसीय मिलेटस महोत्सव के प्रथम दिवस पर कृषि, गन्ना, मत्स्य, रेशम, उद्यान, पशुपालन विभागों के अपनी-अपनी विधाओं में उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री बी0एल0 वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अमित कुमार शुक्ला, जि0 परि0 सम0 यू0 पी0डॉस्प विवेक कुमार गौरव के साथ प्रमाण पत्र एवं शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की वन्दना से हुआ समस्त अतिथियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर लगाये गये राजकीय, निजी एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के स्टॉलों का भ्रमण किया तथा उनकी प्रशंसा की भूमि संरक्षण विभाग द्वारा खेत तालाब तथा अपनी योजनाओं से सम्बन्धित तैयार किया गया मॉडल लोगो के आकर्षण का केन्द्र रहा। मनोज कुमार उप कृषि निदेशक बदायूँ द्वारा कृषि विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। श्री राजीव गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से अवगत कराया। भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री बी0एल0 वर्मा ने नगर के विकास हेतु शासन की प्राथमिकताओं एवं कृषक बन्धुओं को जागरूक होने तथा कार्यक्रम स्थल पर लगे विभिन्न स्टालों के माध्यम से स्वयं को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य कार्यकारी मतस्य, पशुचिकित्सक पशुपालन विभाग पी0के0 वर्मा वरिष्ठ गन्ना पर्यवेक्षक द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में विस्तार से अवगत कराया। अन्त में जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत द्वारा समस्त आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन आनन्द चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चेतन प्रताप, जयलोक, शिशिर कुमार, अवनीश, शंकर, संतोष, नेकपाल वर्मा, प्रदीप, मनोज, अमित का विशेष सहयोग रहा व बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

# 25 दिसम्बर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती पर होंगे कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य शासन स्तर से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर 25 दिसम्बर, 2025 को समारोह पूर्वक कार्यक्रम मनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बतायाकि जनपद बदायूं में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती / जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर 25 दिसम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय आवास विकास, बदायूं में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारीगण को दायित्व सौंपे गए हैं।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा-2026 के आवेदन को 26 दिसम्बर तक तिथि बढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद,लखनऊ द्वारा संचालित मुन्शी/मौलवी (सैकेण्ड्री) तथा आलिम(सीनियर सैकेण्ड्री) परीक्षा वर्ष 2026 के ऑनलाइन आवे. दन-पत्र की अन्तिम तिथियों में संशोधन किया गया है। अब चालान के माध्यम से राजकोष में परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 24 दिसम्बर 2025 एवं आवेदन-पत्र 26 दिसम्बर 2025 तक ऑनलाइन भरें जा सकेंगे। उन्होंने बतायाकि मदरसे के प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्या द्वारा छात्र व छात्राओं के आवेदन पत्रों को नियमानुसार मदरसा पोर्टल पर लॉक करने की अन्तिम तिथि 29 दिसम्बर 2025 है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर सन्देहास्पद डाटा को सम्मिलित करते हुये लॉक करने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 है। मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या आवेदन-पत्र लॉक कर 30 दिसम्बर 2025 तक चालान की छायाप्रति,मान्यता प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, छात्र व छात्राओं का कक्षा(कक्षा-10 एव 12) संचा. लित होते समय का फोटो, मदरसा मुख्य भवन का फोटो एवं लिस्ट जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें जिससे आवेदन-पत्र समय से अग्रसारित किया जाना सम्भव हो सके। परीक्षा शुल्क का विवरण एवं विस्तृत दिशा-निर्देश परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा वर्ष 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र,उपस्थिति पत्रक एवं डेस्क-स्लिप जारी किये जाने की तिथि 15 जनवरी 2026 है। मदरसा परीक्षा 2026 माह फरवरी के प्रथम सप्ताह में होना प्रस्तावित है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने यह भी बताया कि यदि किसी मदरसा द्वारा परीक्षा वर्ष-2026 के परीक्षा आवे. दन पत्र नहीं भरवाये जाते हैं तो उनके विरूद्ध उ0प्र0 अशासकीय अरबी और फारसी मदरसा मान्यता प्रशासन एवं सेवा विनियमावली 2016 में निहित व्यवस्थान्तर्गत कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए सम्बन्धित मदरसा प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# पंचायत निर्वाचन नामावली तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने जनपद बदायूँ के समस्त तहसील के समस्त विकासखण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचकगण को सूचित करते हुए बताया है।

कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, उपजिलाधिकारी/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं समस्त ग्राम पंचायत कार्यालय में बी0एल0ओ0 के माध्यम से में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति इस निर्वाचक नामावली का कार्यालय समय में निरीक्षण कर सकता है। उन्होंने बताया कि यदि नामावली में किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिए कोई दावा अथवा किसी प्रकार के अन्य विवरणों के सम्बन्ध में कोई संशोधन अपेक्षित हो अथवा सम्मिलित किसी नाम के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो उसे 30 दिसम्बर, 2025 को या उससे पूर्व प्रपत्र 2, 3 या 4 में, जो भी उपयुक्त हो, दाखिल किया जाए। प्रत्येक ऐसा दावा या आपत्ति उनके कार्यालय, उपजिलाधिकारी अथवा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं सम्बन्धित बी0एल0ओ को दी गई तिथि तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

# एक नजर

## नर्मदेश्वर महाराज मंदिर में बाबा महाकाल का हुआ भव्य श्रृंगार

**अंकित कुमार गुप्ता,शाह टाइम्स**

**रुदायन।** नगर पंचायत रुदायन में स्थित नर्मदेश्वर महाराज मंदिर पर बाबा महाकाल का भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर बाबा महाकाल को फूलों, चंदन, भस्म एवं सुंदर वस्त्रों से अलंकृत किया गया। श्रृंगार दर्शन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम के दौरान "हर-हर महादेव" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल से नगर की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। बाबा महाकाल की आरती के बाद फल व मिठाई का भोग लगाया गया और प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर महेंद्रपाल ,शुभम,धीरज, गोलू, ईशु, मानव, सचिन, संजीव,कुलदीप, आदि लोग मौजूद रहे।

## अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय संचालन समिति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी, प्रशासन श्री अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय बाल विवाह मुक्त भारत संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें अपर जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 26 दिसंबर 2025 को एक राष्ट्रीय उत्सव के रूप में बीर वाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से किया जाएगा उन्होंने अवगत कराया कि दिनांक 18 दिसंबर 2025 से 25 दिसंबर 25 के मध्य विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधि आयोजित कर बच्चों में साहस एवं राष्ट्र प्रेम सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सकारात्मक नागरिकता के मूल्यों को सुधार किया जाना अपेक्षित है जिसके क्रम में दिनांक 26 दिसंबर 2025 को अटल बिहारी सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, उक्त कार्यक्रम के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसके उपरांत माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन में कठिन परिस्थितियों में सड़क पर मिलने वाले अनाथ परित्यक्त या आपात स्थिति में रहे लोगों का जनपद स्तर पर रेस्क्यू किए जाने हेतु गठित समिति के द्वारा अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाया जायेगा तथा मिलने वाले बच्चों एवं महिलाओं को यथासंभव परिवार में पुनर्वासित करने अथवा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्थानों एवं महिला आश्रय गृहों में आवासित कराए जाने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए, इस संबंध में चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पुलिस विभाग और नगर निकाय विभाग तथा श्रम विभाग को भी निर्देशित किया गया।

साथ ही निर्देशित किया गया कि जनपद में ऐसे इन स्थानों का चिन्हांकन किया जाए जहां ऐसे परिवार, बच्चे अथवा महिलाएं मिलने की संभावनाएं हो तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा दिनांक 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 के मध्य बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई जिसके अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन जनपद स्तर पर किया जा रहा है जिसका उद्देश्य बाल विभाग की घटनाओं को रोकना समुदाय स्तर पर शून्य सहनशीलता का वातावरण विकसित करना तथा कानून के प्रभावी क्रियावन के माध्यम से बालिकाओं एवं बालकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा करना है जिसके संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट एवं चाइल्ड हेल्पलाइन को निर्देशित किया गया कि उक्त अभियान को सफल बनाने हेतु धर्मगुरु, समुदाय में बैठक करें और विद्यालय, कॉलेज स्तर आदि पर कार्यक्रम करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री हिरदेश, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति श्री नंदकिशोर पाठक, अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार, देवेंद्र प्रताप गौतम, प्रभारी एंटी ट्रैफिकिंग यूनिट अजय कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग से कर्मेंद्र शर्मा, संरक्षण अधिकारी रवि कुमार, प्रीति कौशल, परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन कमल शर्मा, जिला मिशन समन्वयक छवि वैश्य, सेंटर मैनेजर वन स्टॉप सेंटर प्रतिक्षा मिश्रा, सचिन काशी समाज विकास संस्थान मीना सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विजेता खिलाड़ियों को वापस आने पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अंतर्महाविद्यालयी एथ लेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को वापस आने पर किया गया सम्मानित महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्व. विद्यालय, बरेली द्वारा आयोजित अंतर्महाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बदायूँ के विजेता खिलाड़ियों का वापस महाविद्यालय आने पर सम्मानित किया गया।

खिलाड़ियों ने डॉ हुकुम सिंह के निर्देशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार कुल छह पदक जीता था। प्रतियोगिता में सुहालिया खान को 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान, प्राची गुप्ता को 3000 मीटर स्टीपलचेज में कांस्य पदक, विपिन को 3000 मीटर स्टीपलचेज में तृतीय स्थान, हिमांशु को पोल वॉल्ट और हाईजंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर रजत पदक मिला था। इसके अतिरिक्त, 4x100 मीटर रिले में राजकीय महाविद्यालय की टीम ने भी तीसरा स्थान प्राप्त किया था।

जिसमें में विपिन, अजय यादव, मोहित और मोहित कुमार शामिल थे। इस उपलब्धि को प्राप्त कर वापस लौटे खिलाड़ियों का महाविद्यालय की प्राचार्य लेफ्टिनेंट डॉ श्रद्धा गुप्ता, समारोहक डॉ रविंद्र सिंह यादव, खेल प्रशिक्षक डॉ हुकुम सिंह, डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ संजय कुमार, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ सतीश सिंह यादव आदि ने स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज में हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में सोमवार को कालेज के संस्थापक पण्डित स्व.प्रेम नारायण शर्मा व पण्डित रामकुमार शर्मा स्मृति भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें सीनियर वर्ग में बढ़ता आतंकवाद देश के लिए खतरा विषय पर बोलते हुए मानसी शर्मा प्रथम, शीतल,अरमान सैफी, आमिल ए नवीं, नव्या शर्मा व अनुप्रिया शर्मा संयुक्त रूप से द्वितीय, अदिति शर्मा,महक,राविया व मोहनी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। वहीं जूनियर वर्ग में पण्डित रामकुमार शर्मा स्मृति भाषण प्रतिगोगिता शिक्षा में अनुशासन विषय पर बोलते हुए से दीपांशी सक्सेना ,चंचल पाठक प्रथम स्थान शालनी सिंह,स्वाति सिंह द्वितीय स्थान व प्रतिज्ञा शर्मा,काव्या सिंह,टिंवकल सिंह तृतीय स्थान पर रहे।इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतिगोगिताओं से छात्र तथा छात्राओं में प्रतिस्पर्धा होती है जिससे वे आगे बढ़ने के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करते हैं। इससे विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में महावीर प्रसाद केएम इंटर कालेज इस्लाम नगर,अंकित चौहान नेहरू इंटर कालेज रुदायन व संजय उपाध्याय प्रधानाचार्य सरवस्ती विद्यामन्दिर स्कूल शरह बरौलिया रहे। प्रतियोगिता का संचालन नीरज चौहान व रामौतार मौर्य ने किया।



# मदर एथीना स्कूल के 'रेनबो' में बिखरे सतरंगी छटा के अद्भुत रंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मदर एथीना स्कूल की 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर भव्य रूप में आयोजित समारोह 'रेनबो' में इस बार दर्शकों को सम्मोहित कर मंत्रमुग्ध कर देने वाले कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बदायूँ के जिलाधिकारी महोदय अवनीश रॉय, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार जी एवं विशेष अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ0 कमला माहेश्वरी तथा डॉ0 कविता अरोरा को आमंत्रित किया गया था। जहाँ सर्वप्रथम कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि महोदय, विशिष्ट अतिथि महोदय, विद्यालय की निदेशिका महोदया चयनिका सारस्वत, प्रशासनिक निदेशक महोदय सुकल्प सारस्वत एवं प्रधानाचार्या महोदया द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के विविध रंगों एवं कलाओं को प्रस्तुत करते हुए मनमोहक नृत्य हरियाणा के झूमर, गुजरात के डांडिया, केरल के कथकली, बिहू के रोंगाली नृत्य ने दर्शकों की आँखों को पलक झपकाने का अवसर भी प्रदान नहीं किया। इसके अलावा समाज को संदेश देने वाली संगीतमयी लघुनाटिकाओं के माध्यम से विभिन्न सामाजिक समस्याओं को उजागर करते हुये पर्यावरण संरक्षण, जीव संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बेरा. ेजगारी एवं कमरतोड़ महँगाई के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा जीवन को संयमित तथा अनुशसित करने वाले कार्यक्रम योगा, मानव पिरामिड के साथ-साथ ताय-क्वॉन-डो की रोमांचकारी प्रस्तुति ने दर्शकों को दाँतों तले अँगुली दबाने को मजबूर कर दिया। इसके साथ ही भारत के संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए एक लघुनाटिका तथा दर्शकों को हँसी के ठहाकों से लोट-पोट करते हुए अपनी काव्य प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले कवि सम्मलेन जैसे कार्यक्रमों ने भी दर्शकों को वाह-वाह करने पर विवश कर दिया। वुमन इंपारमेंट व पहलगाम अटैक से संबंधित लघुनाटिका ने सबको भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा का आयोजन भी किया गया था जिसमें कि प्रथम विजेता कक्षा-6 (ब) की मनस्वी यादव को एंड्रॉइड टीवी, द्वितीय विजेता कक्षा-5 (ब) के अक्षत गुप्ता को ट्विन कॉम्बो पैक ट्रोली बैग, तृतीय विजेता कक्षा-9 (अ) की अनुष्का मिश्रा को लग्जरी टी सेट एवं चतुर्थ विजेता कक्षा-5 (अ) की इंशा खान को इलैक्ट्रिकआयरन उपहार स्वरूप प्रदान की गई। उपहार पाकर अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे।विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि हमारा विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को निखारने और उनमें बहुमुखी ज्ञान के संचार करने हेतु ऐसे सतरंगी कार्यक्रमों का आयोजन करता है जहाँ केवल शिक्षक ही विद्यार्थियों को विविध प्रशिक्षण प्रदान कर उनको आत्मनिर्भर बनने एवं गुणात्मक प्रतिभाओं के ज्ञानार्जन हेतु प्रेरित करते हैं।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र

बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा

वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक

ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं

खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan741@gmail-com

# भजन संध्या का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** राधारमण जी सरकार के षष्ठम एवं श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा जी के चतुर्थ वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। नगर के बदायूं रोड स्थित मधुवन फार्म हाउस में आयोजित भजन संध्या में बरेली एवं रुद्रपुर से आए रसिक कलाकारों ने सभी भक्तों को अपने भजनों के माध्यम से झूमने पर मजबूर कर दिया। हरे कृष्ण, हरे राम संकीर्तन के माध्यम से सभी भक्तों ने अपने आराध्य को रिझाया। उपस्थित भक्तों ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया। भजन संध्या में आयोजक प्रवीन अग्रवाल नादान पारुल अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अंजली अग्रवाल ने सभी भक्तों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।शिवांग अग्रवाल ने भी भजन की प्रस्तुति देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान रुद्राक्ष, नंदिनी, नायशा, अंशुमान वार्ष्णेय, अनुपम वार्ष्णेय, आंचल वार्ष्णेय, रवींद्र मोहन अग्रवाल, नितिन गुप्ता, साहू सावेंद्र, मोहित गुप्ता, श्री राधा रानी प्रेम सेवा समिति, श्री हरिनाम संकीर्तन सेवा समिति, श्री सुंदरकांड आयोजन समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर इस्कॉन गाजियाबाद से आए दामोदर लीला प्रभु एवं अन्य भक्त भी उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने भजन संध्या उपरांत प्रसादी का भी आनन्द लिया। इस अवसर पर डॉ. मनोज माहेश्वरी, संजय अग्रवाल, पराग अग्रवाल, अर्पित वार्ष्णेय, अनमोल गर्ग, मानसी गर्ग, अंकित अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, प्रशांत गर्ग, डॉ. गुंजन गुप्ता, डा. संजय गुप्ता, अनुपम गुप्ता, रत्नेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, संगीता रस्तोगी, सौरभ गुप्ता, रूपम गुप्ता, नितिन गुप्ता, मयंक अग्रवाल, सुमित गोयल, डा. सूरज भौमिक आदि मौजूद रहे।

# भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसानों को किया गया सम्मानित

**पीलीभीत।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरीचरण सिंह की जयंती के अवसर पर जनपद में किसान सम्मान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, की अध्यक्षता में ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कालेज के प्रांगण में कृषि विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (एसएमएई) योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय मेला/प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। मेले में कृषि विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग, रेशम विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य विभाग आदि के द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं एवं नई तकनीक/प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही मेले में प्राइवेट संस्थाओं के द्वारा स्टाल लगाकर अपने उत्पाद के बारे में कृषकों को जानकारी दी गई। किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेले में जनपद के समस्त विकास खण्डों से लगभग 800 प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान मेले में प्रदर्शित सभी स्टालों का ज्ञानेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी, संजीव प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष, गुरभाग सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, रामसरन वर्मा, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कृषक भाईयों से अपील की गई कि कृषक भाई एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर मुर्गी पालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन का भी कार्य करें, जिससे अधिक आय प्राप्त होगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह, रामसरन वर्मा, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, राम. मिलन सिंह परिहार, उप कृषि निदेशक, पवन कुमार, परियोजना निदेशक, डीआरडीए, इं प्रवीन प्रकाश गौतम, अधिशासी अभियंता सिंचाई, नरेन्द्र पाल, जिला कृषि अधिकारी, खशीराम, जिला गन्ना अधिकारी, डा प्रदीप कुमार, सहायक निबन्धक सहका. रिता, आरडी गंगवार, जिला उद्यान अधिकारी, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, कृषक उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला सुरक्षा मिशन पर डीआईजी की पैनी नजर



**डीआईजी ने की परिक्षेत्र स्तर पर सख्त समीक्षा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण तथा सशक्तिकरण के लिए संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान को शासन और पुलिस मुख्यालय स्तर पर सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्धारित दस प्राथमिकताओं में यह अभियान एक महत्वपूर्ण बिंदु है, जिसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में, डीआईजी बरेली अजय कुमार साहनी ने परिक्षेत्र के सभी जनपदों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सर्किल अधिकारियों और थाना स्तर पर संचालित केंद्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों, प्राप्त शिकायतों की संख्या, उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण का परीक्षण किया गया।

समीक्षा के बाद, डीआईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मिशन शक्ति केंद्रों को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए। इन्हें महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी, संवेदनशील और भरोसेमंद मंच बनाया जाना चाहिए। इसी कड़ी में, 24 दिसंबर 2025 को बरेली के थाना आंवला में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आपराधिक कार्रवाई के बजाय समझौते, संवाद और आपसी सहमति पर केंद्रित होगा।

इस कार्यक्रम के दौरान, आंवला सर्किल के लगभग 100 पारिवारिक विवादों को परिवार परामर्श केंद्र और मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर सफलतापूर्वक सुलझाया गया है। इस अवसर पर उन परिवारों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने आपसी सहमति से विवादों का समाधान किया।

मिशन शक्ति टीम की भूमिका केवल कानूनी कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें काउंसलिंग, मानसिक सहयोग, कानूनी मार्गदर्शन, संरक्षण सेवाएं और आत्मनिर्भरता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान कर महिलाओं को पुनः आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने में सहायता की जाती है। टीम पीड़िता के आगमन से लेकर उसके मानसिक व शारीरिक रूप से पूर्ण सशक्त होने तक 360 डिग्री सहयोग प्रदान करती है।

मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के माध्यम से पुलिस विभाग महिलाओं के प्रति संवेदनशील, समाधानपरक और विश्वास आधारित व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

# बांग्लादेश में दीपू दास की हत्या पर बहेड़ी में प्रदर्शन

**विहिप-बजरंग दल ने पुतला दहन कर की कार्रवाई की मांग**




शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू दास की निर्मम हत्या के विरोध में बहेड़ी में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने घटना के विरोध में पुतला दहन कर नारेबाजी की और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

विहिप के जिला विशेष संपर्क प्रमुख ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज पर लगातार हो रहे अत्याचार और हिंसक घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं। उन्होंने दीपू दास की नृशंस हत्या को मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताया और इसकी विश्व स्तर पर निंदा की मांग की।

उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह इस मामले को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गंभीरता से उठाए तथा बांग्लादेश सरकार पर अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाए। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने स्पष्ट किया कि जब तक बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद नहीं होते और दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती, तब तक संगठन का संघर्ष जारी रहेगा।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से विहिप जिला विशेष संपर्क प्रमुख विपिन गंगवार, जिला संयोजक वीरपाल, नगर अध्यक्ष महावीर ठाकुर, जिला धर्माचार्य प्रमुख विवेक पंडित, प्रखंड संयोजक वीरेंद्र कश्यप, प्रखंड उपाध्यक्ष राहुल चौधरी, दिलीप गंगवार, अरविन्द दिवाकर, हरवीर सिंह, विपिन, नरेश, राहुल कठेरिया, हिमांशु चौहान, अंकित रस्तोगी, हिमांशु, वीरेंद्र और राजा महाजन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी जॉइन्ट मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने पिछले वर्ष का बकाया गन्ने का भुगतान सहित केसर रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाला जाम और आवारा पशुओं की समस्या उपजिलाधिकारी के सामने रखी।



मंगलवार को भाकियू के प्रदेश मीडिया प्रभारी चौधरी अजीत सिंह ने किसानों की समस्याओं से उपजिलाधिकारी को अवगत कराया। गन्ना भुगतान सहित उन्होंने अलीगंज छितौना मार्ग का निर्माण किये जाने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश सचिव दानिश बाबा खान, प्रदेश संगठन मंत्री चौधरी सूरज पाल सिंह, चौधरी सुरेंद्र सिंह प्रदेश प्रवक्ता, सार्थक संधू मंडल सचिव, विजय पाल सिंह जिला संगठन मंत्री, मोहम्मद करीम, चौधरी अमर पाल सिंह जिला उपाध्यक्ष बरेली, सालिक अहमद, समीर, जुनैद खान, मोहम्मद आरिफ, समीर रजा, आमिर बाबा, गुलाब राजा, ताहिर, अजीम आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत वार्ड सदस्यों ने चढ़ाई चराग मियां की मजार पर चादर

शाह टाइम्स संवाददाता



**सेंथल।** यहां चल रहे चराग मियां की मजार पर मेला उर्स में आज वार्ड सदस्यों ने चादर पोशी की रस्म अदा की। वार्ड सदस्य और उभरते युवा नेता असलम अली गुड्डू ने कहा कि हम बेपनाह अकीदत के साथ चादरपोशी के लिए आए हैं, सुना है यहां लोग खाली हाथ आते हैं और दामन को मुरादों से भरकर लौटते हैं। कहा हमने भी मियां जी के दरबार में अपनी अर्जी डाल दी है हमें यकीन है मियां जी हमारी अर्जी पर अल्लाह से सिफारिश करेंगे। उन्होंने अपने साथियों सहित मुल्क और कौम ओ मिल्लत के बहबूद की लिए अल्लाह से दुआ भी की। उनके साथ में महबूब अली इदरीसी, अकील अंसारी, हरि शंकर मौर्य, अजीम हसन, शाकिर अली, शबाब अली आदि सदस्य भी थे।

# बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन कर फूंके पुतले



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपूदास की निर्मम हत्या के विरोध में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच के साथ ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कस्बे के बाईपास चौराहे पर अलग-अलग प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू समाज को निशाना बनाया जा रहा है, वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंसक घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। दीपूदास की नृशंस हत्या मानवता को शर्मसार करने वाली है।

विहिप के जिलाध्यक्ष बाबू राम गंगवार ने भारत सरकार से मांग की कि इस घटना को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाए और बांग्लादेश सरकार पर अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती और अत्याचार बंद नहीं होते, संगठन चुप नहीं बैठेगा।

प्रदर्शन में विहिप के जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, हिंदू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष हरिपाल सिंह, अशर्फी लाल गंगवार, कृष्ण अवतार, सुरेश शर्मा, नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर गंगवार, प्रेम गंगवार, सुंदर सिंह, राजा महाजन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देवरनियां पुलिस ने खुले में शराब पीते दो युवक पकड़े

**मिशन शक्ति अभियान के तहत हुई कार्रवाई, थाना प्रभारी ने दी चेतावनी**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** देवरनियां पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए खुले में शराब पी रहे दो युवकों को हिरासत में लिया। यह कार्रवाई महिला सुरक्षा, सम्मान और सार्वजनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई। पुलिस की इस सख्ती से सार्वजनिक स्थानों पर अराजकता और अशोभनीय व्यवहार न करने का संदेश गया है।

उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशों पर कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में लगातार चेकिंग और गश्त जारी है। इसी क्रम में मिशन शक्ति/एंटी रोमियो पुलिस टीम ने मंगतपुर रेलवे फाटक के पास चेकिंग के दौरान दो युवकों को खुले में शराब पीते हुए पकड़ा। ये युवक भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे थे, जिससे वहां मौजूद लोगों, विशेषकर महिलाओं को असहजता हो रही थी। हिरासत में लिए गए युवकों की पहचान राजेश कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र सुखलाल और अजय उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई। दोनों वार्ड नंबर-1, कस्बा व थाना देवरनियां, जनपद बरेली के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की और कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया।

इस कार्रवाई में मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम के उपनिरीक्षक विजय तेवतिया, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार, महिला कांस्टेबल गीता कुमारी, महिला कांस्टेबल सविता और कांस्टेबल कौशल तोमर शामिल रहे।

## खुले में शराब पीने पर होगी कार्रवाई

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सार्वजनिक स्थलों की शालीनता बनाए रखना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खुले में शराब पीना और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी तरह की अव्यवस्था या सार्वजनिक स्थानों पर गलत गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## पुलिस की निगरानी से कानून व्यवस्था हुई मजबूत

क्षेत्रवासियों ने कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में देवरनियां पुलिस की सक्रियता की सराहना की है। उनका कहना है कि पुलिस की लगातार निगरानी और त्वरित कार्रवाई से इलाके में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बना है।

# ऑलइंडिया शिया पर्सनलला बोर्ड की 28 दिसम्बर को होने वाली सभा की सेंथल में तैयारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** 28 दिसंबर को लखनऊ में होने वाली सभा की कामयाबी को यहां रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर अश्जे रजा जैदी के निवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक शिया आलिमों ने हिस्सा लिया। बैठक को खिताब करते रिटायर्ड आईएएस अधिकार और आलइंडिया शिया पर्सनलला बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष अश्जे रजा जैदी ने कहा कि लखनऊ में होने वाली सभा में मुल्क ओ मिल्लत और विशेषकर शियाओं की हालत सुधारने पर गौर ओ फिक्र किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की लोगों से अपील की। बैठक को मकामी शिया शाही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना तंजीम हुसैन, मौलाना आजिम हुसैन जैदी, मौलाना दिलबर हुसैन, मौलाना फराज वास्ती, मौलाना मुबीन हसन, अंजुमन यादगार ए हुसैनी के साहिब ए बयाज वाहिद अली आदि ने भी बैठक को खिताब किया। रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर सगीर अहमद, सरताज हुसैन, सरफराज खान, स्टेज कलाकार ताबीर नकवी प्रेमी, असगर कमाल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर अश्जे रजा जैदी का फूल मालाओं से खैर मकदम किया गया।

# कट को लेकर छात्र की शिकायत का दिखा असर, पीएमओ ने लिया था संज्ञान

**राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानलेवा एएनए कट हुआ बंद, राधा कृष्ण मंदिर कट बंद होने का इंतजार**



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के छात्र असद अंसारी की शिकायत पर पीएमओ कार्यालय के संज्ञान लेने का असर दिखा राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर जानलेवा एएनए कट सोमवार को बंद हुआ। अब राधा कृष्ण मंदिर कट बंद होने का इंतजार है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में स्थित राधा कृष्ण मंदिर कट और एएनए कट वर्षों से सड़क हादसों और मौतों का कारण बने हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय में की गई शिकायत के बाद खतरनाक कटों को लेकर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हुई थी। छात्र असद अंसारी द्वारा पीएमओ में शिकायत किए जाने के बाद मामला राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भेजा गया। पूर्व में इस प्रकरण में पुलिस प्रशासन व एनएचएआई की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों कटों का स्थलीय निरीक्षण किया था। इस मामले में छात्र असद अंसारी ने बताया कि पीएमओ कार्यालय के संज्ञान लेने के बाद जानलेवा एएनए कट बंद किया गया, लेकिन अभी राधा कृष्ण मंदिर कट बंद होने का इंतजार है। राधा कृष्ण मंदिर कट कस्बे का प्रमुख प्रवेश मार्ग है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन हाईवे पार करते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। एएनए कट बंद होने के बाद स्थानीय लोगों को अब जल्द राधा कृष्ण मंदिर कट बंद होने की उम्मीद जागी है ताकि हादसों पर अंकुश लग सके।

# केन्द्रीय मंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल व कंबल किए वितरित

**जनसभा कर ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** केंद्रीय मंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र बहेड़ी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और कंबल वितरित किए। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

मंत्री जितिन प्रसाद ने बहेड़ी के ब्लॉक सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और कंबल बांटे। इसी अवसर पर उन्होंने कई नई परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया, जिससे स्थानीय विकास को गति मिलेगी। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने गुरु नानक इंटर कॉलेज, गुरुद्वारा श्री सिंह सभा बहेड़ी में वीर बाल दिवस से पूर्व अमर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बहेड़ी पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ डिग्री कॉलेज पर केंद्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत किया। अपने दौरे के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने बहेड़ी के ग्राम जवाहरपुर, रतनगढ़ और नौली में जनसभाएं भी कीं। इन



जनसभाओं में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, भूपेंद्र कुर्मी, चौधरी आराम सिंह, पालिका अध्यक्ष पति अजय जायसवाल, विधानसभा संयोजक सुरेश गंगवार, सरदार सतनाम सिंह, अतुल गर्ग, सुनील गंगवार, मेजर सिंह, तरुण कालरा, दिनकर गुप्ता, रमेश सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, सुदेश सिंह, सचिन प्रजापति, मंडल अध्यक्ष हरीश कुमार, योगेंद्र मौर्य और आसेराम गंगवार सहित कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में दीपू दास की निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने किया प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू दास की निर्मम हत्या के विरोध में आज जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने घटना के विरोध में पुतला दहन कर नारेबाजी की और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

विहिप जिला मन्त्री ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार और हिंसक घटनाएँ अत्यंत चिंताजनक हैं। दीपू दास की नृशंस हत्या मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है, जिसकी विश्व स्तर पर निंदा होनी चाहिए। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह इस मामले को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गंभीरता से उठाए तथा बांग्लादेश सरकार पर अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाए।

विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने स्पष्ट किया कि जब तक बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार बंद नहीं होते और दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती, तब तक संगठन संघर्ष जारी रखेगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में न्याय की मांग की। प्रदर्शन में मुख्य रूप से विहिप जिला अध्यक्ष बाबूराम गंगवार, जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, कृष्ण औतार, सुरेश शर्मा, नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर गंगवार, प्रेम गंगवार, सुंदर सिंह, राजा महाजन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चार सौ पार हो जाती, तो संविधान बदल जाता बीएलए अब नए मतदाताओं के वोट बनवाएं




शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** चार सौ पार के नारे पर अगर देश की जनता अपनी मोहर लगा देती तो हर हाल में देश का संविधान बदल दिया जाता। समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर प्रमुखों, बीएलए के प्रशिक्षण शिविर के मुख्यातिथि बरेली-पीलीभीत लोकसभा के प्रभारी पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव ने उक्त उदगार व्यक्त करते हुए देश की मतदाताओं का आभार भी व्यक्त किया।

नगर के बीजामऊ रोड स्थित एक निजी बारात घर में आयोजित सपा के इस प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने जहां भाजपा पर तीखे हमले किए, वहीं उन्होंने पार्टी द्वारा बनाए गए बीएलए से अपनी जिम्मेदारी का मजबूती के साथ पालन करने का आवाहन किया। कहा कि अब बीएलए का काम शुरू हो रहा है वह हर छूटे मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए जुट जाएं। पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव ने सभी सेक्टर प्रमुखों और बीएलए से 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवक-युवतियों के साथ ही नई बहुओं के फार्म 6 भरकर 13 विकल्पों में से एक विकल्प बीएलओ को जमा कर रसीद प्राप्त करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि 2027 में सरकार बनवाए। शिविर में सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं से मतदाताओं के वोट बनवाएं जाने के इस अभियान में जुटने का आवाहन करते हुए भाजपा पर हमला बोला। कहा 2027 में समाजवादी पार्टी की प्रदेश में सरकार बनेगी। पार्टी के इस प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप, प्रदेश सचिव मलखान सिंह यादव, पीलीभीत के पूर्व जिला अध्यक्ष आनद सिंह यादव, नगर पंचायत सेंथल के चेयरमैन कंबर एजाज शानू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरोत्तम गंगवार उर्फ मुन्ना, पुरुषोत्तम गंगवार, तेज प्रकाश गंगवार, सपा नेता प्रो. राशिद अंसारी, जिला पंचायत सदस्य छेदा लाल दिवाकर, तेजपाल गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, महासचिव हाजी मुख्तियार अहमद अंसारी, निसार अहमद अंसारी, हरीश गंगवार, प्रवीण गंगवार उर्फ टीटू, तसव्वर हुसैन अंसारी, विजय गंगवार, मनोहर लाल पटेल, डॉक्टर मोईन वेग, डॉक्टर नुक्ता प्रसाद सहित बड़ी संख्या में सपाइयों ने भाग लिया।

# तहसीलदार ने अपनी मौजूदगी में तालाब की कराई नपत, लगवाए निशान



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एक सप्ताह पहले नगर पालिका परिषद के जिस तालाब की पैमाईश की तारीख लगाए जाने को लेकर जहां कानूनगो और एक अधिवक्ता के बीच जमकर तकरार हो गई थी, उसी तालाब की मंगलवार को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने खुद खड़े होकर तालाब की पैमाईश कराए जाने के बाद निशान देही कराई।

दो साल पहले नगर पालिका परिषद में शामिल हुए ग्राम याकूबपुर के बीजामऊ रोड स्थित तालाब की पैमाईश को लेकर पिछले कई महीनों से कानूनी दाव पेंच चल रहे थे। एक सप्ताह पहले इसी तालाब की पैमाईश की तारीख लगाए जाने से एक अधिवक्ता की कानूनगो से जमकर नोंक झोंक हो गई थी। आज मंगलवार को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक लालाराम गंगवार, लेखपाल प्रेमपाल गंगवार नगर पालिका कर्मियों की टीम के साथ स्थल पर पहुंचे, पहले उन्होंने राजस्व कर्मियों से तालाब की पैमाईश कराई उसके बाद अपनी ही मौजूदगी में चूना डलवाकर निशान देही कराई। तहसीलदार और राजस्व टीम के जाने के बाद नगर पालिका के सफाई प्रभारी अमर सिंह, कैलाश चन्द्र यादव, कमल, सुरेंद्र कुमार आदि ने जेसीबी से तालाब के सौंदर्यकरण का कार्य शुरू करा दिया।

## शाह टाइम्स आपके साथ....

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# चौ.साहब का जीवन किसान गांव व कृषि के उत्थान को रहा समर्पित:जयदेव

## रमाला मिल परिसर में भारत रत्न स्व.चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के अवसर पर हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रमाला।** रमाला मिल परिसर में किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व.चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर यज्ञ का आयोजन कर देश की समृद्धि, किसान कल्याण और सामाजिक उत्थान की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन अन्नदाताओं के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिनके परिश्रम से देश का हर नागरिक पोषित होता है। भारत रत्न स्व.चौधरी चरण सिंह का सम्पूर्ण जीवन किसान, गाँव और कृषि के उत्थान को समर्पित रहा। उनका स्पष्ट विचार था कि जब तक देश का किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक भारत सशक्म नहीं बन सकता। वे ग्राम आधारित अर्थव्यवस्था, कृषि को लाभकारी बनाने, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे। चौधरी चरण सिंह ने सदैव सादा जीवन, उच्च विचार और ईमानदार राजनीति का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने सत्ता को साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना और किसान, मजदूर तथा वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। आज उनकी जयंती पर हम सभी यह संकल्प लेते हैं कि उनके द्वारा सुझाए गए मार्ग-किसान हित, ग्राम स्वराज, सामाजिक समानता और राष्ट्र निर्माण-पर चलकर उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

# पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** रमाला थाना पुलिस ने चेकिंग दौरान हुई मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी एक गाड़ी में सवार होकर आए तीन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश जुनैद गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश जुनैद के दो साथी चांद और जावेद को भी गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों मुजफ्फरनगर के चरथावल थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, ये बदमाश अलग-अलग क्षेत्रों में महिलाओं से आभूषण लूटने और चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक जोड़ी कानों के कुंडल, एक ऑटो कार, 160 जींस और 6 सूट बरामद हुए हैं। इसके अलावा, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस भी मिला है। बागपत के एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश 16 दिसंबर को कंडेरा गांव में महिला से कुंडल लूट के मामले में वांछित थे। घायल बदमाश का अस्पताल में उपचार चल रहा है और रमाला थाने में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# एथलेटिक्स स्पर्धाओं में जमकर दौड़े धावक

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** ग्वालीखेड़ा के मां अंबा बालिका डिग्री कालेज परिसर में चौधरी दलीप सिंह इंटर कालेज के चल रहे।

चार दिवसीय खेल महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को एथलेटिक्स की स्पर्धाओं में विभिन्न कक्षाओं के धावक जमकर दौड़े। एथलेटिक्स की 100 मीटर दौड़ जूनियर बालि. का वर्ग स्पर्धा में कक्षा दो में अनाया, तीन में भव्या, चार में मीनाक्षी, पांच में अलीशा, छह में खुशी, सात में जूही, आठ में इशिका अव्वल रही। सीनियर वर्ग कक्षा नौ में वंदना सैनी, दस में सना, ग्यारह में आलमिश व बारहवीं में जोया ने बाजी मारी। सीनियर बालक वर्ग कक्षा नौ में शाहिद, दस में अभय, कक्षा 11 में कुणाल व कक्षा 12 में आशीष अव्वल रहे। दूसरे दिन खोखो, वालीबॉल, क्रिकेट व रस्साकसी के भी मुकाबले हुएं। प्रबंधक ब्रजपाल सिंह शास्त्री, सचिव डा. रवि पंवार व प्रधानाचार्य देशपाल तोमर ने खिलाड़ियों का संवर्धन किया।



# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में चौधरी चरण सिंह को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** जिवाना के गुरुकुल इंटरनैशनल स्कूल में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती पर यज्ञ व गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें वक्ताओं ने चौधरी साहब को किसान मजदूरों का मसीहा बताया।

गोष्ठी में प्रबंधक एवं रालोद क्षेत्रीय महासचिव डा.अनिल आर्य ने कहा चौधरी चरण की नीतियां वर्तमान परिवेश में भी कारगर है। उनकी आर्थिक नीति मुख्य रूप से भारत के ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों पर केंद्रित थी। जिसका प्रमाण ये है कि उनके द्वारा आर्थिक नीतियों पर लिखी गई पुस्तक इकोनॉमिक नाइटमेयर ऑफ इंडिया इट्स कॉज एंड क्योर को विदेशी विश्वविद्यालयों में, विशेष रूप से अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय में, अर्थशास्त्र के पाठयक्रम में शामिल किया गया है। गोष्ठी में निदेशक डा.सुनील आर्य, एडवोकेट कुणाल आर्य, प्रधानाचार्य पवन त्यागी व चंद्रव. ीर सिंह सिवाच ने भी चौधरी साहब को गांव, गरीब और किसानों का सच्चा मसीहा बताया। गोष्ठी का संचालन डा.सुशील वत्स ने किया। इससे पूर्व स्कूल परिसर में स्थित यज्ञशाला में वेदमन्त्रो के साथ यज्ञ किया गया तथा चौधरी साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।



## एक नजर

# रजवाहे की पटरी टूटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न, किसान मायूश



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** खासपुर गांव के पास रजवाहे की पटरी टूटने से किसानो की 150 बीघा फसल जलमग्न होने से नुकसान हुआ है। वही पानी के बाहव के चलते खासपुर मंसुरपुर मार्ग टूटने से मार्ग अवरूध हो गया है जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने रजवाहे की पटरी की मरम्मत कराने की मांग की है। खासपुर गांव से होकर एक नहर का रजवाहा निकल रहा है जो पिछले कई वर्षो से पानी न आने के कारण सूखा पड़ा हुआ था और उसमें जगली जानवरों ने जगह जगह गढ्ढे भी कर रखे थे रात्रि रजवाहे में अचानक पानी आ गया जिसके चलते खासपुर गांव के पास रजवाहे की पटरी टूट गयी, जिसके चलते अनिल पुत्र जयप्रकाश गन्ने सरसों की आठ की फसल, किरणपाल 40 बीघा गेहूं की फसल रामकुमार की 6 बीघा गन्ने की फसल बॉबी की 6 बीघा सरसों की फसल बडागांव निवासी प्रीतम की दस बीघा गैहूं सरसो की फसल जलमग्न होने से किसानो को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा खेतो में पानी भरने रजवाहे टूटने से पानी के बहाव के चलते खासपुर मंसुरपुर मार्ग टूट गया है जिससे मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वही एयरफोर्स स्टेशन के लिए भी यही मार्ग जाता है जिससे जवानों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जल्द रजवाहे की पटरी की मरम्मत करने की मांग की है। वही मार्ग भी शुरू कराने की मांग की है। उधर प्रशासन द्वारा गम्भीरता से लेते हुए जेस. ीबी मशीन भेज रजवाहे और मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू शुरू कराया गया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महिला प्रदेश अध्यक्ष भारतीय त्यागी के दिशा निर्देश पर जनपद महिला जिलाध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस महिला कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य बाजार में बांग्लादेशी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला।

बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ द्वारा बब्बरता पूर्वक हत्या करने को मानवता के खिलाफ महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह ने इस घोर अपराध बताया उन्होंने भारत सरकार से पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों को खिलाफ बढ़ती ईशा का संज्ञान लेने और उनकी सुरक्षा का मुद्दा संसद में उठाने की मांग की। महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह ने कहा कि बांग्लादेश की सरकार हाथ पैर हाथ धरी बैठी है और बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। इसकी जितनी भी घोर निंदा की जाए वह भी कम है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार होना यह बड़ा जुर्म का काम है। चौधरी उर्मिला सिंह जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार से उचित कदम उठाए जाने की मांग की। इस मौके पर कांग्रेस महिलाओं ने नगर पालिका परिषद बडौत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर खड़े होकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ धरना भी दिया। कार्यक्रम में बानु पूनम देवी गुलशिता देवी फरजाना चौधरी रितु चौधरी मंजू चौधरी सरिता चौधरी ओमी चौधरी मिथिलेश चौधरी आदि कांग्रेस महिला कार्यकर्ताओं ने नगर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# भारत रत्न चौ.चरण सिंह की जयंती पर किया हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** ढिकोली गांव में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती पर सैनिक भवन में यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया और वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

ढिकोली गांव में सैनिक भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123 बी जन्म जयंती पर यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया जिसमें सभी किसान मजदूर नौजवान युवा सभी ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प माला अर्पित की और उनके बताये बताए हुए मार्ग पर सभी ने चलने का संकल्प लिया। लोगों ने अपने भारत रत्न किसान नेता को सच्ची श्रद्धांजलि दी एवं पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा किसानो के हित की बात की। ग्राम प्रधान प्रहलाद ढाका नें कहा कि चौधरी चरण सिंह मजदूरों और किसानो के हित के लिए हमेशा तैयार रहते थे उनके कार्य कभी नही भुलाये जा सकते है। वही प्रहलाद ढाका नें बुजुगो को साल उढाकर सम्मानित किया। इस मौकें पर सन्दीप प्रधान, राजू नेता, जयकुमार प्रधान, बाबू खान, बलबीर ढाका, पिंटू ढाका, उम्मेद प्रधान, प्रहलाद ढाका, चौधरी कालू राम, मास्टर राजपाल ढाका, जलसिंह, तरूण फौजी आदि मौजूद रहे।



# वीरेन्द्रपाल ने चौधरी साहब के बताएं मार्ग पर चलने का सभी लोगों से किया आवाहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में भारत रत्न किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौ.चरण सिंह की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांज. लि अर्पित की गयी। तत्पश्चात महाविद्यालय में स्थित यज्ञशाला में उनकी प्रतिमा के समक्ष एक विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह लोहडडा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का सभी लोगों से आवाहन किया। इस दौरान उपाध्यक्ष बुद्धसिंह, श्योदान तोमर, डा.महक सिंह, सुनील कुमार, यतेन्द्र सिंह व महाविद्यालय प्राचार्य डा. वीरेन्द्र प्रताप सिंह, महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डा.मदनपाल सिंह, आदि ने भारत रत्न स्व.चौ.चरण सिंह के जन्म, शिक्षा, किसानों के लिए किए गए कार्यों, जमींदारी उन्मूलन कानून, जातिवाद के खिलाफ उनके कार्य, नैतिकता, ईमानदारी, शिक्षा, संस्कार तथा चौधरी साहब के जीवन पर अपने सुंदर विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि स्व.चौधरी साहब ने समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के साथ-साथ कृषि की प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। वहीं महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि स्व.चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। अन्नदाता किसानों एवं प्रदेश वासियों को किसान दिवस की हार्दिक बधाई। कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक सोविन्द्र मलिक, शशिकांत, गुलवीर श्रीपाल कुमार, संजीव कुमार, अभय सांगवान, सुधीर कुमार, बाबूराम, उमानंद त्यागी, राकेश कुमार, महेश शर्मा, एवं शिक्षक/शिक्षणेत्तर सेवाकर्मियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौ.चरण सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# चौ.चरण सिंह की नीतियां आज भी प्रासंगिक:धीरज उज्जवल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मवीकलां गांव में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जयंती के अवसर पर कार्यक्रम हुआ, जिसमें गोष्ठी व यज्ञ का आयोजन हुआ तथा निर्धन बेसहारा ग्रामीणों को कंबल भी वितरित किए गए।

राहुल पांचाल के आवास पर हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रालोद प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्जवल ने कहा कि चौधरी चरण ने पूरे जीवन गांव, गरीब व वंचितों को हक दिलाने के लिए कार्य किया। एक जुलाई 1952 को यूपी में उनकी बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को अधिकार मिला। उन्होंने लेखपाल के पद का सृजन भी किया। किसानों के हित में उन्होंने विधानसभा सदस्य पंडित उमराव दत्त शर्मा की सहायता से सन 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून बनाया जिसे उन्होंने विभानसभा में पारित कराया। उनकी आर्थिक नीतियों को पूरे विश्व में मान्यता मिली है। विश्व के कई विश्वविद्यालय में उनकी पुस्तक पढ़ाई जा रही है। पूर्व जिला महासचिव राजू तोमर सिरसली ने कहा कि चौधरी साहब किसान मजदूरों के सच्चे हमदर्द थे। उनके मूल्य, सिद्धांत व विचारधारा को आत्मसात करने का संकल्प ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान करीब 900 गरीब बेसहारा ग्रामीणों को रालोद प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्जवल ने कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में लेखराज प्रधान, संजय उज्जवल, गुलवीर, रविंद्र, इन्द्रपाल, योगेन्द्र, निर्भय, सुभाष, हरपाल, मोहनवीर, मोहित, मदन उज्जवल, आदि मौजूद रहे।



# कांग्रेस कार्यालय पर मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय पर किसान मजदूर गरीबों शोषितो के मसीहा उच्च कोटि के वकील कर्मयोगी दूरदर्शिता सघर्ष के प्रतीक इमानदारी व सादगी के प्रतीक भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री श्रीपीवी नरसिंहा राव की पुण्यतिथि के अवसर पर महान हस्तियों की तशवीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन किया। भावपूर्ण स्मरण करते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया। महान जीवन पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने कहा दोनो महान हस्तियों ने देश को कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान कर किसानों की आर्थिक दशा मे सुधार किया। बेरा. ेजगारी मंहगाई से मुक्ति के लिए वित्तीय क्षेत्र मे अभूतपूर्व कार्य किये। देश सदैव रीणी रहेगा। बडौत शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा संगठन सर्जन अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए शहर से लेकर गांव तक कांग्रेस की नीतियों विचारधारा का संदेश दिया जायेगा। आज के युवाओं को उनके मार्ग पर चलने की जरूरत है। संचालन औमबीर दुहण ने किया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेन्दर राणा कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष अध्यक्ष उर्मिला सिंह रविन्द्र तोमर बिजेन्द्र शर्मा राम. रंग पंवार शोकेन्द्र तोमर डा सुभाष शर्मा चाहीराम इरशाद मोहित जाटव जावेद प्रविन्द्र अजय कुमार मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा जोनमाना आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसान मसीहा चौ.चरण सिंह को याद कर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन कार्यालय पर किसान मसीहा भारत रत्न स्व.चौ. चरण सिंह की जयंती श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। चौधरी चरण सिंह द्वारा किए गए किसानों के लिए कार्यों पर विचार व्यक्त किए।

किसानों ने कहा कि चौधरी साहब द्वारा जमींदारी प्रथा खत्म कर हम सबको किसान बनाया। उनके द्वारा किए गए कार्य पीढ़ियाँ याद रखेंगे तथा इतिहास के स्वर्णो में लिखे जाएंगे। इस मौके पर दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा, चौ. विजयपाल सिंह, चौ.इन्द्रपाल सिंह, चौ.उपेंद्र तोमर, चौ. जगपाल सिंह, चौ.कंवरपाल सिंह, दीपक पंडित, जितेन्द्र वर्मा, अश्वनी ठाकुर, अंकित ठाकुर आदि मौजूद रहे।



# सपाइयों ने दी चौधरी साहब को श्रद्धांजलि, नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ समापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किसान मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि चौधरी साहब ग्रामीण भारत की आवाज थे उनके चिंतन में किसान और गांव की आर्थिक प्रगति का मार्ग दिखाई पड़ता है। इस मौके पर अपने संबोधन में प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने चौधरी साहब को नमन करते हुए कहा कि चौधरी साहब ने जीवन भर सार्वजनिक जीवन में रहते हुए ईमानदारी और सुचिता की राजनीति की जो आज की आपा-धापी की राजनीति के लिए सबक है वे सच्चे अर्थो में गांधी के सपनों को पूरा करने वाले नेता थे। साथ ही साथ नेताजी की जयंती से लेकर चौधरी साहब की जयंती तक प्रदेश सचिव संजीव त्यागी के सौजन्य से बागपत विधानसभा के 21 स्थान पर चले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का समापन भी किया गया। इस मौके पर रवि शंकर शर्मा व पवन शास्त्री को समाजवादी प्रबुद्ध सभा को जिलाध्यक्ष और जिला महासचिव मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव समा. जवादी शिक्षक सभा नगेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, संजय डीलर,राहुल यादव, सोनू, सुभाष, दीपक कसाना मनोज चौधरी, सुरेंद्र पंवार, सतीश गौड आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने मनाई चौधरी अजीत सिंह की जयंती

**शाह टाइम संवाददाता**

**धमोरा।** किसान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण में एक मजबूत स्तम्भ की भूमिका निभाने वाले किसान मसीहा एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जंयती पर भारतीय किसान यूनियन द्धचौधरीत्रः के कैम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओ ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और उनके जीवन पर प्रकाश डाला।और किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के आदर्शो पर चलने का आ]वान किया। किसान दिवस के अवसर पर आज धमोरा स्थित कैम्प कार्यालय पर किसानों ने चौधरी चरण सिंह को याद किया।उनके द्वारा किए गए कार्यों की सरहाना की और नमन किया।

इस बीच बिजनौर से कार्यक्रम में पहुंचे बहुजन पेंथर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोनी सिंह ने कहा की किसानों की



सच्ची लडाई लडकर चौधरी चरण सिंह ने किसान के दिल में जगह बनाई और देश के प्रधानमंत्री बने और किसानों के हित में अनेको काम किए। देश का किसान आज भी चौधरी साहब को याद करता है।

युवा जिलाध्यक्ष डा।महेंद्र सिंह ने कहा चौधरी चरण सिंह ने किसानो को सम्मान दिया और उनके हक की लड़ाई मिलकर लडी।

जिला महासचिव नरहत खां ने कहा कि किसानों के दिलों में चौधरी चरण सिंह आज भी जिंदा हैं।हमेशा संघर्षरत रहकर किसान पंचायत को मजबूत किया। जिला महामंत्री शम्भू गुप्ता ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे मसीहा और हमदर्द थे उनके द्वारा किए गए संघर्ष को कभी नही भुलाया जा सकता है।

जिलाध्यक्ष इमरान बाबा ने सभी



किसानों का आभार व्यक्त किया और हमेशा चौधरी चरण सिंह के आदर्शों पर चलने का आ]वान किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी कौशल कुमार ने किया।किसानों से एकता बनाए रखने की अपील की। इस दौरान सभी किसान साथियों ने चौधरी चरण सिंह जी को नमन किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष इमरान बाबा,बहुजन पेंथर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोनी सिंह, मंडल अध्यक्ष यशपाल यादव, युवा जिलाध्यक्ष डा।महेंद्र पाल सिंह, जिला महासचिव नरहत खांन, जिला महामंत्री शम्भू गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी कौशल कुमार, सलमान अली, रिजवान अली, आसिफ अली, गुलफाम रजा, साजिद हुसेन, गेंदन लाल राजपूत, पवन राजपूत आदि मौजूद रहे।

# असम की महिला को मिला परिवार, लोगों ने दी बधाई

**शाह टाइम ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की जागरूकता के कारण हजारों किलोमीटर दूर असम की एक महिला और उसकी मासूम बच्ची को उनका परिवार वापस मिल गया। सैफनी पुलिस ने न केवल महिला को सड़क किनारे से सुरक्षित रेस्क्यू किया, बल्कि उसे असम ले जाकर परिजनों के सुपुर्द भी किया। बीते दिनों हेल्पलाइन नंबर 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि बड़ा गांव में सड़क किनारे एक महिला अपनी छोटी बच्ची के साथ असहाय स्थिति में बैठी है।

सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक सैफनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ में महिला ने अपना नाम उदयमणि बावड़ी द्ध43 वर्षत्रः और बच्ची का नाम सुमन बताया,



लेकिन मानसिक स्थिति या भाषा की समस्या के कारण वह अपना सटीक पता बताने में असमर्थ थी। महिला को सुरक्षित थाने लाकर श्वन स्टॉप सेंटरश रामपुर भेजा गया।

गहन काउंसलिंग के बाद पता चला कि वह असम के कछार जिले की रहने वाली है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आरक्षी लोकेन्द्र कुमार और महिला आरक्षी शबनम खान की टीम गठित की गई, जो महिला और उसकी बच्ची को लेकर असम रवाना हुई। 22 दिसंबर 2025 को पुलिस टीम ने असम के थाना उदारवांग पहुंचकर महिला को उसकी बहन राधा री और चचेरे भाई लोव री के सुपुर्द किया। इस दौरान स्थानीय विधायक मीर कान्तीदास और थाना प्रभारी प्रांजल शर्मा भी मौजूद रहे। विधायक ने रामपुर पुलिस के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

# स्केटिंग चलाकर संपूर्ण भारत की यात्रा पर निकले रुद्र बाबा 16 महीने से कर रहे यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** स्केटिंग के जरिए देश को जागृत करने निकले मध्य प्रदेश के रहने वाले एक ऐसे साधक, जिनकी यात्रा केवल दूरी तय करने की नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अलख जगाने की है। हम बात कर रहे हैं रुद्र बाबा की जो पिछले 16 महीनों से स्केटिंग करते हुए संपूर्ण भारत यात्रा पर निकले हुए हैं।

रुद्र बाबा अब तक अपनी इस अनोखी यात्रा के दौरान 11 ज्योतिर्लिंग और पंच केदार की पावन यात्रा पूर्ण कर चुके हैं। उत्तराखंड की देवभूमि से होते हुए जैसे ही उन्होंने उत्तर प्रदेश में प्रवेश किया उन्होने संवाद करते हुए कहा कि हउनकी यह यात्रा केवल धार्मिक नहीं है, इसका उद्देश्य देश के युवाओं को नशा मुक्त करना है। इसके साथ ही मैं पूरे देश में गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को जन-जन तक पहुंचा रहा हूं।

रुद्र बाबा का मानना है कि आज का युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति है, लेकिन नशा उसे कमजोर बना रहा है। स्केटिंग के माध्यम से वह युवाओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन और संस्कारित



जीवन ही सशक्त भारत की नींव है। धार्मिक आस्था, सामाजिक चेतना और राष्ट्रप्रेम इन तीनों को साथ लेकर निकली रुद्र बाबा की यह यात्रा आज लोगों के लिए प्रेरणा बनती जा रही है। अब देखना यह होगा कि उनकी यह मुहिम देश के युवाओं और समाज पर कितना गहरा प्रभाव छोड़ती है।

# टाण्डा जे नासिर उद्दीन को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** शिक्षा और समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा नगर निवासी नासिर उद्दीन को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

नई दिल्ली स्थित पांच सितारा होटल मेपल गोल्ड में आयोजित समारोह में समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में सीडरब्रुक विश्वविद्यालय यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका द्वारा मुहम्मद नासिर उद्दीन को डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी की मानद उपाधि प्रदान किए जाने पर इकरा हायर सेकेंडरी स्कूल टांडा का प्रबंधन अत्यंत सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह सम्मान नासिर उद्दीन के पिछले तीस वर्षों में उनके द्वारा शिक्षा व समाज सेवा में असाधारण और स्थाई



योगदान को मान्यता देता है।

यह उपाधि समाज के उत्थान, राष्ट्रीय विकास, व शिक्षा के क्षेत्र में उनके वर्षों के निस्वार्थ कार्य और उत्कृष्टता के लिए प्रदान की गई हे।सीडरब्रुक विश्वविद्यालय अमे. रिका ने उनके द्वारा किए गए कार्यों को सराहा है।

नासिर उद्दीन ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है और मैं विश्वविद्यालय का हृदय से आभारी हूं। यह केवल मेरा सम्मान नहीं, बल्कि उन सभी साथियों, समर्थकों और समाज का सम्मान है जिन्होंने इस यात्रा में मेरा साथ दिया। उन्होंने आगे कहा, यह उपाधि मुझे और अधिक जिम्मेदारी का एहसास कराती है। मैं इस सम्मान को एक नए सिरे से समाज की सेवा करने और सकारात्मक बदलाव लाने के अपने संकल्प को और मजबूत करने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में देखता हूं। मैं शिक्षा और सेवा के माध्यम से समाज को वापस देने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

दिल्ली में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि बिजेंद्र सिंह डी अहलावत उपाध्यक्ष नमो सेना, मती मोनिका बाधवान रघुबीर शर्मा, डिप्टी डायरेक्टर गृह मंत्रालय भारत सरकार, यशवंत सिंह पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश, बद्री गोपी बिजनेस कंसल्टेंट, कैलाश गंगवाल विधायक दिल्ली, दिनेश शर्मा पूर्व एसीपी दिल्ली पुलिस व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## बार वेलफेयर एसोसिएशन वर्तमान कार्यकारिणी भंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार बार वेलफेयर एसोसिएशन की वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है।

नई कार्यकारिणी के गठन के लिए एल्डर कमेटी के चेयरमेन पंकज जोशी और संरक्षक इरशाद अहमद सहित ताहिर हसन खां, एम. जहूर खां व अमरपाल सिंह राणा ने चुनाव कराए जाने के लिए राशिद खां प्रथम को चुनाव अधिकारी और मोव जीशान अंसारी को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

जिसके बाद चुनाव कार्यक्रम में मतदाता सूचि का प्रकाशन - 24-12-2025, आपत्ति एवं निस्तारण - 26-12-2015 के साथ नामांकन पत्रों की बिक्री 01-01-2026, नामांकन जमा 05-01-2026, नामांकन पत्रों की जांच - 06-01-2026 और मतदान एवं मतगणना 15-01-2026 को कराए जाने के कार्यक्रम की घोषणा की गई।

# दनियापुर गांव में हुआ राशन डीलर प्रत्याशी का चुनाव दीपक ने भारी मतों से की जीत हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दानियापुर गांव में सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्धकोटात्रः डीलर के चयन को लेकर चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम घोषित होते ही ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। नवनिर्वाचित कोटा डीलर दीपक के चयन पर गांव के लोगों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया।

ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नए कोटा डीलर के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था और अधिक पारदर्शी व सुचारु होगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही और सभी ने लो. कतांत्रिक तरीके से अपने मताधिक. ार का प्रयोग किया। इस मौके पर एडीओ वेदप्रकाश शर्मा ,सचिव उमेश गौतम सहयोगी सचिव




आदिशाकिब सचिव कामेंद्र पुत्र छत्रपाल और गांव के गणमान्य लोग, बुजुर्ग व युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्वाचित कोटा डीलर को शुभकामनाएं देते हुए ईमानदारी से कार्य करने और पात्र लाभार्थियों को समय पर राशन उपलब्ध कराने की अपेक्षा जताई।

## धान खरीद में गड़बड़ी, मंडी सचिव का पुतला फूंका, उग्र हुए किसान नेता

**पूरनपुर।** सरकारी क्रय केंद्र पर धान की तौल को लेकर किसान और किसान संगठनों के नेताओं ने मिलकर पूरनपुर मंडी समिति स्थल गेट पर जमीन पर बैठकर पहले शान्ति से प्रदर्शन किया जब बात नहीं बनी तब मंडी सचिव का पुतला फूंककर धरना प्रदर्शन किया। मामले की जानक. ारी मिलते ही पूरनपुर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। किसानों और किसान नेताओं की समस्या को देख भौतिक निरीक्षण कर जिसमें मंडी समिति और धान क्रय के जिम्मेदारों की खामियां पाई। जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए समस्या को दुरुस्त करने को मंडी सचिव को आदेश दिया। जो धान सेंटर क्रय सेंटर इंचार्ज मौके पर मौजूद नहीं मिले उन्हें नोटिस जारी करने का सचिव और एमओ को आदेश दिया।

## मेरठ में यूरोलॉजी रोबोटिक सर्जरी और किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाएं शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूरोलॉजी रोबोटिक सर्जरी और किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत मेरठ में हो गई है। इस ओपीडी का शुभारंभ सीनियर डायरेक्टर, डॉ. परेश जैन, और यूरोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट, डॉ. मोहित उपाध्याय की उपस्थिति में किया गया। डॉ. परेश जैन और डॉ. मोहित उपाध्याय, हर महीने के दूसरे और चौथे गुरुवार को सुबह 11 बजे से एक बजे तक मैक्स मेडसेंटर, मेरठ में उपलब्ध रहेंगे, जहां वे प्राथमिक परामर्श और फॉलोअप सेवाएं प्रदान करेंगे। डॉ. परेश जैन ने कहा रोबोटिक टेक्नोलॉजी ने यूरोलॉजी से जुड़ी सर्जरी में क्रांतिकारी बदलाव किया है और पूरे यूरोलॉजिकल केयर स्पेक्ट्रम में एडवांस ट्रीटमेंट संभव बनाया है। रीनल रिप्लेसमेंट में हालिया प्रगति के तहत रोबोट असिस्टेड किडनी ट्रांसप्लांट किए जा रहे हैं, जिनसे मरीज को तेजी से रिकवरी, कम दर्द, कम निशान और कम ब्लड लॉस का लाभ मिलता है। और जल्द मरीज घर चला जाता है।

# डीपीएम पब्लिक स्कूल में मनाई गई चौधरी चरण सिंह की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में भारत रत्न महान किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन एवं प्रेरणादायक वातावरण के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय सचिव एवं समाजसेवी जगदीश त्यागी एवं प्रधानाचार्य जिया जैदी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने चौधरी चरण सिंह के जीवन दर्शन, संघर्षपूर्ण यात्रा एवं किसान हित में किये गये ऐतिहासिक कार्यों पर अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की आत्मा थे, जिन्होंने किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए



आजीवन संघर्ष किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सचिव के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा के साथ साथ संस्कारों को भी प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने चौधरी चरण सिंह के सिद्धांतों को छात्रों के जीवन में उतारने की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यालय के कोऑर्डिनेटर मुकुल त्यागी सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# कूड़ा बीनने की आड़ में दुकानों के शटर तोड़कर चोरी करने वाले 2 शातिर बदमाश गिरफ्तार

**अमरिया।** थाना अमरिया पुलिस द्वारा ज्वैलरी शॉप में चोरी की घटना कारित करने वाले 2 शातिर चोरों को नाजायज असलहे व पीली धातु के झूमर, टीका एवं हार सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना अमरिया पुलिस द्वारा चोरी/नाजायज असलहा रखने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मंगलवार को ग्राम तुमड़िया मोड़ के पास से अभियुक्त मंगल पुत्र छोटे (उम्र लगभग 22 वर्ष) एवं भारत पुत्र पप्पू (उम्र लगभग 35 वर्ष) निवासी ग्राम ईशापुर, थाना निगोही, जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया गया। जामातलाशी में अभियुक्त मंगल के कब्जे से एक लोहे का हथौड़ा, एक देशी नाजायज तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त भारत के कब्जे से एक लोहे की रॉड, एक देशी नाजायज तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तों ने कूड़ा बीनने की आड़ में दुकानों के शटर तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया तथा अपने साथी गब्बर उर्फ कोमल के साथ मिलकर कस्बा अमरिया स्थित ज्वैलरी शॉप सहित अमरिया व भोजीपुरा क्षेत्र में चोरी की घटनाएँ करना बताया। अभियुक्तों की निशादेही पर ग्राम ईशापुर से 19 पीस माथे का टीका (पीली धातु), 10 पीस झुमर, 10 पीस गले के हार (पीली धातु), 7000 हजार रुपए नकद एवं एक आधार कार्ड बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना अमरिया पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 0315/2025 धारा 331(4), 305 बीएनएस में धारा 317 (2) बीएनएस एवं 3/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि की गई है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा मंच ने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंककर किया विरोध

**पीलीभीत।** कोतवाली क्षेत्र स्टेशन रोड ड्रमंडगंज चौराहा पर राष्ट्रीय सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंककर और नारेबाजी कर विरोध जताया। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हत्याचार होने के कई मामले सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आए है। जिसको गंभीरता लेते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा मंच के तमाम कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार की कड़ी निंदा करते हुए पुतला फूंककर विरोध किया। और भारत सरकार से अपील की बांग्लादेश में हिंदुओं का संरक्षण किया जाए। एक वीडियो पर दावा किया जा रहा है जिसमें एक युवक को पेड़ से बांधकर जलाया जा रहा है इसी के आक्रोश में यह धरना दिया था राष्ट्रीय सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने। प्रदर्शन में विनय सक्सेना, राजेश गंगवार, अश्वनी कटियार, मान सिंह, केशव वैश्य, दीपक आदि रहे।

## सड़क, फुटपाथ पर मिलने अनाथ, परित्यक्त या आपात स्थिति में रह रहे व्यक्तियों एवं बच्चों के पुनर्वासन को गठित टास्क फोर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** निदेशक महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा गठित टास्क फोर्स की बैठक मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशानुसार जनपद में सड़क, फुटपाथ पर रहने व मिलने वाले अनाथ, परित्यक्त या आपात स्थिति में रह रहे व्यक्तियों एवं बच्चों के पुनर्वासन हेतु जनपद में मुख्य विकास अधिक. ारी की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स गठन किया जा चुका हैं। गठित टास्क फोर्स द्वारा समय–समय रेस्क्यू अभियान चलाकर सड़क, फुटपाथ पर रहने व मिलने अनाथ, परित्यक्त या आपात स्थिति में रह रहे व्यक्तियों एवं बच्चों रेस्क्यू कर संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए ऐसे व्यक्तियों, बच्चों और महिलाओं का पुनर्वासन किया जाना हैं, जिसके लिए तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने–अपने अधीनस्थ को अपने स्तर से भी निर्देशित करें, कि जनपद में जनपद में सड़क, फुटपाथ पर रहने व मिलने अनाथ, परित्यक्त या आपात स्थिति में रह रहे व्यक्तियों एवं बच्चों चिन्हित कर अपने–अपने विभागाध्यक्षों को अवगत कराए ताकि रेस्क्यू अभियान चलाकर ऐसे व्यक्तियों का आश्रय देकर पुनर्वास कराया जा सके। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, दियांजन सशक्तिकरण अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं परियोजना अधिकारी द्वारा नामित सदस्य की उपस्थिति रही।

# सरधना में चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती पर श्रद्धा, संकल्प और कार्यक्रमों की हुई श्रृंखला

■ राजनीतिक दलों किसान संगठनों व ग्रामीणों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती मंगलवार को सरधना क्षेत्र में श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों, किसान संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और ग्रामीणों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर चौधरी चरण सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया गया। लोकदल कार्यकर्ताओं सहित अन्य राजनी. तिक दलों के पदाधिकारियों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि चौधरी साहब का पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने कभी पद और सत्ता का मोह नहीं किया और सदैव गांव, खेत और किसान को राजनीति के केंद्र में रखा। उनके सिद्धांत आज



भी देश के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

### किसान यूनियन ने भावभीनी श्रद्धाजंलि

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की ओर से गांव छबड़िया में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों व किसानों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर श्रीपाल, जॉनी त्यागी, अंबुज त्यागी, जगमाल पाल, राजन, नागेंद्र राठी, मनोज तालियान, अतुल त्यागी, डॉ. इदरीश, शाहरूख, सचिन त्यागी सहित अनेक किसान साथी मौजूद रहे।

### किसानों के सच्चें हितैषी थे चौधरी चरण सिंह: निखिल राव

भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) द्वारा तहसील अध्यक्ष मनोज पाल के आवास पर किसान दिवस एवं चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी निखिल राव ने की। अपने संबोधन में निखिल राव ने कहा कि चौधरी साहब किसानों के सच्चे हितैषी थे और उन्होंने किसानों, मजदूरों व वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया।

# चौ.चरण सिंह को राजकीय सम्मान, किसानों की समस्याओं पर उठी आवाज, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत जनपद रामपुर द्वारा किसान हितों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। यह ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिलक के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती व पुण्यतिथि को राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

जिलाध्यक्ष ज्ञानपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि चौधरी चरण सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों, ग्रामीणों और शोषित वर्गों के उत्थान को समर्पित किया। ऐसे महान नेता की स्मृति को



सहेजने के लिए रामपुर के किसी प्रमुख चौराहे पर उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए, जिससे आने वाली पीढ़ी उनके योगदान को याद रख सके।

**तहसील व प्रशासनिक अव्यवस्थाओं पर सवाल**

किसान नेताओं ने तहसील स्तर पर लेखपालों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। आरोप लगाया गया कि किसान जब तहसील पहुंचते हैं तो लेखपाल उपलब्ध नहीं रहते और बिना सुविधा शुल्क के किसानों का काम नहीं किया जाता, जिससे किसान मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान हैं।

**ठंड में अलाव की व्यवस्था की मांग**

ज्ञापन में मिलक नगर पालिका से मांग की गई कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जाए। रात्रि में बसों से उतरने वाले किसान, जिनके गांव दूर होते हैं, ठंड में असहाय हो जाते हैं।

**आवारा गोवंश से फसल को खतरा**

किसानों ने बताया कि आवारा गोवंश के कारण गेहूं समेत अन्य फसलें बर्बाद हो रही हैं। मांग की गई कि आवारा गोवंश को गौशालाओं में संरक्षित किया जाए ताकि किसानों की मेहनत की फसल बच सके।

**शहीद का दर्जा और मुकदमे वापस लेने की मांग**

गाजीपुर बॉर्डर पर चले 13 महीने लंबे किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले किसानों को शहीद का दर्जा देने और आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने की भी मांग की गई।

**अवैध निजी अस्पतालों पर कार्रवाई की मांग**

रामपुर जनपद में संचालित अवैध निजी अस्पतालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया कि कुछ डॉक्टर गरीब किसानों और आम जनता से मनमानी वसूली कर रहे हैं। ऐसे अस्पतालों की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर आमिर हुसैन, ज्ञान सिंह, ज्ञानपाल सिंह यादव द्धजिलाध्यक्षत्रं, राम यादव सहित भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्व.चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मंगलवार को जनपद रामपुर में राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ की संयुक्त कार्यक्रम में किसान मसीहा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी की 123 वीं जयंती पर गरीबों को कंबल वितरण किए गए। जिसमें मुख्य रूप से अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू महिला प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय अध्यक्ष मुरादाबाद मंडल के प्रभारी एडवोकेट शशी बालाजी प्रदेश सचिव हाजी सद्दीक में गरीबों को कंबल वितरण किया और मिठाई वितरण की। प्रदेश

महासचिव ने बोलते हुए चौधरी चरण सिंह जी के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया क्षेत्रीय अध्यक्ष



महिला प्रकोष्ठ एडवोकेट शशिबाला ने भी चौधरी चरण सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोगों को उनके किसान प्रेम के बारे में बताया।

तराना बेगम द्वारा भी चौधरी चरण सिंह जी के बारे में बताया राला.द नेता सुरेंद्र सिंह नेवी विचार रखें और तमाम लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान हाफिज फैयाज हसन गुड्डू, निगार बेगम, विमलेश, फिरोज आलम खान, महफूज खान, मुनाजिर हुसैन, हाजी मोहम्मद याकूब, मोहम्मद फरहान, शकील सैफी, गुड़िया सैफी, मेहरून जहां, मुस्तफा, कमाल, बल्लू, मोहम्मद रेहान, जुबेर अहमद, इदरीस अंसारी, रोहन, मंजू खान आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान सम्मान निधि की किस्त चार हजार रूपये करने की मांग, भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मिलक/रामपुर।** किसानों के मसीहा एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता मंगलवार को निरीक्षण भवन मिलक में एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर भारतीय किसान संघ ने किसानों से जुड़ी पांच प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी को सौंपा।

ज्ञापन में किसान संघ ने मांग की कि किसानों को मिलने वाली किसान सम्मान निधि की किस्त 2000 की बजाय 4 हजार रूपए की जाए, जिससे किसानों को सालाना 12 हजार रूपए का वास्तविक लाभ मिल



सके। इसके अलावा संघ ने आरोप लगाया कि जनपद रामपुर में गौवंश किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। खंड विकास अधिकारी मिलक को कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संघ ने चेतावनी दी कि यदि किसान खेती से मुंह मोड़ लेंगे तो देश के सामने बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। तत्काल गौवंश को पकड़कर गौशालाओं में भेजने की मांग की गई।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि जनपद के सभी निजी स्कूलों में द्धएन।सी।ई।आर।टी।त्रं पाठ्‌क्रम अनिवार्य किया जाए। आरोप लगाया गया कि निजी स्कूल संचालक अपनी मर्जी से निजी दुकानों की किताबें थोप रहे हैं, जिससे गरीब किसानों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। किसान संघ ने खंड विकास अधिक.ारी और सप्लाई इंस्पेक्टर मिलक पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि गरीबों के राशन कार्ड गलत तरीके से काटे जा रहे हैं। ऐसे सभी कार्ड तत्काल जोड़े जाएं, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। वहीं ग्राम मदानगला में मंदिर की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जे का आरोप लगाते हुए संघ ने कहा कि उपजिलाधिकारी को जानकारी होने के बावजूद लेखपाल की साठगांठ के कारण कार्रवाई नहीं हो रही। जमीन खाली कराकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, जिला बी प्रमुख सुमित कश्यप, ब्लॉक मंत्री मिला राम बहाद.ुर गंगवार, नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष मिंटू तिवारी, यशपाल वास्तव, अनमोल राणा, अरुण वास्तव, अमन कुमार, संजू शर्मा, आकाश कश्यप, अरुण गंग.वार, राहुल गंगवार सहित बड़ी संख्या में किसान संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रालोद ने मनाई स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को राष्ट्रीय लोकदल, जनपद रामपुर द्वारा किसान मसीहा, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन शोकत अली रोड स्थित रालोद जिला कार्यालय पर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके उपरांत आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय लोकदल किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह बिट्टू ने चौधरी चरण सिंह जी के जीवन, संघर्ष और किसान हित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब का संपूर्ण जीवन किसानों, ग्रामीण भारत और सामा.जिक न्याय के लिए समर्पित रहा।

विचार गोष्ठी में उपस्थित सभी वक्ताओं ने चौधरी



साहब के विचारों, सिद्धांतों एवं किसानोन्मुखी नीतियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उन्हें आज भी प्रासंगिक बताया। साथ ही वक्ताओं ने यह भी कहा कि पार्टी के जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन कुछ समय से अस्वस्थ थे, किंतु अब वे पहले से स्वस्थ हैं और शीघ्र ही संगठन व जनता के बीच पुन: सक्रिय रूप से उपस्थित होंगे यही सभी की शुभकामना एवं दुआ है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोद रुहेलखंड की महासचिव सुमन सिंह परिहार ने की जबकि संच.ालन रालोद नेता प्रभात कुमार भरद्वाज ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष नवाब खान, सरदार जसवीर सिंह गोराया, सरदार दिलबाग सिंह, गिल साहब, महिला प्रकोष्ठ की जिलाअध्यक्ष कुलदीप कौर, कलावती, महिला प्रकोष्ठ रुहेलखंड की क्षेत्रीय अध्यक्ष शशि बाला, जावेद अहमद, मो। अहमद सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान साथी उपस्थित रहे और सभी ने अपने विचार व्यक्त किए।

जिला कार्यालय में कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय लो.कदल के पदाधिकारीगण सरदार बलजीत सिंह बिट्टू के नेतृत्व में जिला अस्पताल पहुंचे, जहां भर्ती मरीजों को फल वितरण कर मानवीय सेवा का संद.ेश दिया गया।

इस प्रकार राष्ट्रीय लोकदल, रामपुर द्वारा किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान दिवस के रूप में धूमधाम एवं सेवा भाव के साथ मनाया गया।

# नगर पालिका परिषद में आंखों का मुफ्त कैम्प का आयोजन हुआ

विधायक व न.प.अ. पुत्र उमेर अंसारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** नगरपालिका परिषद में हेल्प ऐज इंडिया एन जियो द्वारा निशुल्क आंखों के केम्प का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ विधायक व पालिका अध्यक्ष पुत्र उमेर अंसारी ने फीता काटकर किया। इस दौरान शिविर के माध्यम से बुजुर्गों एव जरूरतमंद लोगो को निशुल्क आखों की जांच दवाइया एव मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।हेल्प ऐज इंडिया द्वारा समाजके वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य सम्मान और बेहतर जीवन के लिए किया जा रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है।इस दौरान शिविर का आयोजन के।डी।डालमिया नेत्र हॉस्पिटल द्वारा किया गया।

# इंपैक्ट कॉलेज के कृषि एजी विभाग में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मंगलवार को इंपैक्ट कॉलेज के एग्रीकल्चर द्धए।जी।त्रं विभाग में राष्ट्रीय किसान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय किसान दिवस हर वर्ष 23 दिसंबर को देश के महान किसान नेता चौधरी चरण सिंह जी की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। यह दिन भारतीय किसानों के सम्मान और देश के विकास में कृषि की अहम भूमिका को रेखांकित करता है।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो। आसिम अहमद ने अपने संबोधन में चौधरी चरण सिंह जी के कृषि क्षेत्र में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला और किसानों के हित में उनके प्रयासों को याद किया।



कॉलेज के चेयरमैन डॉ। सुल्तान अहमद सैफी ने कृषि क्षेत्र में आधु.निकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया और एजी छात्रों को कृषि क्षेत्र का सुधारक बनने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कृषि विभाग के व्याख्याताओं दीपेश कुमार, शुएब त्यागी, इस्लामुद्दीन सैफी एवं आबिद अहमद, डॉ। दानिया, नगमा बी ने भी अपने विचार रखे और छात्रों को किसान दिवस के महत्व तथा चौधरी चरण सिंह जी के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त कर किसानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की।

कार्यक्रम में कॉलेज के एमडी सरताज अहमद सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन छात्र ऋषु गुप्ता ने बहुत ही प्रभावशाली और सराहनीय ढंग से किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में किसानों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना और कृषि क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए जागरूकता बढ़ाना रहा।

## एक नजर

### रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से होगा रोजगार मेरे का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जनपद के प्रत्एक विकास खण्ड स्तर पर नि:शुल्क सुरक्षा गार्ड की भर्ती का एक दिवसीय रोजगार मेलों का आयोजन रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड चमरौआ में 29 दिसम्बर 2025 को जिला सेवायोजन कार्यालय में प्रात: 10:30 बजे से 03:00 बजे तक सुरक्षा गार्ड की भर्ती हेतु मेले का आयोजन किया जाएगा।

इसी प्रकार 30 दिसम्बर 2025 को विकास खण्ड बिलासपुर के विकास खण्ड सभागार, विकास खण्ड शाहबाद के सभागार में 05 जनवरी 2026 को, विकास खण्ड मिलक के सभागार में 06 जनवरी 2026 को, विकास खण्ड सैदनगर के सभागार में 07 जनवरी 2026 को एवं विकास खण्ड स्वार के सभागार में 08 जनवरी 2026 को प्रात: 10:30 बजे से 03:00 बजे तक सुरक्षा गार्ड भर्ती हेतु मेलों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड व क्षेत्र पंचायत के इच्छुक युवकों को सुरक्षा गार्ड की भर्ती हेतु माप दण्ड हेतु योग्यता में हाईस्कूल, इण्टर एवं स्नातक, आयु 21 से 35 वर्ष, लम्बाई 170 सेमी, वनज 56-90 कि।ग्रा।, समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पास बुक एवं फोटो अनिवार्य है।

### नहर में युवक का शव मिलने से सनसनी परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** थाना मिलक क्षेत्र के सिमरा मोड़ के पास नहर में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान चंचल सागर 26 पुत्र सुभाष चंद, निवासी आगापुर, तहसील मिलक के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों के अनुसार चंचल सागर बीती रात अपनी ससुराल कंचनपुर से रुद्रपुर जा रहा था। वह रुद्रपुर में रहकर काम करता था। रास्ते में उसकी मौत कैसे हुई, इसकी स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। सुबह सिमरा मोड़ पर नहर में उसका शव बरामद हुआ।

मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, हालांकि अभी तक थाने में कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

बताया गया कि चंचल सागर की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी और उसकी एक छोटी बेटी है। युवक की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### बार एसोसिएशन चुनाव में सभी नामांकन जांच में वैध पाए गए

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** बार चुनाव में चुनाव अधिकारी एडवोकेट बाबूराम गंगवार व सहायक चुनाव अधिकारी मोहम्मद जावेद मलिक के द्वारा प्रेस नोट के माध्यम से बताया गया कि बार एसोसिएशन परिसर में बार चुनाव को लेकर 23 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की गई जिसमें कोई आपत्ति नहीं आई समस्त नामांकन पत्र वैध पाए गए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सतीश चंद्र गंगवार व नवनीत यदुवंशी उर्फ नोनी राम महासचिव पद के लिए रमेश चंद्र एवं बसंत कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए सोमपाल भारतीय उपाध्यक्ष 10 वर्ष से अधिक वीरेश कुमार उपाध्यक्ष 10 वर्ष से कम पद के लिए अनुज पांडे कोषाध्यक्ष पद के लिए देवेंद्र कुमार गंगवार संयुक्त सचिव प्रशासन पद के लिए हर्षवर्धन गंगवार संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिए राकेश कुमार गंगवार आदि के नामांकन पत्रों की जांच की गई जिसमें सभी के नामांकन पत्र सभी ठीक पाए गए।

### बॉर वेलफेयर एसोसिएशन वर्तमान कार्यकारिणी भंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** सोमवार बार वेलफेयर एसोसिएशन की वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन के लिए एल्डर कमेटी के चेयरमेन पंकज जोशी और संरक्षक इरशाद अहमद सहित ताहिर हसन खां, एम. जहूर खां व अमरपाल सिंह राणा ने चुनाव कराए जाने के लिए राशिद खां प्रथम को चुनाव अधिकारी और मोव जीशान अंसारी को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। जिसके बाद चुनाव कार्यक्रम में मतदाता सूचि का प्रकाशन - 24-12-2025, आपत्ति एवं निस्तारण - 26-12-2015 के साथ नामांकन पत्रों की बिक्री 01-01-2026, नामांकन जमा 05-01-2026, नामांकन पत्रों की जांच - 06-01-2026 और मतदान एवं मतगणना 15-01-2026 को कराए जाने के कार्यक्रम की घोषणा की गई।

# कृषि विज्ञान केन्द्र धमोरा में कृषि मेला एवं प्रदर्शनी हुआ आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मंगलवार को स्व. चौधरी चरण सिंह, भूतपूर्व प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस के उपलक्ष्य में कृषि विज्ञान केन्द्र, धमोरा में किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी एवं मिलेट्स रेसीपी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी तथा जिला सहकारी बैंक चेयरमेन मोहन लाल सैनी द्वारा प्रगतिशील किसानों अमरजीत सिंह, अरूण कुमार, शांतु विश्वास, हरदीप सिंह एवं राजेन्द्र शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा किसान सम्मान दिवस में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया



गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में स्व। चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने किसानों की भलाई एवं हितों की रक्षा के लिए अनेक ऐतिहासिक एवं सराहनीय कार्य किए तथा कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्व। चौधरी चरण सिंह उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे तथा वर्ष 1979 में भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने।

उन्होंने कृषि एवं कृषकों के लिए ऐतिहासिक योगदान दिया और उन्हें देश में भूमि सुधार का अग्रदूत माना जाता है। नाबार्ड की स्थापना की नींव रखने के साथ उन्होंने किसानों को सस्ते ऋण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त किया।

उन्होंने कहा कि 23 दिसम्बर को किसान दिवस मनाना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके विचारों और मूल्यों को स्मरण करने का अवसर है ह्जब तक किसान गरीब है, देश अमीर नहीं हो सकता।ह्र जमींदारी उन्मूलन अभियान एवं मंडी अधिनियम की स्थापना में भी उनका विशेष योगदान रहा।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की महत्त्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र कृषकों को प्रतिवर्ष रूपये 6000 की सहायता दी जाती है। योजना की 21 किस्तों के माध्यम से जनपद के कृषकों के बैंक खातों में कुल रूपये 994।77 करोड़ की धनराशि प्रेषित की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री योजना में जनपद प्रदेश स्तर पर पांचवें स्थान पर है तथा सभी कृषकों के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है।

उन्होंने यह भी बताया कि पीएम कुसुम योजना द्धसोलर फोटो वोल्टाइक सिंचाई पंपत्रं के अंतर्गत जनपद में 02, 03, 05, 7।5 एवं 10 एचपी क्षमता के कुल 2407 सोलर पंप 60 प्रतिशत अनुदान पर स्थापित किए गए हैं। कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत लगभग रूपये 150 करोड़ की अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों को प्रदान की गई है।

फसल अवशेष प्रबंधन में जनपद प्रथम स्थान पर है।

साथ ही प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, बीज अनुदान योजना एवं उर्वरक व्यवस्था जैसी योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा रहा है, जिससे किसानों को निरंतर लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, डॉ।नरेन्द्र कुमार, डॉ।मयंक राय, डा।अनुज बंसल, डा। आशीष कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में किसानगण उपस्थित रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने शांतिभंग में की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र ग्राम धर्मपुर उत्तरी में शांति व्यवस्था भंग होने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम धर्मपुर उत्तरी निवासी तरसेम सिंह पुत्र हरभजन सिंह द्धउम्र करीब 50 वर्षत्रं और सुखविंदर सिंह पुत्र हरभजन सिंह द्धउम्र करीब 52 वर्षत्रं गांव में विवाद को लेकर उग्र हो रहे थे, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बन गई थी।

सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक अजय कुमार शुक्ला हमराही पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माने और लगातार उत्तेजित होते रहे। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 170ध126ध135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाशी ली गई, लेकिन उनके पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। चिकित्सीय परीक्षण के दौरान भी किसी प्रकार की चोट नहीं पाई गई। पुलिस ने आरोपियों को भोजन, पानी और कंबल आदि उपलब्ध कराते हुए मानवाधिकारों का पालन किया। बाद में उन्हें संबंधित प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया गया। बताया गया कि आरोपियों का पड़ोसी से विवाद चल रहा था, जिसमें बच्चों की पिटाई और स्कूल से जुड़ा मामला सामने आया था। विवाद के चलते गांव में तनाव की स्थिति बन रही थी।

पुलिस की तत्परता से समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और किसी अप्रिय घटना को टाल दिया गया।थानाध्यक्ष स्वार प्रदीप मलिक ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस गांव में लगातार नजर बनाए हुए है, जिससे शांति बनी रहे।

# वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में छात्रों को बैंक योजनाओं व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज धमोरा रामपुर में बैंक योजनाओं, सेवाओं एवं साइबर सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ से एलडीओ रिशभ सक्सेना नें किशोरों और युवाओं को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे जनधन बचत खाता, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि ए योजनाएं गरीब और असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है इसमें कोई भी व्यक्ति जिसका बैंक में खाता है रूपये क्रमश: 20 और 436 के वार्षिक प्रीमियम देकर लाभ ले सकता है। साथ ही रिशभ सक्सेना नें बैंक खातों में नॉमिनी के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक शिवांग जोशी नें साइबर सुरक्षा पर बात करते हुए बताया कि किसी भी अंजान लिंक को न खोलें और न ही किसी को अपना पासवर्ड बताएं। किसी अनजान फोन कॉल से डरे नहीं बल्कि उसकी सूचना 1930, नजदीकी पुलिस स्टेशनध साइबर सेल को दें।




क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा वित्तीय साक्षरता केंद्रों द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, फाउंडेशन से सोनिक मिश्रा नें कार्यक्रम में ष्आपकी पूंजी, आपका अधिकारष् के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति का किन्ही कारणों से वित्तीय संस्थानों जैसे बैंक, बीमा कंपनी या शेयर्स आदि में डीईएएफ खातों मे पैसा पड़ा है तो अपना केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर अपना पैसा वापस पा सकते हैं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील कुमार अध्यापकों, विपिन वास्तव के अलावा रानी अब्बन और नीतू की उपस्थिति रही।

# पहली बार रैंकिंग में शीर्ष पर दीप्ति



**● दीप्ति ने 130 टी-20 मैचों में 18.99 की औसत से 6.11 की इकॉनमी रेट से 148 विकेट लिए है रेणुका सिंह ठाकुर दूसरी सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज**

**दुबई, वार्ता।** मंगलवार को जारी नई रैंकिंग में, श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज के पहले मैच में शर्मा के 1/20 के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड से एक रेटिंग अंक से आगे पहुंचा दिया। दीप्ति के पास टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजी के लिए 737 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। यह फॉर्मेट एलए 2028 ओलंपिक का हिस्सा बनने वाला है, जो गेम्स में इस खेल की वापसी का प्रतीक है। दीप्ति ने टी-20 के सबसे छोटे फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 130 टी-20 मुकाबलों में 18-99 की औसत और 6.11 की इकॉनमी रेट से 148 विकेट अपने नाम किए हैं। इस लिस्ट में रेणुका सिंह ठाकुर दूसरी सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज हैं, उन्होंने 14वें स्थान पर अपनी जगह बनाई।

दीप्ति की ऑलराउंडर क्षमता भी उतनी ही दमदार है। वह वर्तमान में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर के बाद तीसरे स्थान पर काबिज हैं। महिला वनडे विश्व कप 2025 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद, दीप्ति शर्मा 50 ओवर के फॉर्मेट में गेंदबाजों में पांचवें और ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर काबिज हैं। महिला टी-20 बैटिंग रैंकिंग में, स्मृति मंधाना शीर्ष पांच में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। रविवार को विशाखापत्तनम में खेले गए पहले भारत-श्रीलंका मैच में भारत की प्लेयर ऑफ द मैच रहीं जेमिमा रोड्रिग्स पांच पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। पुरुष टी-20 रैंकिंग में भारत का जलवा बरक. रार है, जहां अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी में पहले और वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी में पहले स्थान पर बने हुए हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के स्टार खिलाड़ी तिलक वर्मा बल्लेबाजों में चौथे स्थान पर हैं, जबकि हार्दिक पांड्या विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर रहकर भारत के सर्वश्रेष्ठ टी-20 ऑलराउंडर बने हुए हैं। टी-20 टीम रैंकिंग में भारतीय मेंस टीम वर्ल्ड रैंकिंग में पहले स्थान पर है, जबकि महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

# एफआईएच विश्व रैंकिंग में 8वें स्थान पर फिसला भारत, महिला टीम 10वें स्थान पर

**● महिलाओं की रैंकिंग में नीदरलैंड 3809 पांइट्स के साथ प्रथम स्थान पर**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारत 2025 की शुरुआत पांचवें स्थान पर करने के बाद साल के अंत तक जाते-जाते एफआईएच विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर फिसल गया है जबकि महिला टीम 10वें स्थान पर है। 2025 में इंटरनेशनल हॉकी ने टॉप लेवल के एक्शन का एक लगातार कैलेंडर पेश किया।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग की लड़ाइयों से लेकर नेशंस कप और नेशंस कप 2 के रोमांच के साथ-साथ सभी महाद्वीपों में कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप तक - जिससे एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में बड़े बदलाव हुए। पुरुषों और महिलाओं दोनों के खेल में, जानी-मानी टीमों ने अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उभरती हुई टीमों ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। महिलाओं की रैंकिंग में, नीदरलैंड्स (3809) जिसने साल की शुरुआत टॉप स्थान पर की थी, उसने पूरे साल अपनी पकड़ बनाए रखी, एक और शानदार सीजन के साथ जिसमें उन्होंने प्रो लीग और यूरोहॉकी चैंपियनशिप में चैंपियनशिप जीतकर अपनी कैबिनेट में और ट्रॉफियां जोड़ीं, जबकि अर्जेंटीना (3326), बेल्जियम (3109) और चीन (2977) ने शानदार कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और प्रो लीग अभियानों के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर बने रहे, जहां से उन्होंने साल की शुरुआत की थी। स्पेन (2777) टॉप-10 रैंकिंग में साल के सबसे बड़े फायदे में रहने वालों में से है, क्योंकि वे पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि साल की शुरुआत आठवें स्थान पर की थी! स्पेन की यह बढ़त ऑस्ट्रेलिया (2758), जर्मनी (2734) और इंग्लैंड (2510) की कीमत पर हुई है, जो सभी एक-एक स्थान नीचे गिर गए हैं, और साल का अंत छठे, सातवें और आठवें स्थान पर किया है। न्यूजीलैंड (2319) जिसने 2025 में महिलाओं का एफआईएच हॉकी नेशंस कप और ओसनिया कप जीता था, वह भारत (2315) से ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गया है, जिसे 2025 में प्रो लीग से बाहर होना पड़ा था। जापान (2186) और संयुक्त राज्य अमेरिका (2172) दो स्थान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें और बारहवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि आयरलैंड (2030) और चिली (1999) तेरहवें और पंद्रहवें स्थान पर आ गए हैं, स्कॉटलैंड (2015) चौदहवें स्थान पर है। कोरिया (1864) सोलहवें स्थान पर बना हुआ है, उसके बाद फ्रांस (1742) है जिसकी एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2 में जीत ने उसे तीन स्थान ऊपर चढ़ने में मदद की। इटली (1737), उरुग्वे (1736) और दक्षिण अफ्रीका (1670) टॉप-20 में शामिल हैं।

## नेरेस के दो गोल की मदद से नेपोली ने इटेलियन सुपर कप का खिताब जीता

**रियाद, वार्ता।** डेविड नेरेस के दो गोल की मदद से नेपोली ने सोमवार को बोलोग्ना को 2-0 से हराकर अपना तीसरा इटेलियन सुपर कप खिताब जीता। नेपोली ने 39वें मिनट में स्कोरिंग शुरू की जब नेरेस ने पेनल्टी एरिया के बाहर थ्रो-इन पर कंट्रोल किया और फिर टॉप कॉर्नर में एक शानदार शॉट मारा। घंटे भर बाद ब्राज़ीलियन ने बढ़त दोगुनी कर दी, बोलोग्ना के बॉक्स के अंदर कब्ज़ा हासिल किया और आगे बढ़ते गोलकीपर को छकाते हुए एक टाइट एंगल से गोल किया। इस जीत से नेपोली को अपना तीसरा सुपरकोपा इटेलियन खिताब मिला, इससे पहले उन्होंने 1990 और 2014 में ट्रॉफी जीती थी। 2023 से, इटेलियन सुपर कप चार टीमों के फॉर्मेट में खेला जाता है, जिसमें सीरी ए चैंपियन और रनर-अप के साथ-साथ कोपा इटालिया के विजेता और रनर-अप शामिल होते हैं।

**खेल विशेष**

## हरमनप्रीत, सविता सलीमा सूरमा हॉकी के कप्तान बने रहेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूरमा हॉकी क्लब ने हॉकी इंडिया लीग के आने वाले सीजन के लिए अपनी लीडरशिप टीम को बरक. रार रखा है। क्लब ने घोषणा की है कि हरमनप्रीत सिंह पुरुषों की टीम के कप्तान बने रहेंगे, जबकि सीनियर गोलकीपर सविता व मिडफील्डर सलीमा टेटे एक बार फिर महिलाओं की टीम की सह-कप्तान होंगी। सूरमा हॉकी क्लब की प्रेस रिलीज के अनुसार, हरमनप्रीत की लीडरशिप और प्रभाव एसएचसी की योजनाओं के लिए बहुत ज़रूरी हैं। अपने डिफेंस में शांत स्वभाव और खतरनाक ड्रैग फ्लिकिंग क्षमता के लिए मशहूर, भारतीय राष्ट्रीय टीम के कप्तान ने पिछले सीजन में हॉकी इंडिया लीग में पुरुषों की टीम को तीसरा स्थान दिलाया था। ओलंपिक और एशियाई खेलों के मेडल्स सहित एक शानदार इंटरनेशनल करियर के साथ, हरमनप्रीत का अनुभव व दबाव में शांत रहने की क्षमता टीम को स्थिरता और अटैकिंग बढ़त दोनों देती है। एक बार फिर टीम की कप्तानी करने पर अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए हरमनप्रीत ने कहा कि इस टीम की कप्तानी करना हमेशा एक खास एहसास होता है। पिछले सीजन में तीसरे स्थान पर रहने से पता चला कि हम क्या कर सकते हैं, और हमने उससे बहुत आत्म विश्वास लिया है। टीम और करीब और मजबूत हुई है, और मुझे सच में विश्वास है कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने के लिए सही मिश्रण है। हम पूरी तरह से फोकस्ड, मोटिवेटेड हैं, और इस सीजन में जब हम मैदान पर उतरेंगे तो सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। महिलाओं की टीम में, पिछले सीजन में मजबूत रनर-अप रहने के बाद सविता व सलीमा की लीडरशिप जोड़ी को बरकरार रखा गया है। सविता की निरंतरता और पीछे से लीडरशिप, सलीमा की मिडफील्ड में एनर्जी व क्रिएटिविटी के साथ मिलकर, टीम के प्रदर्शन की रीढ़ बनी है।

# महिला घरेलू क्रिकेट में मैच फीस दोगुना से ऊपर हुई

**● रिजर्व खिलाड़ियों को प्रतिदिन 25000 रुपये देने का बीसीसीआई ने लिया फैसला खेलेने वाले खिलाड़ियों के लिए फीस 50000 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है**

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने महिला घरेलू क्रिकेट में मैच फ़ीस बढ़ा दी है। सीनियर प्रतियोगिताओं में पहली एकादश में खेलने वाली खिलाड़ियों के लिए यह फ़ीस 20,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये प्रति दिन कर दी गई है।

यह फ़ैसला सोमवार को मुंबई में हुई एपेक्स काउंसिल की बैठक में लिया गया। रिज़र्व खिलाड़ियों को इसका आधा यानी 25,000 रुपये प्रति दिन मिलेगा। आयु-वर्ग स्तर पर भी संशोधन किया गया है, जहां पहली एकादश का हिस्सा बनने वाली खिलाड़ियों को 25,000 रुपये प्रति दिन और रिज़र्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। अब तक आयु-वर्ग की खिलाड़ी अगर एकादश में होती थीं तो उन्हें 10,000 रुपये प्रति दिन, जबकि रिज़र्व खिलाड़ियों को 5,000 रुपये मिलते थे।

इस फ़ीस ढांचे के तहत अगर कोई खिलाड़ी फ़ाइनल समेत सभी लीग मैच खेलती थी, तो पूरे सीजन में उसे कुल मिलाकर थोड़ा सा 2 लाख रुपये से ज्यादा मिलते थे। अब यह राशि बढ़कर लगभग 5 लाख रुपये हो जाएगी। ये बदलाव भारत की ऐतिहासिक वनडे विश्व कप जीत के बाद घरेलू क्रिकेट को मज़बूत करने के बीसीसीआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा हैं।

साथ ही सिस्टम के भीतर लंबे समय से मैच फ़ीस की समीक्षा की मांग भी उठ रही थी। ईएसपीएन क्रिकइंफो की समझ के मुताबिक, कई शीर्ष राज्य कोचों और खिलाड़ियों ने आंत. रिक रूप से इस बदलाव का अनुरोध किया था।

जूनियर स्तर पर वेतन में संशोधन युवा लड़कियों के बीच खेल में बढ़ती रुचि का नतीजा है, खासकर तब, जब भारत ने लगातार दो अंडर-19 विश्व कप खिताब जीते हैं। साल 2022 में बीसीसीआई ने महिला राष्ट्रीय टीम की मैच फ़ीस को पुरुष खिलाड़ियों के बराबर कर दिया था। इसके तहत टेस्ट खेलने वाली खिलाड़ियों को प्रति मैच 15 लाख रुपये, जबकि वनडे और ज्20ए मैचों के लिए क्रमशः 6 लाख और 3 लाख रुपये मिलने लगे थे।

## कमिंस और लियोन मेलबर्न टेस्ट से बाहर स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए कप्तान पैट कमिंस और अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन के बिना मैदान पर उतरेगा, क्योंकि मेजबान टीम ने एशेज सीरीज के चौथे मैच के लिए 15 सदस्यों की टीम का ऐलान कर दिया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया गया है, जबकि ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फी और तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन को टीम में शामिल किया गया है। चौथा टेस्ट 26 दिसंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा, जिसमें एडिलेड में 82 रन की जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया पहले ही 3-0 की अजेय बढ़त बना चुका है।

# एक ओवर में पांच विकेट लेकर इंडोनेशिया के गीड़ ने रचा इतिहास

**● ऐसा करने वाले गीड दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए है**

**बाली, वार्ता।** इंडोनेशिया के 28 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गें. दबाज़ गीड प्रियांदना ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच (जहां फ़ॉल-ऑफ़-विकेट्स का आंकड़ा उपलब्ध है) के एक ओवर में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज (पुरुष या महिला क्रिकेट मिलाकर) बन गए हैं।

उन्होंने यह कारनामा मंगलवार को बाली में कंबोडिया के खलिाफ पहले टी-20 में किया। प्रियांदना ने यह कारनामा तब किया, जब 168 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही कंबोडिया की टीम 15 ओवर में पांच विकेट पर 106 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। अपना पहला



ओवर डालते हुए प्रियांदना ने पहली तीन गेंदों पर लगातार विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की। उन्होंने इस क्रम में शाह अबरार हुसैन, निर्मलजीत सिंह और चंथोउन रथानक को पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने एक डॉट गेंद फेंकी और फिर मोंगदारा सॉक को आउट किया। इसके बाद उन्होंने एक वाइड फेंकने के बाद पेल वेननक को आउट कर मैच समाप्त कर दिया। इस ओवर में कंबोडिया सिर्फ़ एक रन ही बना सकी, जो अंतिम दो विकेटों के बीच आई एक वाइड से आया और उनकी टीम 60 रन से यह मैच हार गई। प्रियांदना ने इससे पहले पारी की शुरुआत करते हुए धर्मा केसुमा के साथ 11 गेंदों में 6 रन भी बनाए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज़ केसुमा ने इंडोनेशिया के लिए बल्लेबाज़ी का नेतृत्व किया और 68 गेंदों में नाबाद 110 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और छह छक्के शामिल थे। हालांकि पुरुष टी-20 क्रिकेट में यह कारनामा इससे पहले दो बार हो चुका है। अल-अमीन हुसैन ने 2013-14 में विक्ट्री डे टी-20 कप में यूसीबी-बीसीबी एकादश की ओर से खेलते हुए अबाहानी लिमिटेड के खिलाफ एक ओवर में पांच विकेट लिए थे।

# रोहित शर्मा ने स्ट्रेंजर थिंग्स फिनाले के लिए नेटफ्लिक्स प्रोमो में जलवा बिखेरा

**मुंबई, वार्ता।** नेटफ्लिक्स ने स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के बहुप्रतीक्षित फिनाले के लिए भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार रोहित शर्मा को वॉल्यूम 2 की रिलीज से पहले एक खास प्रमोशनल वीडियो में शामिल करके चर्चा बढ़ा दी है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने मंगलवार को भारतीय कप्तान का एक नया प्रोमो जारी किया, जिसमें क्रिकेट की दुनिया को हॉकिन्स के सुपरनैचुरल ड्रामा के साथ मिलाया गया है।

क्लिप में रोहित शर्मा एक लॉकर रूम में अपने साथियों से बात करते दिख रहे हैं, जहां शुरुआत में माहौल आरामदायक और मज़ेदार है। लीडर मोड में आते हुए, क्रिकेटर सभी से फाइनल लड़ाई नज़दीक आने पर फोकस करने के लिए कहते हैं। ध्यान से सुनो। फिनाले आ रहा है। शर्मा ग्रुप से कहते हैं। सिर्फ़ आपका करियर ही नहीं, आपकी पूरी ज़िंदगी उलट-पुलट हो सकती है। क्रिकेट की रणनीति और शो के मुख्य टकराव के बीच समानताएं बताते हुए, शर्मा अपनी टीम को षविपक्षीष की अप्रत्याशित प्रकृति के बारे में चेतावनी देते हैं। विपक्षी कहीं से भी हमला कर सकता है, ज़मीन से, दीवार से, या छत से भी वह कहते हैं, जो स्ट्रेंजर थिंग्स यूनिवर्स को परिभाषित करने वाले डरावने खतरों का ज़िक्र करते हैं। प्रोमो में शर्मा को एक खास किट का अनावरण करते हुए भी दिखाया गया है, साथ ही वह जो कीरी द्वारा निभाए गए फैन-फेवरेट कैरेक्टर स्टीव हैरिंगटन का भी ज़्क्रि करते हैं। जब विपक्षी के बारे में पूछा जाता है, तो शर्मा मुस्कुराते हुए पंचला. इन देते हैं कि वही आदमी जो लोगों को पतंग की तरह उड़ाता है, वेकना। तैयार हो जाओ, लड़कों।

# कोहली का विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबला चिन्नास्वामी से सीओई हुआ स्थानांतरित

**बेंगलुरु, वार्ता।** सुरक्षा कारणों के चलते कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के सभी मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से हटाकर बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन मैचों में बुधवार को दिल्ली और आंध्र के बीच होने वाला उद्घाटन मुक़ाबला भी शामिल है, जिसमें विराट कोहली और पंत खेलते हुए नज़र आएंगे।

केएससीए को इस देर से हुए घटनाक्रम की जानकारी मंगलवार सुबह कर्नाटक के गृह मंत्रालय की ओर से दी गई। यह दो सप्ताह के भीतर मैदान में किया गया दूसरा बदलाव है। इससे पहले केएससीए ने लॉजिस्टिक और सुरक्षा चुनौतियों के कारण कोहली और पंत से जुड़े कम से कम कुछ मैच अलूर से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थानांतरित किए थे।



दिल्ली और आंध्र दोनों टीमों को इस नए फ़ैसले की जानकारी उनके अभ्यास सत्र से पहले दे दी गई है। अभ्यास सत्र भी अब सीओई में ही होगा। लॉजिस्टिक्स की ज़िम्मेदारी संभाल रहीं केएससीए को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि बेंगलुरु में होने वाले सभी मैच बंद दरवाज़ों के पीछे खेले जाएं। बेंगलुरु पुलिस ने एयरोस्पेस पार्क के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया है, जहां सीओई स्थित है। सीओई इससे पहले भी बंद दरवाज़ों के पीछे दलीप ट्रॉफ़ी, महिला विश्व कप के अभ्यास मैच और भारत 'ए' द. अफ्रीका ए के बीच हुई सीरीज की मेजबानी कर चुका है। केएससीए ने इससे पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में को. हली और पंत से जुड़े मैचों के आयोजन को लेकर भरोसा जताया था। उन्होंने आम दर्शकों के लिए दो स्टैंड खोलने की संभावना भी जताई थी, जिनमें पूरी क्षमता होने पर 2000 से 3000 दर्शक बैठ सकते थे। हालांकि, इस प्रस्ताव को सरकार की ओर से कड़ा विरा. ेध झेलना पड़ा। सरकार ने संभावित सुरक्षा और अनुपालन संबंधी मुद्दों का हवाला दिया, जबकि चिन्हित किए गए कई क्षेत्रों में सुधार का काम अभी जारी है। क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य सरकार छुट्टियों के मौसम में चिन्नास्वामी स्टेडियम के आसपास किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचना चाहती थी। सोमवार को कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एक समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण किया और एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# पीएम से मिले ओलंपियन नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी



**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उनके आवास पर हुई इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में फोटो साझा करते हुए यह जानकारी दी। श्री मोदी ने कहा कि आज सुबह 7 लोक कल्याण मार्ग पर नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात हुई। हमने खेलों के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के शुरू में श्री मोदी ने फिटनेस को बढावा देने के नीरज चोपड़ा के प्रयासों की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की थी। फिट इंडिया योजना के महत्व पर नीरज चोपड़ा के लेख पर प्रतिक्रिया करते हुए श्री मोदी ने कहा था कि यह दूरदर्शी और प्रेरक लेख मोटापे से लड़ने और स्वस्थ रहने की जरूरत पर बल देता है।

# 2026 में भारत के पास टी-20 विश्व कप व एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतना का होगा मौका

**भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरआत न्यूजीलैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज से करेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम का 2026 का शेड्यूल रोमांचक मुकाबलों और बड़े टूर्नामेंट्स से भरा है। इस साल पुरुष और महिला टी-20 विश्व कप के साथ-साथ एशियाई खेल प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके अलावा भारत की सभी फॉर्मेट में द्विपक्षीय सीरीज की पूरी सूची भी शामिल है। चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप में जीत के साथ 2025 की शानदार सफलता के बाद, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू व्हाइट-बॉल सीरीज से करेगी। इस सीरीज में पांच टी-20 और तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे।

इसके बाद फरवरी-मार्च में घरेलू मैदान पर होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 खेला जाएगा, जहां सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई में जीते गए खिताब को डिफेंड करेगी। पिछली बार जब भारत ने पुरुष टी-20 विश्व कप की मेजबानी की थी, तब वेस्टइंडीज ने 2016 में खिताब जीता था। सेमीफाइनल में भारत को विजेता वेस्ट इंडीज से हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल 2026 का दबदबा मार्च से मई तक भारत के क्रिकेट कैलेंडर पर रहेगा, इस दौरान कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच निर्धारित नहीं है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के हिस्से के रूप में कम से कम चार रेड-बॉल मैच खेलेगी, जिसमें साल के दूसरे हिस्से में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो-दो टेस्ट मैच की अवे सीरीज शामिल हैं। वहीं, डब्ल्यूपीएल पिछले साल की तरह फरवरी-मार्च के बजाय जनवरी-फरवरी में आयोजित होने वाली है। महिला क्रिकेट लीग (डब्ल्यूपीएल) के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह सभी प्रारूपों के टूर्नामेंट खेलेगी। इसके बाद जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 में भारत प्रतिस्पर्धा करेगा। टी-20 विश्व कप के बाद, भारत और इंग्लैंड लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने वाले पहले वूमेंस टेस्ट मैच में खेलकर इतिहास रचेंगे। इस मैदान पर वर्ल्ड कप फाइनल सहित कई हाई-प्रोफाइल क्रिकेट मैच खेले जा चुके हैं। हालांकि, लॉर्ड्स में पहली बार महिला टेस्ट मैच होगा। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमें 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची और नागोया में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स 2026 में अपने गोल्ड मेडल को डिफेंड करने की कोशिश करेगी।

## नेमार की घुटने की सर्जरी सफल रही

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** ब्राज़ीलियाई सीरी ए क्लब सैंटोस ने बताया कि सैंटोस के फॉरवर्ड नेमार की बाएं घुटने में फटे मेनिस्कस को ठीक करने के लिए सर्जरी सफल रही। ब्राज़ील की नेशनल टीम के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार ने दक्षिणी शहर बेलो हो. रिज़ोंटे के माटर देई नोवा लीमा अस्पताल में आर्थ्रोस्कोपी की। सैंटोस की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया कि सर्जरी सफल रही, और खिलाड़ी ठीक है। इसमें आगे कहा गया कि 33 वर्षीय खिलाड़ी को सोमवार दोपहर को छुटी दे दी गई और वह फिजियोथेरेपिस्ट राफेल मार्टिनी के कोऑर्डिनेशन में तुरंत अपना रिहैबिलिटेशन प्रोसेस शुरू करेंगे। इस महीने की शुरुआत में, नेमार ने खुलासा किया था कि उन्होंने 2025 ब्राज़ीलियाई सीज़न का दूसरा हाफ चोट के साथ खेला था, लेकिन सैंटोस को रेलिगेशन से बचाने में मदद करने के लिए दर्द के बावजूद खेलने का फैसला किया।

# 'जश्न मनाओ, लेकिन मर्यादा के साथ': सरफराज



इस्लामाबाद, वार्ता। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और अंडर-19 टीम के मौजूदा मेंटर सरफराज अहमद ने कहा है कि उन्होंने अपने खिलाड़ियों से भारत पर एशिया कप की जीत का जश्न सम्मान और खेल भावना के साथ मनाने और वैसा व्यवहार न करने का आग्रह किया जैसा उनके विरोधियों ने किया था।

सरफराज फाइनल के एक वायरल वीडियो के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्हें अपने खिलाड़ियों से यह कहते हुए सुना गया कि अगर भारत के खिलाड़ी हद पार भी करें तो भी वे बदतमीजी न करें। फाइनल के दौरान दोनों टीमों ने हाथ नहीं मिलाए, जैसा कि मई में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के बाद से सभी स्तरों पर दोनों टीमों के बीच आम बात हो गई है। वैभव सूर्यवंशी एक गरमागरम ऑन-फील्ड पल में शामिल थे, जब अली रजा द्वारा आउट होने के बाद, उन्होंने मैदान से बाहर जाते समय अपने जूते की ओर इशारा किया। सरफराज ने अपने जवाब में उस घटना का जिक्र किया। मैंने उन भारतीय टीमों के खिलाफ खेला है जो क्रिकेट को क्रिकेट के तौर पर लेती थीं (और कुछ नहीं)। मैंने बाहर से देखा कि खेल के प्रति उनका व्यवहार अच्छा नहीं था। और उनके एक खिलाड़ी ने ऐसा इशारा किया जो आप सभी ने स्क्रीन पर देखा। मुझे लगता है कि वह अनुचित था। अगर आपको कोई दिक्कत है। हमने बहुत क्रिकेट खेला है और अगर मैदान पर कुछ कहा जाता है तो आप जवाब दे सकते हैं। लेकिन वह एक अनुचित जवाब था। जहां तक वीडियो की बात है, मैंने बस अपने खिलाड़ियों से कहा कि हमें जश्न मनाना चाहिए लेकिन मर्यादा के साथ। वे जो कर रहे हैं, हमें वह नहीं करना चाहिए। हमें खेल भावना दिखानी चाहिए। हमें शांत रहना चाहिए और अपनी टीम का साथ देना चाहिए और उन्हें वही करने देना चाहिए जो वे कर रहे हैं। पाकिस्तान ने दुबई में फाइनल 191 रनों से जीता और लौटने के बाद से उनका ज़ोरदार स्वागत हुआ।

## पीसीबी अंडर-19 भारतीय खिलाड़ियों के अनैतिक आचार संहिता को लेकर आईसीसी से संपर्क करेगा

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने सोमवार को घोषणा की कि बोर्ड एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2025 के फाइनल के दौरान भारतीय खिलाड़ियों के भड़काऊ व्यवहार के बारे में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से संपर्क करेगा, जियो न्यूज़ ने रिपोर्ट किया। पाकिस्तान ने टाइटल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को आईसीसी अकादमी में भारत को 191 रनों से हराकर चैंपियनशिप जीत ली। प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ द्वारा विजयी पाकिस्तान अंडर-19 टीम को बधाई देने के लिए आयोजित एक रिसेप्शन में बोलते हुए, नकवी ने आरोप लगाया कि भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल के दौरान अपने पाकिस्तानी समकक्षों को बार-बार उकसाया। नकवी ने कहा कि अंडर 19 एशिया कप फाइनल में भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को उकसाते रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस घटना के बारे में आईसीसी को सूचित करेगा कि और कहा कि राजनीति और खेल को अलग रखा जाना चाहिए।

# बांग्लादेश पर बवाल

बांग्लादेश में हिन्दू कार्यकर्ता की हत्या के बाद वहां आग लगी हुई है ,जिसका असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। भारत के असम, जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी बंगाल और उत्तर प्रदेश में हिन्दू संगठन प्रदर्शन कर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। किसी भी देश में लोगों की सुरक्षा उस सरकार का काम होता है, लेकिन बांग्लादेश में हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद यूनुस सरकार आने पर हालात और भी ज्यादा खराब हो गए हैं, जिसके कारण वहां रह रहे अल्पंख्यकों हिन्दुओं में भारी आक्रोश है। हो भी क्यों न, वहां की सरकार हिन्दुओं की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिसके कारण भारत में भी माहौल गरमा गया है। परिणामस्वरूप नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर हिन्दू संगठनों का जोरदार प्रदर्शन हुआ और प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए। बांग्लादेश में भी हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है। ये विडंबना ही है कि जिस सरकार को बनाने में सभी लोग भाग लेते हैं, लेकिन सरकार इनकी सुरक्षा में ही विफल हो गई है। और तो और सरकार आरोपियों को बचाने में लगी हुई है। विहिप और अन्य हिंदू संगठनों ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। बांग्लादेश में उस्मान हादी की हत्या के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या की गई है। दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मारा और बाद में उसका शव जलाया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद से बवाल मच गया। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के खिलाफ पिछले कुछ दिन से सोशल मीडिया से लेकर सड़क पर प्रदर्शन हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे एक शख्स ने रोते हुए कहा कि वहां लोग मारे जा रहे हैं, ये देश राम का है, ये देश कृष्ण का है। हम किसी को नहीं मारते पर वहां हमारी बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी बैरीकेड को तोड़ने की भी कोशिश कर रहे थे। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने सुबह से ही सुरक्षा बढ़ा दी थी। हालांकि, सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी प्रदर्शनकारियों ने बैरियर तोड़ते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी काफी आक्रोश में थे और उन्होंने सिक्योरिटी का दो लेयर भेद दिया था। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर प्रदर्शन जारी रखा तथा सरकार से मांग की कि इस मामले में बांग्लादेश सरकार से बात की जाए और वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा की बात उठाई जाए। आज देश के तीन राज्यों में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद सरकार में हलचल मची और भारत सरकार ने बांग्लादेश स्थित अपने उच्चायुक्तों की सुरक्षा को बढ़ा दिया, लेकिन इसी से काम चलने वाला नहीं है।

## दुविधा में भारतीय नेतृत्व




बंगलादेश में हिंदू महिलाएं के सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डरने की रिपोर्ट चिंता का विषय है, हालांकि यह मुद्दा गंभीर है, लेकिन भारतीय नेतृत्व बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने में नैतिक दुविधा का सामना कर रहा है, क्योंकि देश के भीतर ही कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरन उतारते देखे जाते हैं, कट्टरपंथियों के दबदबे वाली दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा, केंद्र सरकार को बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को गंभीरतापूर्वक उठाना चाहिए।

-महबूबा मुफ्ती
अध्यक्ष, पीडीपी

# आवाज की दुनिया के सरताज थे मोहम्मद रफी

जन्मदिन पर विशेष

**रफी साहब ने अपने सिने करियर में लगभग 700 फिल्मों के लिए 26 हजार से भी ज्यादा गीत गए, वह इंडस्ट्री में अपने मधुर स्वभाव के लिए जाने जाते थे।**



**मोहम्मद रफी-बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक थे । मोहम्मद रफी फिल्म देखने के शौकीन नहीं थे लेकिन कभी-कभी वह फिल्म देख लिया करते थे । एक बार रफी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखी थी । दीवार देखने के बाद रफी -अमिताभ के बहुत बड़े प्रशंसक बन गए । वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म नसीब में रफी को अमिताभ के साथ युगल गीत-चल चल मेरे भाई-गाने का अवसर मिला । अमिताभ के साथ इस गीत को गाने के बाद रफी बेहद खुश हुए थे । जब रफी साहब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अपने पसंदीदा अभिनेता अमिताभ के साथ गाने की बात को खुश होते हुए बताया था । अमिताभ के अलावा रफी को शम्मी कपूर और धर्मेन्द्र की फिल्में भी बेहद पसंद आती थी ।**

अपने लाजवाब पार्श्वगायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले आवाज की दुनिया के सरताज मोहम्मद रफी को पार्श्वगायक बनने की प्रेरणा एक फकीर से मिली थी। पंजाब के कोटला सुल्तान सिंह गांव में 24 दिसंबर 1924 को एकमध्यम वर्गीय मुस्लिम परिवार में जन्मे रफी एक फकीर के गीतों को सुना करते थे, जिससे उनके दिल में संगीत के प्रति एक अटूट लगाव पैदा हो गया। रफी के बड़े भाई हमीद ने मोहम्मद रफी के मन मे संगीत के प्रति बढ़ते रुझान को पहचान लिया था और उन्हें इस राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। लाहौर में रफी संगीत की शिक्षा उस्ताद अब्दुल वाहिद खान से लेने लगे और साथ ही उन्होंने गुलाम अली खान से भारतीय शास्त्रीय संगीत भी सीखना शुरू कर दिया। एक बार हमीद रफी को लेकर के-एल-सहगल संगीत कार्यक्रम में ले गए, लेकिन बिजली नहीं होने के कारण के-एल- सहगल ने गाने से इंकार कर दिया। हमीद ने कार्यक्रम के संचालक से गुजारिश की कि वह उनके भाई रफी को गाने का मौका दें। संचालक के राजी होने पर रफी ने पहली बार 13 वर्ष की उम्र में अपना पहला गीत स्टेज पर दर्शकों के बीच पेश किया। दर्शकों के बीच बैठे संगीतकार श्याम सुंदर को उनका गाना अच्छा लगा और उन्होंने रफी को मुंबई आने के लिए न्यौता दिया। श्याम सुंदर के संगीत निर्देशन में रफी ने अपना पहला गाना सोनिएनी हिरीए नी पार्श्व गायिका जीनत बेगम के साथ एक पंजाबी फिल्म गुल बलोच के लिए गाया। वर्ष 1944 मे नौशाद के संगीत निर्देशन में उन्हें अपना पहला हिन्दी गाना हिन्दुस्तान के हम है पहले आप के लिए गाया। वर्ष 1949 में नौशाद के संगीत निर्देशन में दुलारी फिल्म मे गाए गीत सुहानी रात ढल चुकी के जरिए वह सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंच गए और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिलीप कुमार देवानंद, शम्मी कपूर, राजेन्द्र कुमार, शशि कपूर, राज. कुमार जैसे नामचीन नायकों की आवाज कहे जाने वाले रफी अपने संपूर्ण सिने कैरियर मे लगभग 700 फिल्मों के लिए 26000 से भी ज्यादा गीत गाए।

मोहम्मद रफी-बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक थे। मोहम्मद रफी फिल्म देखने के शौकीन नहीं थे लेकिन कभी-कभी वह फिल्म देख लिया करते थे। एक बार रफी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखी थी। दीवार देखने के बाद रफी -अमिताभ के बहुत बड़े प्रशंसक बन गए। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म नसीब में रफी को अमिताभ के साथ युगल गीत-चल चल मेरे भाई-गाने का अवसर मिला। अमिताभ के साथ इस गीत को गाने के बाद रफी बेहद खुश हुए थे। जब रफी साहब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अपने पसंदीदा अभिनेता अमिताभ के साथ गाने की बात को खुश होते हुए बताया था। अमिताभ के अलावा रफी को शम्मी कपूर और धर्मेन्द्र की फिल्में भी बेहद पसंद आती थी। मोहम्मद रफी को अमिताभ-धर्मेन्द्र की फिल्म शोले बेहद पंसद थी और उन्होंने इसे तीन बार देखा था। मोहम्मद रफी फिल्म इंडस्ट्री में मृदु स्वाभाव के कारण जाने जाते थे, लेकिन एक बार उनकी कोकिल कंठ लता मंगेश्कर के साथ अनबन हो गई थी। मोहम्मद रफी ने लता मंगेशकर के साथ सैकड़ों गीत गाए थे लेकिन एक वक्त ऐसा भी आया था जब रफी ने लता से बातचीत तक करनी बंद कर दी थी। लता मंगेशकर गानों पर रॉयल्टी की पक्षधर थी जबकि रफी ने कभी भी रॉयल्टी की मांग नहीं की। रफी साहब मानते थे कि एक बार जब निर्माताओं ने गाने के पैसे दे दिए तो फिर रॉयल्टी किस बात की मांगी जाए। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर के बीच बातचीत भी बंद हो गई और दोनों ने एक साथ गीत गाने से इन्कार कर दिया हालांकि चार वर्ष के बाद अभिनेत्री नरगिस के प्रयास से दोनों ने एक साथ एक कार्यक्रम में -दिल पुकारे-गीत गाया। मोहम्मद रफी ने हिन्दी फिल्मों के अलावा मराठी और तेलुगू फिल्मों के लिए भी गाने गाए। मोहम्मद रफी अपने करियर में 6 बार फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किए गए। वह वर्ष 1965 में रफी पद्म पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। 30 जुलाई 1980 को आस पास फिल्म के गाने शाम कयू उदास है दोस्त, गाने के पूरा करने के बाद जब रफी ने लक्ष्मीकांत प्यारे लाल से कहा कि शूड आई लीव जिसे सुनकर लक्ष्मीकांत प्यारे लाल अचंभित हो गए क्योंकि इसके पहले रफी ने उनसे कभी इस तरह की बात नहीं की थी। अगले दिन 31 जुलाई 1980 को रफी को दिल का दौरा पड़ा और वह इस दुनिया को ही छोड़कर चले गए।

...साभार

# उप्र में प्राइवेट टीचर्स की जिंदगी जहन्नुम

**उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स को जल खरीद गुलाम बना दिए गए, ना उनकी कोई कथा सुनने को तैयार है ना उनसे कोई बात करने को तैयार है। सरकार की नजरों में उनकी इमेज बहुत खराब है। चोर और निकम्मी है बैठे-बैठे फ्री की तनख्वाह लेते हैं अधिकारियों का सारा वक्त इन पर नियंत्रण करने में गुजर रहा है। यह बहुत चिंता की बात है।**



शमशाद रशीद

उप्र में प्राइवेट टीचर्स की जिंदगी हन्नुम हो गई है उनके सिर पर पढ़ाई के अलावा कई तरह के काम का बोझ और इतने कम कुछ इज्जतदार काम और कुछ बहुत ही बेइज्जती के काम उनसे करवाए जा रहे हैं जिसकी वजह से ना वह अपने सम्मान को बचा पा रहे हैं और न वह पढ़ाई के काम को ठीक कर पा रहे हैं ना वह अपनी जिंदगी में अपने परिवार अपने रिश्तेदार ना अपने दोस्तों को समय दे पा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर होना एक बहुत बड़ी सजा बनती जा रही है बहुत बड़ी हैरानी की बात यह है कि इसकी कोई चर्चा ही नहीं करता कि आखिर मास्टर साहब इतनी तकलीफ में क्यों हैं और अगर हैं तो इससे हमारी और आपकी जिंदगी सब की जिंदगी प्रभावित होगी। बच्चे सबके हैं पढ़ते वही हैं कारण क्या है उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स की समस्या का उत्तर प्रदेश की शिक्षा जगत की कौम है। उत्तर प्रदेश के प्राइमरी टीचर्स के मास्टर साहब पढ़ने के अलावा जितने भी काम हैं सब करते हैं जब यह सब आते हैं तो सब की डिजिटल अटेंडेंस भरते हैं। 36 तरह के एप हैं जिस पर यह प्रतिदिन ऑनलाइन डाटा भरते हैं। तस्वीर खींचते हैं तस्वीरें वीडियो बनाते हैं अपनी जीपीएस लोकेशन देते हैं और भरते हैं। जब यह सब काम कर लेते हैं उसके बाद में स्कूल में झाड़ू लगवाते हैं बॉथरूमों को साफ करते हैं बॉथरूमों को साफ करते हैं फिर उसके बाद प्रार्थना सभा करते हैं उसके बाद सारी डिटेल मुहैया करते हैं फिर उसके बाद वक्त बचा तो पढ़ाई और मिड डे मील पकवाते हैं, मिड डे मील के बाद फिर रिपोर्टिंग होती है यह सब करने के बाद उनको जनगणना का काम मतगणना का काम एसएआईआर का काम राष्ट्रीय कार्यक्रम कराए जाते हैं। ईंधन का इंतजाम और फिर शाम को प्रधान जी कहते हैं सुबह बाजार से सब्जी और कुछ अनाज भी लेते आना, क्योंकि कल बनेगा क्या अभी इसकी तैयारी नहीं है। इसके बाद बचा एबीएसए की चमचागिरी, प्रधान प्रधान की एरोला विधायक विधायक और बाकी अधिकारियों का और मीडिया के हर समय लगे कैमरे एक बहुत ही अपमानजनक काम है इनका। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद में आवारा कुत्ते गिरने के काम में लगाया गया एक शिक्षक को। अगर इस काम में लगाया जाएगा तो क्या उसका कोई आत्म सम्मान बचेगा एक कुत्ते ढूंढने का उनकी गिनती करेगा। यह कौन लोग हैं जो इस तरह का फरमान जारी करते अध्यापकों के आत्म सम्मान के साथ-साथ हमारी मौजूदा आने वाली पीढ़ी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आखिर क्या कारण है कि प्राइमरी का एक टीचर इतने तरह के काम करता है मतलब यह एक टीचर ना हो गया सुपरमैन हो गया, शक्तिमान हो गया, उनसे इतने काम कराया जाए क्या इसकी कोई व्यक्ति का जिंदगी नहीं है उसको शिक्षा के काम में लगाओ। अध्ययन और अध्यापक के काम में लगाओ जो बहुत ही पवित्र काम है। जब उसका ध्यान सारा दिन फालतू के कामों में वीडियो बनाने में मिड डे मील से लेकर बाथरूम की सफाई तक कराएगा, प्राइमरी टीचर होना एक अभिशाप सा बन गया। उनकी व्यक्तिगत जिंदगी खत्म हो गई है। उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स को जल खरीद गुलाम बना दिए गए, ना उनकी कोई कथा सुनने को तैयार है ना उनसे कोई बात करने को तैयार है। सरकार की नजरों में उनकी इमेज बहुत खराब है। चोर और निकम्मी है बैठे-बैठे फ्री की तनख्वाह लेते हैं अधिकारियों का सारा वक्त इन पर नियंत्रण करने में गुजर रहा है। यह बहुत चिंता की बात है अब अगर अब अगर शिक्षकों अब अगर शिक्षकों से इंसान के साथ-साथ कुत्ते भी गिन जाएंगे तो फिर समझ में उन्हें इज्जत कौन देगा। एक तरफ तो कहते हैं कि टीचर्स का काम एक बहुत सम्मान का पैसा है तो क्या उनको कुत्ते गिनने के काम में लगाया जाएगा। मास्टर नाम एक काम अनेक और इसी तरह से उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चल रही है। अलीगढ़ के बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जो आदेश जारी किया था उसने वापस ले लिया है काफी आलोचना के बाद अब यह संभव था क्या कि मास्टर एक स्कूल के गेट पर खड़ा होकर कुत्तों की निगरानी करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टिन फाइल्स सत्ता की हनक का प्रतीक

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे।

इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुन: स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

> जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।



-राजीव-राकेश



नई दिल्ली। शीत ऋतु के कोहरे के कारण रेल सेवाओं में देरी होने से यात्री रेलवे स्टेशन के बाहर इंतजार करते हुए।

## विदेशी ड्रोन आयात पर अमेरिका के प्रतिबंध के फैसले पर खेद जताया

**बीजिंग।** मानवरहित हवाई वाहनों की दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी, चीनी ड्रोन निर्माता डीजेआई ने मंगलवार को अमेरिका द्वारा सभी नए आयातित विदेशी ड्रोनों को प्रतिबंधित करने के फैसले पर खेद व्यक्त किया। 'हुआनकिउ' समाचार एजेंसी के अनुसार डीजेआई ने कहा कि अमेरिका का यह कदम न केवल अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं के लिए पसंद की स्वतंत्रता को सीमित करता है, बल्कि एक खुले एवं निष्पक्ष बाजार के सिद्धांतों को भी कमजोर करता है।

## पाक में सुरक्षाबलों पर हमले में पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बार आतंकियों ने घात लगाकर सुरक्षाबलों पर हमला किया। इस हमले में पांच पुलिसकर्मी मारे गए हैं। घटना पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा राज्य की है, जहां मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिस की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें वैन सवार पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमला खैबर पख्तूनख्वा जिले के करक जिले में हुई, जहां पुलिसकर्मी रुटीन पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने पुलिस के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हमले के बाद पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

# अमेरिका ने H-1B और H-4 वीजा जांच सख्त की

### अब सोशल मीडिया भी चेक किया जाएगा, कई महीनों के लिए इंटरव्यू टाले गए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा के सभी आवेदकों की जांच सख्त कर दी है। 15 दिसम्बर से अब वीजा प्रक्रिया में ऑनलाइन और सोशल मीडिया की जांच भी शामिल कर दी गई है। यह नियम दुनिया भर के सभी देशों के आवेदकों पर लागू होगा।

भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। इस फैसले के बाद भारत में हजारों आवेदकों के तय वीजा इंटरव्यू टाल दिए गए हैं। कई इंटरव्यू अब मार्च से मई तक के लिए रीशेडयूल किए गए हैं। इससे वे लोग ज्यादा परेशान हैं, जो इंटरव्यू के लिए पहले ही भारत आ चुके हैं और वीजा न होने के कारण अमेरिका वापस नहीं जा पा रहे। दूतावास के मुताबिक, एच-1बी और एच-4 वीजा के आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन जांच बढ़ने से प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है। भारत सरकार ने कहा है कि वह इस मुद्दे पर अमेरिका से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि भारतीय छात्रों और पेशेवरों को परेशानी न हो।





■ यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया

एच-1 बी वीजा क्या है- हाई स्किल्ड प्रोफेशनल्स जैसे डॉक्टर्स, इंजीनियर, सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल्स को एच-1 बी वीजा जारी होता है। 1990 में अमेरिकी कांग्रेस में बिल के जरिए ये वीजा अस्तित्व में आया। भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा, क्योंकि हर साल कुल जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल्स को जारी किए जाते हैं। पहले फीस लगभग 9 हजार डॉलर थी, लेकिन सितम्बर 2025 में ट्रम्प ने इसे बढ़ाकर लगभग 90 लाख रुपये कर दिया। 3-3 साल के लिए दो बार जारी होता है। कुल अवधि 6 साल के बाद आवेदक चाहे तो ग्रीन कार्ड यानी नागरिकता से पहले की स्टेज के लिए आवेदन कर सकता है। ट्रम्प का एच-1 बी वीजा पर 9 साल में कभी हां, कभी ना वाला रवैया रहा है। पहले कार्यकाल में 2016 में ट्रम्प ने इस वीजा को अमेरिकी हितों के खिलाफ कहा था। 2019 में इस वीजा का एक्सटेंशन सस्पेंड किया। पिछले महीने ही यू-टर्न लेते हुए कहा: हमें टैलेंट की जरूरत है। ट्रम्प ने एच-1बी में बदलाव के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड लॉन्च किए थे। 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड' जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा।

# ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया

### बदले में करोड़ों के फायदे दिए, लिस्ट में सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसा 6 भारतवंशी शामिल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा जुटाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपये) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया। इन लोगों से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। इनमें से लगभग 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से फायदा मिला। इनमें सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी बिजनेसमैन शामिल हैं। इन फायदों में कई बातें शामिल हैं। किसी को राष्ट्रपति की तरफ से माफी मिली, किसी के खिलाफ चल रहे केस खत्म हो गए, किसी कंपनी को बड़े सरकारी ठेके मिल गए तो किसी को सीधे व्हाइट हाउस तक पहुंच मिली या सरकार में बड़ा पद दिया गया। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया और बदले में सीधा फायदा मिला, लेकिन इतना जरूर है कि



■ न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में खुलासा
■ 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया पैसा, दान के बदले कोई राजदूत बना, किसी को कॉन्ट्रैक्ट मिले
■ ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग अलग रास्ते बनाए

पैसे और फायदों का यह रिश्ता सवाल खड़े करता है। ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग-अलग रास्ते बनाए। इनमें सबसे बड़ा है मेगा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) आईएनसी, जो एक सुपर पीएसी है। पीएसी एक ऐसा संगठन होता है, जो राजनीति के लिए पैसा इकट्ठा करता है और उस पैसे से किसी उम्मीदवार या पार्टी का समर्थन करता है।

इसने नवम्बर 2024 से जून 2025 के बीच करीब 200 मिलियन डॉलर जुटाए। इसके अलावा ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बनी कमेटी ने करीब 240 मिलियन डॉलर जुटाए, जो अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा है। इतना ही नहीं, व्हाइट हाउस में एक शानदार बॉलरूम बनाने के लिए भी चंदा लिया जा रहा है। ट्रम्प का कहना है कि इसके लिए करीब 350 मिलियन डॉलर जुट चुके हैं, हालांकि टाइम्स को करीब 100 मिलियन डॉलर के दानदाताओं की पुष्टि मिली है। यह पैसा 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया जा रहा है। ट्रम्प ने 4 महीने पहले अमेरिकी उद्योगपतियों को व्हाइट हाउस में डिनर पार्टी दी थी, इसमें सुंदर पिचाई, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे। ट्रम्प ने 4 महीने पहले अमेरिकी उद्योगपतियों को व्हाइट हाउस में डिनर पार्टी दी थी, इसमें सुंदर पिचाई, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे। इसके अलावा अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए बने संगठन 'अमेरिका 250', व्हाइट हाउस हिस्टोरिकल एसोसिएशन और एक राजनीतिक समूह सिक्योरिंग अमेरिकन ग्रेटनेस के लिए भी पैसा जुटाया गया। इनमें से कई जगह दान देने वालों के नाम सार्वजनिक करना जरूरी नहीं है, इसलिए पूरा सिस्टम काफी हद तक सीक्रेट बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प खुद इस पर नजर रखते हैं कि कौन कितना पैसा दे रहा है। उनकी फंडरेजिंग प्रमुख मेरिडिथ ओ'रूर्क उन्हें रेगुलर जानकारी देती हैं। कई लॉबिस्ट अपने क्लाइंट्स को सलाह देते हैं कि अगर ट्रम्प का ध्यान और पहुंच चाहिए तो इन संगठनों को दान देना फायदेमंद हो सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक महिला ने मेगा आईएनसी को 25 लाख डॉलर दिए और कुछ महीनों बाद उसके पिता को जस्टिस डिपार्टमेंट से रिश्वत मामले में बहुत कम सजा मिली। इसी तरह एक इंजीनियरिंग कंपनी पार्सन्स ने बॉलरूम प्रोजेक्ट के लिए 25 लाख डॉलर दिए और वह ट्रम्प के गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम जैसे अरबों डॉलर के सरकारी ठेकों की दौड़ में है। वीडियो गेम कंपनी रोब्लॉक्स के सीईओ ने भी बड़ा दान दिया और ट्रम्प की एआई से जुड़ी नीतियों की तारीफ की।

## अदालत ने दिया ट्रम्प प्रशासन को झटका

■ जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को मिले अपील का अधिकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत के जज ने ट्रम्प प्रशासन को झटका देते हुए आदेश दिया है कि अल सल्वाडोर की जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को भी कानूनी अपील का अधिकार मिलना चाहिए। जज ने कहा कि या तो कैदियों को अदालती सुनवाई की सुविधा मिले या फिर उन्हें अमेरिका वापस लाया जाए। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स बोसबर्ग ने ट्रम्प सरकार को उन लोगों के लिए दो हफ्ते के अंदर एक योजना बनाने का आदेश दिया, जिन्हें बाद में अल सल्वाडोर से कैदियों की अदला-बदली में वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था। बोसबर्ग ने आदेश में लिखा कि याचिकाकर्ताओं को उस तरह से नहीं हटाया जाना चाहिए था, जिस तरह से उन्हें हटाया गया, बिना किसी नोटिस के और उन्हें विरोध करने का कोई मौका भी नहीं दिया गया, जो उनके कानूनी अधिकारों का साफ उल्लंघन है। ट्रम्प प्रशासन की अप्रवासन विरोधी कार्रवाई में यह मामला एक बड़ा कानूनी मुद्दा बन गया है। इसकी शुरुआत मार्च में हुई, जब ट्रम्प सरकार ने 18वीं सदी के युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करते हुए वेनेजुएला के आपराधिक गुटों के सदस्य होने के आरोप में कुछ अप्रवासियों को टेररिज्म कन्फाइनमेंट सेंटर नाम की जेल में भेज दिया गया था। जुलाई में अमेरिका के साथ कैदियों की अदला-बदली में 200 से जयादा प्रवासियों को वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था।

## बांग्लादेश में उन्माद पर अमेरिका ने जताई चिंता

■ इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद बोले: अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कानून का राज बहाल करे सरकार
■ दोषियों के खिलाफ पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है

**वॉशिंगटन।** बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की कथित मॉब लिंचिंग को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है। अमेरिका के सांसदों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून का राज बहाल करने की मांग की है।

इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या को लक्षित हिंसा करार देते हुए कहा कि यह घटना देश में बढ़ती अस्थिरता और अशांति का संकेत है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। कृष्णमूर्ति ने अपने बयान में कहा मैं बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की मॉब लिंचिंग से बेहद आहत हूं। सरकार को न केवल दोषियों को सजा देनी चाहिए, बल्कि हिंदू समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों को आगे की हिंसा से बचाने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। वहीं, न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने भी इस घटना को बेहद भयावह बताते हुए कहा कि यह बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के एक चिंताजनक पैटर्न को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि भीड़ ने युवक की बेरहमी से पिटाई की, फिर उसे आग के हवाले कर दिया और शव को सड़क पर छोड़ दिया गया।

राजकुमार के अनुसार, बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के आंकड़े बताते हैं कि अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच अल्पसंख्यकों पर 2400 से अधिक हमले हुए और 150 से ज्यादा मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। गौरतलब है कि घटना 19 दिसम्बर की है, जब मायमेनसिंह शहर में एक फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू चंद्र दास को कथित रूप से ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने मार डाला। अब तक इस मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अमेरिकी सांसदों ने स्पष्ट कहा है कि धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा केवल बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा जिम्मेदारी है।

## भारत-अमेरिका परमाणु सहयोग को 'शांति अधिनियम 2025' देगा बढ़ावा

■ यूएसआईएसपीएफ ने नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक 2025 के पारित होने का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारतीय रणनीतिक सहभागिता पार्टनरशिप फोरम ने मंगलवार को -नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक 2025 के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे भारत के नागरिक परमाणु ढांचे में 'व्यापक सुधार' बताया, जो स्वच्छ ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगा।

लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित होने के बाद इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली है। आजादी के बाद से भारत के परमाणु क्षेत्र में यह सबसे बड़ा सुधार है। यह नया कानून परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 और सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज अधिनियम 2010 का स्थान लेगा। यूएसआईएसपीएफ ने इस अधिनियम को भारत के ऊर्जा परिदृश्य में 'ऐतिहासिक मोड़' करार दिया है, जो अमेरिका और भारत के बीच परमाणु ऊर्जा विकास में बेहतर सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। शांति अधिनियम भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी और विदेशी भागीदारी बढ़ाने, परमाणु ऑपरेटरों के लिए दायित्व ढांचे को स्पष्ट करने और 2008 में किए गए भारत-अमेरिका नागरिक परमाणु समझौते की लंबित संभावनाओं को क्रियान्वित करने की क्षमता के मद्देनजर इसमें महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं।

## चीनी ने भारतीयों के लिए लॉन्च किया ऑनलाइन वीजा सिस्टम

### आवेदन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा

**बीजिंग।** दिल्ली स्थित चीनी दूतावास ने अब भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए 'चाइना ऑनलाइन वीजा एप्लीकेशन सिस्टम' लॉन्च किया है। इसके तहत अब भारतीय नागरिक चीन के लिए वीजा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे पहले की तरह भारी कागजी कार्यवाही और व्यक्तिगत तौर पर दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी।

शेनझेन स्थित चीनी ऑनलाइन पोर्टल ग्रेटर बे एरिया (जीबीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। दूतावास ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट वीचौट पर बताया कि यह सेवा 22 दिसम्बर, 2025 से आधिकारिक रूप से शुरू होगी। जानकारी के अनुसार ऑनलाइन वीजा आवेदन प्रणाली के तहत अब आवेदक 'वीजा फोर चाइना' वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं, दस्तावेज अपलोड कर



सकते हैं और बायोमेट्रिक अपॉइंटमेंट भी तय कर सकते हैं। यह सुविधा टूरिस्ट (एल), बिजनेस (एम), स्टूडेंट (एक्स) और वर्क (जेड) वीजा के लिए उपलब्ध होगी। रिपोर्ट की माने तो इस नई प्रणाली के तहत अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से दूतावास जाने की जरूरत केवल बायोमेट्रिक के लिए होगी। आवेदन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा। इतना ही नहीं शुल्क का भुगतान यूनियनपे के जरिए आईएनआर में किया जा सकता है, जिससे विदेशी मुद्रा के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सके। हालांकि, चीनी दूतावास की अंग्रेजी वेबसाइट पर अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि यह कदम भारत-चीन संबंधों को सामान्य करने की दिशा में उठाए गए हालिया प्रयासों का हिस्सा है। इसके तहत पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों ने कई कदम उठाए हैं, जैसे कि भारत ने चीनी पेशेवरों के लिए बिजनेस वीजा प्रक्रिया तेज की। जुलाई में भारत ने चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करना फिर से शुरू किया। इसके बाद अक्टूबर में दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स फिर से शुरू हुई। गौरतलब है कि भारत और चीन के संबंध बीते कुछ वर्षों से बहुत ज्यादा अच्छे नहीं रहे। वहीं मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैन्य गतिरोध के कारण चीन के नागरिकों को भारत में वीजा जारी करना बंद कर दिया गया था। ऐसे में अब चार साल से अधिक के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों ने धीरे-धीरे रिश्तों को सामान्य करने के कई कदम उठाए हैं।





## ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की अपील दोहराई

### अमेरिका के राष्ट्रपति बोले: ग्रीनलैंड राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, प्राकृतिक संसाधनों के लिए नहीं

**वाशिगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्ज़ा करने के अपने इरादे को दोहराते हुए कहा है कि यह क्षेत्र उन्हें 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए' चाहिए न कि प्राकृतिक संसाधनों के लिए। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर संवाददाताओं से कहा कि हमें ग्रीनलैंड राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, न कि खनिजों के लिए।


ट्रम्प का यह बयान उनके प्रशासन के पिछले बयान से मेल नहीं खाता, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्कटिक रणनीति और अहम खनिजों एवं प्राकृतिक संसाधनों की संभावनाओं के लिए ग्रीनलैंड चाहता है। ट्रम्प ने रविवार को लुइज़ियाना के गवर्नर जेफ़ लैंड्री को ग्रीनलैंड में अपना विशेष दूत नियुक्त किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति ने फ्लोरिडा में कहा कि हमें ग्रीनलैंड चाहिए ही चाहिए और लैंड्री हमारी कोशिश की अगुवाई करना चाहते थे। वह कहते हैं कि वह (ग्रीनलैंड) डेनमार्क का है। डेनमार्क ने उस पर कोई खर्च नहीं किया और उसके पास कोई सैन्य सुरक्षा नहीं है। इसके जवाब में लैंड्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि विशेष दूत का पद ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाने के लिए एक स्वैच्छिक पद होगा। ग्रीनलैंड डेनमार्क का एक पूर्व औपनिवेशिक क्षेत्र है, जिसे 1979 में स्वराज का अधिकार दिया गया था। डेनमार्क ने 2009 में ग्रीनलैंड के स्वराज से जुड़ा अधिनियम अपनी संसद में पारित किया था, जिसके बाद इस द्वीप को अपने आंतरिक मामलों में फैसले लेने की आज़ादी मिल गई। डेनमार्क के प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट के अनुसार, ग्रीनलैंड के विदेशी मामलों, रक्षा और सुरक्षा नीति पर अब भी डेनमार्क का ही अधिकार है। ग्रीनलैंड के लिए ट्रम्प के दूत की नियुक्ति से ग्रीनलैंड, डेनमार्क और यूरोपीय संघ में कड़ी राजनयिक उथल-पुथल हुई है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने सोमवार को कहा कि वह इस नियुक्ति को लेकर डेनमार्क में अमेरिकी राजदूत केनेथ होवेरी को बुलाएंगे। रासमुसेन ने डेनमार्क के प्रसारक टीवी 2 से कहा कि मैं इस विशेष दूत की नियुक्ति से बहुत परेशान हूं। मैं खास तौर पर दूत के बयानों से परेशान हूं, जिन्हें हम बिल्कुल भी स्वीकार नहीं कर सकते। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नील्सन ने सोमवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि वे अमेरिका से अपनी 'संयुक्त क्षेत्रीय अखंडता' के लिए सम्मान की उम्मीद करते हैं।

■ डेनमार्क ने 2009 में ग्रीनलैंड के स्वराज से जुड़ा अधिनियम अपनी संसद में पारित किया था

## श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर का भारत देगा 'पुनर्निर्माण पैकेज': जयशंकर

**कोलम्बो।** भारत ने चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में श्रीलंका की मदद के लिए 45 करोड़ डॉलर के राहत एवं पुनर्निर्माण पैकेज की घोषणा की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह जानकारी मंगलवार को दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कोलंबो पहुंचे डा. जयशंकर ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमारा दिसानायके को प्रधानमंत्री का पत्र सौंपा, जिसमें इस सहायता का विवरण दिया गया है। इस पैकेज में 35 करोड़ डॉलर की रियायती ऋण सहायता (लाइन ऑफ क्रेडिट) और 10 करोड़ डॉलर की अनुदान राशि शामिल है। विदेश मंत्री ने श्रीलंका के विदेश मामलों के मंत्री विजिता हेराथ के साथ भी बैठक की, जिसमें सहायता को शीघ्रता से पहुंचाने और देश की पुनर्निर्माण प्राथमिकताओं पर चर्चा भी की गई। डा. जयशंकर ने कहा कि मोदी के विशेष दूत के रूप में और राष्ट्रपति के लिए संदेश लेकर हम उनसे मिले। चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री का जो पत्र मैंने सौंपा है, वह भारत की 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' भूमिका को आगे बढ़ाता है और 45 करोड़ डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज की प्रतिबद्धता जताता है।



■ चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में मदद के लिए नई दिल्ली ने बढ़ाए हाथ

